धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर बनारस गंगा आरती के तर्ज पर महाआरती करते बनारस से आये पुरोहित। (फोटो : समीर)

## महागौरी



श्वेते वृषे समारूढ़ा
श्वेतांबर धरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यात्
महादेव प्रमोददा।।

मां दुर्गा आठवां स्वरूप महागौरी है। कठोर तपस्या के माध्यम से मां ने महान गौरव प्राप्त किया था, इसलिए मां के इस रूप में महागौरी कहलायीं। मां दुर्गाजी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनका वर्ण पूर्ण रूप से गौर है। इनकी गौरता की उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गयी है। इनके समस्त वस्त्र और आभूषण आदि भी श्वेत हैं। इनकी चार भुजाएं हैं। इनका वाहन वृषभ है। इनका दाहिना हाथ अभय मुद्रा में और नीचे वाला दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपर वाले बायें हाथ में डमरू और नीचे के बायां हाथ वर मुद्रा है। इनकी मुद्रा शांत है। मां महागौरी को नारियल चढ़ाकर जीवन में उत्तरोतर सफलता प्राप्त की जा सकती है।

# माई के आरती उतार हो...




## धरा पर उतर आया स्वर्गलोक

- मां के दर्शन पाकर निहाल हो रहे हैं भक्त, पूरा झारखंड भक्तिमय
- मेला जरूर जायें, पर सावधानी भी बरतें, बच्चों का विशेष ख्याल रखें

...या देवी सर्वभूतेषु
लक्ष्मीरूपेण संस्थिता
नमस्तस्यै नमस्तस्यै
नमस्तस्यै नमो नमः।।

**खबर मन्त्र प्रमुख संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के तमाम शहरों में दुर्गोत्सव का माहौल चरम पर चरम पर है। भव्य पंडालों में विराजमान मां दुर्गा के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। माता की तेजोमय आभा का दर्शन कर श्रद्धालु निहाल हो रहे हैं। मां भवानी भी भक्तों पर कृपा बरसा रही हैं। हर तरफ उत्सवी माहौल से मानो रांची की धरा पर स्वर्गलोक उतर आया है। भव्य पंडालों में विराजमान मां दुर्गा के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। माता की तेजोमय आभा का दर्शन कर श्रद्धालु निहाल हो रहे हैं। खाली हाथ पहुंचे श्रद्धालुओं को सिर्फ मां का आशीष चाहिए। ऐसे वातावरण में हर कोई खो जाना चाहता है। माता के जयकारे और सुबह-शाम घरों से आरती व घंटी की ध्वनि वातावरण को भक्तिमय बना रही है।

पंडालों के थीम सबका मन मोह रहे हैं। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार की शाम आयोजित भव्य गंगा आरती ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी लाइट आकर्षित कर रही है। पंडाल परिसर ढाकी, ढोल, घंटी और शंख की ध्वनि से गूंज रहे हैं। शनिवार को मां कालरात्रि की पूजा भव्य और धूमधाम से हुई। भक्त गदगद हैं कि इन आकर्षक स्थलों को पंडालों के रूप में देखकर मन की मुराद पूरी हुई। इस साल षष्ठी से ही मंदिरों और पंडालों में भक्तों का तांता लगा हुआ है।

शनिवार को राजधानी की सड़कों पर दर्शनार्थियों का रेला रहा। श्रद्धालु देर रात तक एक पंडाल से दूसरे पंडाल जाकर माता का दर्शन करते रहे। इसके बाद लोग मेला का भी जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। सबसे ज्यादा भीड़ बकरी बाजार, राजस्थान मित्र मंडल, रातू रोड आरआर स्पोर्टिंग क्लब, सत्य अमर लोक, हरमू पंच मंदिर, बांधगाड़ी में देखी गई। इनके अलावा इन जगहों के पंडाल भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। कोकर में हाथी की सूंड भक्तों को कर रही आकर्षित। इस बार मां हाथी पर सवार होकर आयी हैं, इसलिए कोकर दुर्गा पूजा कमेटी पंडाल को हाथी का स्वरूप दिया गया है। मोरहाबादी स्थित गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का प्रारूप प्राचीन मंदिर का है, जो सबको आकर्षित कर रहा है। पंडाल को सब्जियों के बीज से बनाया गया है। सत्य अमर लोक दुर्गा पूजा समिति हरमू रोड ने मारवाड़ी भवन में काल्पनिक बौद्ध मंदिर का प्रारूप बनाया है। मां की 18 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गयी है। ज्योति संगम श्री दुर्गा पूजा समिति, मारवाड़ी हाइस्कूल अपर बाजार के पंडाल को डोकरा कला के थीम पर बनाया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### गौरी पूजन का महात्म्य

नवरात्रि के आठवें दिन मां दुर्गा की आठवीं शक्ति महा गौरी की पूजा की जाती है। मां गौरी अत्यंत सौम्य और दयालु माता की पूजा-उपासना धन-धन्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति के लिए की जाती है। इस बार अष्टमी तिथि 21 अक्टूबर को रात 09 बजकर 53 मिनट पर प्रारंभ होगी और 22 अक्टूबर को रात 07 बजकर 58 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि मान्य होने के कारण अष्टमी व्रत 22 अक्टूबर 2023 को रखा जाएगा। और 23 को नवमी का पूजन किया जाता है। अष्टमी कन्या पूजन तिथि आरंभ शनिवार, 21 अक्टूबर 2023, रात्रि 9:53 बजे। अष्टमी कन्या पूजन तिथि समाप्त रविवार, 22 अक्टूबर 2023, शाम 7:59 बजे। नवमी कन्या पूजन तिथि प्रारंभ रविवार, 22 अक्टूबर, शाम 7:58 बजे। नवमी कन्या पूजन तिथि समाप्त, सोमवार, 23 अक्टूबर, शाम 5:44 बजे। शुभ मुहूर्त सुबह 10:41 बजे और 12:10 बजे।

### हरियाणा में जलेगा देश का सबसे बड़ा रावण

हरियाणा में देश का सबसे बड़ा 171 फीट का रावण देश में सबसे बड़े रावण का दहन हरियाणा के पंचकूला में किया जायेगा। रावण के इस पुतले की ऊंचाई 171 फीट है और इसे बनाने में करीब 20 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इस बार दशहरा 24 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। यहां लोग बड़ी तादाद में आकर इस क्षेत्र के सबसे बड़े रावण दहन का इंतजार कर रहे हैं। पूरे देश में इससे बड़ा पुतला कहीं भी नहीं है। इस पुतले को क्रेन के सहारे खड़ा किया गया है। इसे बनाने की तैयारी पिछले 3 महीनों से 25 कारीगर कर रहे हैं। इसमें करीब 25 क्विंटल लोहा और सैकड़ों बंद के टुकड़ों का इस्तेमाल किया गया है।

### खबर मन्त्र अपील

**मां भगवती** के भक्त पूजा पंडाल में दर्शन-पूजन करने जरूर जायें, पर सावधानी भी बरतें। सोना या अन्य कीमती जेवरात पहन कर मेले में जाने से बचें। प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन का जरूर पालन करें। अपने साथ चल रहे बच्चों पर विशेष नजर रखें, कहीं आपका लाडला मेले में खो न जाये। ऐसे में जरूरी है कि बच्चों की जेब में टेलीफोन नंबर सहित पूरा पता लिखा पर्चा जरूर रखें। मेले में नकली या मिलावटी खाद्य पदार्थों की भी बिक्री कुछ असामाजिक तत्व कर रहे हैं, इस पर विशेष ध्यान दें। अपनी जेब पर नजर रखें, सावधानी हटते ही मेले में घूम रहे पाकेटमार आपका पर्स उड़ा सकते हैं। रोड पर जहां-तहां गाड़ी खड़ी नहीं करें। प्रशासन या पंडाल समिति की ओर से तय स्थानों पर ही अपनी गाड़ी खड़ी करें।

## न्यूज डायरी

### दाहू के भाई सुनील के खिलाफ आरोप दायर

**रांची।** इडी ने साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले के आरोपित दाहू यादव के भाई सुनील यादव के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दी है। आरोप पत्र ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दाखिल की गयी है।

### स्नाइपर फायरिंग में एक जवान जख्मी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात पाकिस्तान की ओर से की गयी स्नाइपर फायरिंग में सेना का एक जवान घायल हो गया। घायल सौरव कुमार को श्रीनगर में सेना के 92-बेस अस्पताल में लाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर हादसे में पलामू के पांच की मौत

## सभी लोग हुसैनाबाद थाना जपला कचरा गांव के थे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी। तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के शिकार हुए सभी लोग पलामू के थाना हुसैनाबाद के जपला कचरा गांव के रहने वाले थे। दुर्गा पूजा के मौके पर दिल्ली से अपने घर लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार वाहन में कुल आठ लोग सवार थे, जिसमें से पांच की मौके पर ही मौत हो गयी। घायलों को कैलाश अस्पताल, जेवर में भर्ती कराया गया है।

### मृतकों के नाम

हादसे में रामप्रीत बैठा के पुत्र उपेंद्र बैठा (38), बिजेंद्र बैठा (36), बिजेंद्र बैठा की पत्नी कांति देवी (30) और पोती ज्योति (12) के साथ चालक कामत बैठा (45) ने भी दम तोड़ दिया। घायलों में सूरज (16), आयुष (8), आर्यन (10) हैं। सभी जेजे कॉलोनी फेस-3 मदनपुर खादर थाना कालिंदी कुंज साउथ दिल्ली में रहते थे। जानकारी के अनुसार ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाना इलाके में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार देर रात यह हादसा हुआ। उनकी इको कार को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सभी यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते दिल्ली से पलामू के लिए निकले थे। लिए इको कार से जा रहे थे। इस घटना के बाद परिवार में मातम छाया हुआ है। रो-रो कर सबका बुरा हाल है। पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही अज्ञात वाहन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## पाक में मसूद अजहर का करीबी दाऊद ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक और खूंखार आतंकी दाऊद मलिक मारा गया। वह भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी मसूद अजहर का करीबी था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में उसकी हत्या की गयी। जानकारी के अनुसार अज्ञात लोगों ने उसपर गोली बारी की जिससे उसकी मौत हो गयी। इस घटना के बाद से पाकिस्तान में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार दाऊद मलिक लश्कर-ए-जब्बार के संस्थापक सदस्यों में से एक था। वह कई बड़े आतंकी हमलों की साजिश में शामिल था। पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार शुक्रवार सुबह उत्तरी वजीरिस्तान के मिराली इलाके में नकाबपोशों ने उसे गोली मार दी।

**गगनयान : अंतरिक्ष में मानव मिशन की ओर इसरो की लंबी छलांग**

# लांचिंग टेस्ट सफल, क्रू मॉड्यूल को समंदर में उतारा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) गगनयान मिशन की पहली टेस्ट फ्लाइट का शनिवार को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण कर इतिहास रच दिया। शनिवार सुबह 10 बजे इसरो ने गगनयान मिशन के क्रू मॉडल को सफलतापूर्वक लॉन्च कर लिया है। इसरो को यह सफलता दूसरे प्रयास में मिली है। पहले इसे शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे इसके प्रक्षेपण की कोशिश की गयी थी लेकिन तकनीकी करणों के कारण इसे टालना पड़ गया। इसरो चीफ सोमनाथ ने ट्विट करके बताया कि 10 बजे के करीब दूसरे प्रयास बड़ी सफलता मिली। गगनयान के पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन -1 (टीवी-डी1) को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया। इस व्हीकल ने 17 किमी की उंचाई से क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम को छोड़ दिया। (शेष पेज 11 पर)

### टेस्ट के आधार पर गगनयान कार्यक्रम



इसरो ने एकल-चरण तरल प्रणोदक वाले रॉकेट के इस प्रक्षेपण के जरिये मानव को अंतरिक्ष में भेजने के अपने महत्वाकांक्षी कार्यक्रम गगनयान की दिशा में आगे कदम बढ़ाया। इसरो का लक्ष्य तीन दिनों के गगनयान मिशन के लिए मानव को 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष में भेजना और फिर उसे पृथ्वी पर सुरक्षित वापस लाना है। इसरो ने शुक्रवार को कहा था कि इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष परीक्षणों और मानवरहित मिशन के लिए आधार तैयार करेगी, जिससे पहला गगनयान कार्यक्रम शुरू होगा।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# मां उग्रतारा नगर मंदिर में होती है 16 दिवसीय शारदीय पूजा

## फूल गिरते ही मनोकामना पूर्ति का संकेत देती हैं मां

**राजेश प्रसाद**

**लातेहार।** चंदवा प्रखंड के नगर ग्राम स्थित प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर में 16 दिवसीय शारदीय दशहरा पूजा की अनूठी परंपरा सदियों से चली आ रही है। मंदिर की खास बात यह है कि यहां पर 16 दिवसीय शारदीय पूजा आयोजित होती है। मां की पूजा भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। महाविद्या के इस मंदिर में फूलों के आश्चर्यजनक ढंग से गिरने तथा मनोकामना पूर्ति के बीच अटूट संबंध किसी नास्तिक के हृदय में भी आस्तिकता की भावना जागृत करने में सक्षम है।



**फूल गिरना कामना पूर्ण होने का संकेत :** मंदिर के सेवायत मुंतजिमकार पंडित गोविंद बल्लभ मिश्र ने बताया कि प्रकृति की गोद में अवस्थित नगर का मां उग्रतारा देवी मंदिर अपने महात्म्य के कारण पूरे श्रद्धा का केंद्र है। (शेष पेज 11 पर)

### खास है पूजा पद्धति

इस मंदिर में बाहरी पकवान या लड्डू का भोग सर्वथा वर्जित है। मंदिर कार्य में नियुक्त व्यक्ति द्वारा ही निर्मित पकवान भोग चढ़ाये जाते हैं। देवी के प्रसाद के स्वरूप मिश्री, गुड़ एवं फल अर्पित किये जा सकते हैं। मंदिर में दैनिक पूजा सूर्योदय के एक घंटे पश्चात देवी श्रृंगार एवं आरती से प्रारंभ होती है। दोपहर में कच्ची भोग के पश्चात देवी शयन करती हैं, तब मंदिर का पट बंद रहता है। शाम में सूर्यास्त के थोड़ी देर पहले संध्या आरती के लिए मंदिर के पट खुलते हैं। आरती के पश्चात बंद हो जाते हैं। मंदिर में रविवार और भाद्रपद मास को छोड़कर सभी दिन बलि चढ़ायी जाती है।

# कोडरमा : फुचका और चाट खाने से 77 बीमार

## ठेलावाला गिरफ्तार, ड्यूटी से गायब थे डॉक्टर, हंगामा

- सीएस को शोकॉज, प्रभारी डीएस हटाये गये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** लोकाई स्थित गोसाईं टोला और बलरोटांड़ में फूड प्वाइजनिंग शनिवार को फूड पॉइजनिंग का मामला प्रकाश में आया है। 77 से अधिक महिला और बच्चे बीमार हो गये हैं। सदर अस्पताल में सभी का इलाज चल रहे है। जानकारी मिलते ही उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं एसपी अनुदीप सिंह ने अस्पताल जा कर बीमार लोगों का जायजा लिया। अस्पताल में डाक्टरों के नहीं रहने से परिजनों ने हंगामा किया। डाक्टर के नहीं रहने से इलाज में देरी भी हुई। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को देखते हुए डीसी के आदेश पर प्रभारी डीएस (उपाधीक्षक) डॉ मनोज कुमार को उनके पद से हटा दिया गया है। डीसी ने सिविल सर्जन सीएस डॉ अनिल कुमार को शोकाज किया है। (शेष पेज 11 पर)

## खबर एक नजर में

### झारखंड में मिले डेंगू के 7 नये मरीज

**रांची।** झारखंड में डेंगू के 7 मरीज मिले हैं। शनिवार को राज्य भर में 96 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें सबसे ज्यादा दुमका में संदिग्धों की संख्या 30 है। हालांकि जांच के बाद किसी भी मरीज में डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है। धनबाद में 2, हजारीबाग में 3 और पश्चिमी सिंहभूम में 2 डेंगू के मरीज मिले हैं। वहीं चिकनगुनिया के भी 16 संदिग्ध मरीज मिले। सभी देवघर जिले के हैं। हालांकि जांच के बाद किसी में भी चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है।

### राज्य की गठबंधन सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में दुष्कर्म के आंकड़ों को लेकर हेमंत सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ट्विट कर कहा कि जो कुकर्मियों का संरक्षक बन बैठा है, जिसने नारियों के सम्मान, अभिमान और पहचान को ठेस पहुंचाई है ऐसी सरकार को अब सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आधिकारिक आंकड़े के अनुसार वर्ष 2020 में दुष्कर्म की कुल 1794 घटनाएं हुईं। 2021 में 1617 और 2022 में 1612 दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। इन तीन वर्षों के दौरान झारखंड में औसतन पांच महिलायें प्रतिदिन दुष्कर्म का शिकार हुईं। इस सरकार ने अपराधियों और बलात्कारियों को संरक्षण देना उचित समझा है।

### गढ़वा के चिनिया में 11 करोड़ रुपये से हो रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण

**रांची।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन राज्य योजना से गढ़वा जिले के चिनिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण शुरू किया जा रहा है। इसके निर्माण पर 11 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना के लिए 98 लाख 36 हजार 698 रुपए का आवंटन किया गया है। आवंटित राशि से भवन की निर्माण की जाएगी। आवंटित राशि की निकासी और व्ययन पदाधिकारी सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार होंगे, जबकि संपूर्ण राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। रांची कोषागार से राशि की निकासी की जाएगी।

### आदिवासियों के उन्नयन को लेकर लालू प्रसाद से मिले बंधु तिर्की



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शनिवार को पटना में राजद सुप्रीमो लालू यादव से मिले। मुलकात के बाद बंधु तिर्की ने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने उन्हें भरोसा दिलाया कि बिहार में आदिवासियों के सांस्कृतिक एवं पौराणिक धरोहर, प्रागैतिहासिक काल के रोहतासगढ़ किले के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए बिहार सरकार हर संभव उपाय करेगी। पर्यटन मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव इस मामले को लेकर गंभीर हैं। बिहार में रहनेवाले आदिवासियों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन और आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए भी प्रभावी उपाय किये जायेंगे। मालूम हो कि लालू यादव के आमंत्रण पर बंधु तिर्की शनिवार को पटना में राजद अध्यक्ष श्री यादव से उनके आवास पर मुलाकात की। भेंट के दौरान श्री तिर्की ने कहा कि झारखण्ड में सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में सत्तादारी गठबंधन के सभी घटक दल एक-दूसरे के साथ बेहतर सामंजस्य के साथ काम कर रहे हैं। श्री तिर्की ने बताया कि लालू यादव के साथ बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि छठ महापर्व के तत्काल बाद आदिवासी नेताओं का एक दल बिहार के पर्यटन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ रोहतासगढ़ का दौरा कर वहाँ के विकास तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के संदर्भ में विचार विमर्श करेगा।

## शराब घोटाला मामले में योगेंद्र तिवारी को लेकर झामुमो और भाजपा में नोंक-झोंक

# योगेंद्र तिवारी का बैंक ट्रांजेक्शन खंगाले इडी भाजपा का आ जायेगा असली चेहरा : झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि इडी शराब माफिया योगेंद्र तिवारी के बैंक ट्रांजेक्शन को ठीक से खंगालेगी, तो भाजपा का असली चेहरा सामने आ जाएगा। तिवारी का भाजपा के किस-किस नेता से संबंध था, यह भी सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि योगेंद्र तिवारी तो छोटा सा प्यादा है। उसके भ्रष्टाचार के पीछे कई बड़े-बड़े लोग शामिल हैं। जांच वहां से होनी चाहिए जहां से योगेंद्र तिवारी का कारोबारी जगत में जन्म हुआ था। कैसे कंपनी बनी, जमीन हड़पी गई और तिवारी का शराब के धंधे में प्रवेश हुआ।

सुप्रियो ने आरोप लगाया कि भाजपा के एक बड़े नेता से तिवारी के संबंध हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी का भी नाम उस कंपनी में था। सुप्रियो भट्टाचार्य झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे।

### शराब मामले की एसआइटी जांच कराये सरकार




सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि योगेंद्र तिवारी के भ्रष्टाचार में भाजपा के कई लोग शामिल हैं, लेकिन इस मामले में हेमंत सरकार के खिलाफ नैरेटिव सेट करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने हेमंत सरकार से इस मामले की एसआईटी जांच कराने की मांग की। कहा कि एसआईटी का गठन कर सरकार इस पूरे मामले और साजिशकर्ता को बेनकाब करे। यह सामने आना चाहिए की आखिर शराब के खेल में कौन-कौन शामिल है और उसमें भाजपा के वर्तमान से लेकर कितने पूर्व विधायक शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आ जाएगी कि किस-किस सरकार के कार्यकाल में क्या-क्या हुआ।

### योगेंद्र तिवारी भी प्रेम प्रकाश जैसे सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार का सरगना

### झारखंड में छत्तीसगढ़ से भी बड़ा शराब घोटाला : कुणाल षाड़ंगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने शनिवार को राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि योगेंद्र तिवारी की गिरफ्तारी से राज्य सरकार के सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार की कई परतें खुलेंगी। योगेंद्र तिवारी भी प्रेम प्रकाश सहित अन्य सत्ता दलालों की तरह ही भ्रष्टाचार का सरगना है। आखिर योगेंद्र तिवारी द्वारा कई मेल मैसेज को डिलीट किया जाना भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी होने का ही संकेत करता है। उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा कि आखिर तीन साढ़े तीन वर्षों से राज्य सरकार ने योगेंद्र तिवारी पर मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं की। झारखंड का शराब घोटाला छत्तीसगढ़ शराब घोटाला से भी बड़ा साबित होगा।

कुणाल षाड़ंगी ने झामुमो प्रवक्ता से सवाल करते हुये कहा कि योगेंद्र तिवारी मामले में एसआईटी गठित करने से पहले एफआईआर दर्ज करने की मांग क्यों नहीं करती है। उन्होंने कहा कि आखिर योगेंद्र तिवारी को शराब का ठेका किसने दिया।

### योगेंद्र तिवारी मामले में हो एसआइटी का गठन : प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा शुरू से कह रही है कि योगेंद्र तिवारी मामले में एसआईटी का गठन हो। इस पर भी जांच हो कि सत्ताधारी दल के किस बड़े नेता के आशीर्वाद से उन्हें पूरे प्रदेश में शराब का ठेका पर एकाधिकार मिल गया है। लेकिन, सरकार इस मुद्दे पर खामोश रही है। अपने ट्वीट में उन्होंने स्पष्ट करते हुये कहा कि भाजपा के बड़े नेताओं ने स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है।

## रांची के अपर बाजार और मेन रोड के खाद्य प्रतिष्ठानों में चला जांच अभियान

# मेले में संभल कर खाएं, स्टॉलधारक परोस रहे मिलावटी पनीर के आइटम

**ऑन स्पॉट फूड टेस्टिंग लैब में की गयी जांच, दिवाली तक चलेगा अभियान**

**3 किलो चाट- छोला, 2 किलो आलू चॉप और 6 किलो पनीर गुणवत्ता युक्त नहीं पाये गये**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी रांची के नेतृत्व में अपर बाजार और मेन रोड के खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य सामग्रियों की जांच की गयी। बकरी बाजार के पंडाल में लगे फूड स्टॉल की भी जांच की गयी। खाद्य पदार्थों का आन स्पॉट जांच मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब द्वारा कराया गया। इस दौरान 3 किलो चाट- छोला, 2 किलो आलू चॉप और 6 किलो पनीर गुणवत्ता युक्त नहीं पाए गए, जिसके बाद इन्हें नष्ट कराया गया। इस दौरान दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि केवल फूड कलर का इस्तेमाल करेंगे और सही पनीर बेचेंगे। सभी स्ट्रीट फूड वेंडर्स को अपनी खाद्य सामग्री को ढंक कर रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही किसी भी प्रकार के हानिकारक केमिकल और रंगों का इस्तेमाल नहीं करने की चेतावनी दी गयी।

### लाइसेंसधारी वेंडर से दूध, खोवा और घी लेने का निर्देश

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन ने सभी स्टॉल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई दुकानदार अपने यहां इस्तेमाल होने वाले दूध, खोवा,घी और अन्य सामग्री को लाइसेंसी फूड वेंडर से ही लें। साथ में उसका बिल भी दुकान में रखें। जांच के दौरान मिलावटी चीजों को नष्ट किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि त्योहार के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत बढ़ जाती है। इसलिए नियमित रूप से इस प्रकार के जांच अभियान चलाए जाते हैं। दिवाली तक इस अभियान को लगातार चलाया जाएगा।

## संदर्भ : रांची मास्टर प्लान मामला

# अब 30 अक्टूबर तक नगर निगम को दें सुझाव व आपत्ति

**8 नवंबर को होगी जनसुनवाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम रांची मास्टर प्लान 2037 (अधिसूचित) को फाइनल करने में लगा है। इसके लिए उसकी ओर से आपत्ति और सुझाव मांगे गए थे, जिसे 30 अक्टूबर तक लिये जायेंगे। इस पर 10 जनवरी तक जन सुनवाई भी की गई। जनसुनवाई के दौरान कई लोगों द्वारा नये सुझाव भी दिए गए। आपत्ति भी दर्ज कराई गई। अब इसका निष्पादन किए जाने की तैयारी नगर निगम ने की है। रांची नगर निगम के अपर प्रशासक की ओर से आम सूचना जारी करते बताया गया है कि रांची मास्टर प्लान 2037 (अधिसूचित) में कोई आपत्ति, सुझाव हो तो 30 अक्टूबर तक निगम कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं। इस डेट के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। सुझाव भी नहीं लिए जाएंगे। 30 अक्टूबर तक मिले आपत्ति और सुझाव के बाद निगम की ओर से इस पर 8 नवंबर को निगम कार्यालय में जनसुनवाई की जाएगी। अपर प्रशासक की ओर से अपील करते कहा गया है कि 8 नवंबर को दोपहर 2 बजे निगम कार्यालय में लोग उपस्थित हों ताकि मास्टर प्लान पर आपत्ति, सुझाव का निराकरण किया जा सके।

# पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने दी चेतावनी कहा- परिवार के साथ करेंगे सामूहिक आत्मदाह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के लगभग 18,000 पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक सेवा स्थायीकरण सहित विभिन्न मांगों के समर्थन में बीते 107 दिनों से अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। राजभवन के सामने आंदोलन कर रहे इन स्वयंसेवकों ने कहा कि अब तक सरकार का कोई प्रतिनिधि वार्ता करने के लिए आगे नहीं आया है। इससे स्पष्ट होता है कि राज्य में कैसी सरकार चल रही है। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि हमारी सिर्फ पांच मांगें हैं, जिसे पूरा करने में सरकार को कोई परेशानी नहीं है बावजूद सरकार पंचायत सचिवालय स्वयं सेवकों के साथ उदासीन है। हम पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को नियमित मानदेय देने की बात कर रहे हैं। हम इस पद का नाम बदलकर स्वयंसेवक के स्थान पर पंचायत सहायक रखने की बात कर रहे हैं। हम मुख्यमंत्री से वार्ता करने की बात कर रहे हैं, मगर इन सारी बातों पर सरकार के कोई भी आला अधिकारी सुधि लेने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक के द्वारा अब तक डेढ़ सौ आवेदन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजा गया है ताकि मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बातों को रख सकें। इसके लिए समय की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें समय नहीं मिला है। स्वयंसेवकों का कहना है कि एक तरफ लोग दुर्गा पूजा मना रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर सरकार के रवैये से हम आंदोलन करने को विवश है। सरकार बार-बार पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को ठग रही है। ऐसे में यह आंदोलन जारी रखना हमलोगों के लिए मजबूरी है। हालत यही रही तो दीपावली और छठ भी सड़क पर ही मनेगी। यदि हालात ऐसे रहे तो हम सभी पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक परिवार के साथ राजभवन के समक्ष आत्मदाह करने को विवश हो जाएंगे।

# कंपनी के निदेशक रहते चेक साइन किया, इस्तीफा देने के बाद बाउंस हुआ तो भी वही जिम्मेवारः कोर्ट

**रुद्र स्टील प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों के खिलाफ क्रिमिनल रिट दाखिल की गयी थी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने के खिलाफ दाखिल याचिका पर फैसला सुनाया। अपने फैसले में हाईकोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि किसी कंपनी से निदेशक पद के इस्तीफे से कोई स्वचालित रूप से कानूनी जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो जाता, खासकर तब, जब चेक उनके द्वारा साइन किया गया हो।

दरअसल रुद्र स्टील प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द करने के विरोध में हाईकोर्ट में दो क्रिमिनल रिट दाखिल की गयी थी, जिसमें कहा गया था कि प्रमोद शंकर दयाल और कृष्णा सिंह ने 11 लाख 90 हजार का चेक जारी किया था, जो अपर्याप्त धनराशि के कारण बाउंस हो गया।

इसके बाद दोनों को लीगल नोटिस भेजा गया था, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया. दोनों याचिकाकर्ता के चेक के हस्ताक्षरकर्ता थे और उनकी स्थितियां समान थीं। इसलिए अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही नहीं रोकी जायेगी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता एके कश्यप और प्रवीण शंकर दयाल ने पक्ष रखा। वहीं राज्य सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रिया श्रेष्ठ ने पक्ष रखा।

## टेट पास शिक्षकों ने घेरा राजद कार्यालय, मंत्री से वार्ता के बाद हटे, कहा

# अब याचना नहीं रण होगा की तर्ज पर प्रदेश के शिक्षक करेंगे उग्र आंदोलन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पिछले 61 दिनों से राजभवन के समीप आमरण अनशन पर बैठे टेट सफल सहायक अध्यापकों ने शनिवार को राजद प्रदेश कार्यालय का घेराव किया। इसमें चतरा और लातेहार के टेट पास सहायक अध्यापकों ने राजद कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगायी। संघ के प्रदेश संरक्षक सह सदस्य प्रमोद कुमार ने बताया कि सरकार अपने वादे से मुकर रही है। महाधिवक्ता की स्पष्ट वेतनमान की राय के साथ साथ एनसीटीई के सभी गाइड लाइन को पूरा करने के बावजूद बीते 61 दिनों से सहायक अध्यापक आमरण अनशन पर हैं। प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय ने कहा कि टेट सफल सहायक अध्यापकों को जब तक वेतनमान नहीं मिल जाता है, तब तक इस बार आंदोलन से उठने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अब याचना नहीं रण होगा के तर्ज पर आंदोलन को उग्र किया जायेगा।

घेराव के बाद राजद के युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव एवं उपाध्यक्ष अनिता यादव टेट पास पारा शिक्षकों के बीच आये और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से फोन पर बात करायी। मंत्री ने पारा शिक्षकों को आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री को वेतनमान देने के लिए दबाव बनाएंगे।

# पुलिस संस्मरण दिवस : झारखंड पुलिस ने वीर शहीद जवानों के बलिदान को किया याद, श्रद्धांजलि देकर किया नमन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य और देश की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले वीर शहीद जवानों की याद में शनिवार को संस्मरण दिवस मनाया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। जैप वन ग्राउंड में डीजीपी अजय कुमार सिंह सहित कई पुलिस अधिकारियों ने शहीद जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि शहीद होने वाले पुलिसकर्मी हमेशा ही कर्तव्यपथ पर बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि इस दिन सिर्फ और सिर्फ शहीदों को याद करना चाहिए और उनके परिवार वालों की मदद कैसे की जाये, इस दिशा में भी सोचना चाहिए।

**इसलिए मनाया जाता पुलिस संस्मरण दिवस** : 21 अक्टूबर 1959 को भारत के लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में चीनी सेना के आक्रमण में सीआरपीएफ अधिकारी कर्म सिंह अपने 20 साथियों के साथ शहीद हुए थे। इसके बाद से हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस संस्मरण या स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस दौरान पिछले एक साल में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है।



### साढ़े पांच साल में झारखंड में 36 जवान हुए शहीद

झारखंड में पिछले साढ़े पांच साल में 671 नक्सल घटनाएं हुई हैं। इन नक्सल घटनाओं में नक्सलियों से ज्यादा आम लोग मारे गये हैं। जनवरी 2018 से लेकर अगस्त 2023 तक नक्सलियों ने 125 आम लोगों की हत्या कर दी। वहीं नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे हैं अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 92 नक्सलियों को मार गिराया। दूसरी ओर इस मुठभेड में 36 जवान भी शहीद हुए हैं। इस साल नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान पांच जवान शहीद हुए। जिनमें चार जवान और एक पुलिस पदाधिकारी शामिल है।

**पारा मिलिट्री फोर्स और विभिन्न राज्यों के पुलिस बल के कुल 188 जवान शहीद** : 14 अगस्त की रात नक्सलियों द्वारा घात लगाकर किये गये हमले में कोबरा बटालियन के सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और सिपाही गौतम शहीद हो गये थे। जबकि 11 अगस्त को सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल निशांत शहीद हुए थे। इस वर्ष झारखंड पुलिस को सबसे ज्यादा नुकसान कोल्हान में उठाना पड़ा है। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर पांचों वीर शहीदों को याद कर नमन किया गया। वहीं इस साल देश के पारा मिलिट्री फोर्स और विभिन्न राज्यों की पुलिस बल के कुल 188 पदाधिकारियों और जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए हैं।

### झारखंड जगुआर में मनाया गया पुलिस संस्मरण दिवस, जवानों ने किया रक्तदान

रांची। टेंडर ग्राम स्थित झारखंड जगुआर कैंप में शनिवार को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया। इस दौरान जवानों ने रक्तदान कर 37 यूनिट संग्रह किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आईजी अभियान होमकर अमोल विनुकांत, डीआईजी इंद्रजीत महथा के द्वारा झारखंड जगुआर के शहीद स्थल पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर झारखंड जगुआर द्वारा मुख्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड जगुआर के कार्मिकों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया गया और कुल 37 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

## गृह विभाग ने प्रतिनियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी की

# त्योहारों में विधि व्यवस्था के लिए जिलों में 24 आइएएस और आइपीएस की हुई प्रतिनियुक्ति

**दुर्गा पूजा, दीपावली, काली पूजा तथा छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों को लेकर राज्य सरकार ने की पहल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा दीपावली काली पूजा तथा छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहार को देखते हुए राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 24 अधिकारियों और भारतीय पुलिस सेवा के 24 पदाधिकारी को विधि व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द्र बनाएं रखने के लिए जिला आवंटन करते हुए प्रतिनियुक्ति की है। इस संबंध में गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। जिले के उपायुक्त वरीय पुलिस अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश भी देंगे।

### इन आइएएस, आइपीएस को यह जिला मिला

सचिव पर्यटन मनोज कुमार अपर महानिदेशक संचार आरके मलिक रांची की विधि विधि व्यवस्था संभालेंगे। पेयजल सचिव मनीष रंजन पुलिस महानिरीक्षक मानव अधिकार अखिलेश कुमार झा जमशेदपुर, राहुल कुमार पुरवार सचिव उच्च शिक्षा अपर पुलिस महानिदेशक प्रिया दुबे हजारीबाग, सचिव जल संसाधन प्रशांत कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक मुरारी लाल मीणा धनबाद, सचिव अमिताभ कौशल पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान, असीम विक्रांत गिरिडीह, सचिव पथ सुनील कुमार, तदाशा मिश्र बोकारो, सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग कृपानंद झा पुलिस महानिरीक्षक अमोल वीणुकांत पलामू, सचिव कृषि अबू बकर सिद्दीक, पुलिस उपमहानिरीक्षक संजय रंजन सिंह गढ़वा, निबंधन आईजी आदित्य आनंद, धनंजय कुमार सिंह साहिबगंज, भुवनेश प्रताप सिंह, शैलेंद्र प्रसाद बरनवाल गोड्डा, मुकेश कुमार अंबर लकड़ा दुमका, संजीव कुमार बेसरा सुरेंद्र कुमार झा कोडरमा, अरवा राजकमल, माइकल राज चाईबासा, अमित कुमार, प्रभात कुमार सरायकेला खरसावां, जितेंद्र कुमार सिंह, कार्तिक एस चतरा, राजेश्वरी बी ए विजयलक्ष्मी रामगढ़, फैज अहमद, कुसुम पूनिया, जामताड़ा, शशि प्रकाश झा, अश्विनी कुमार सिंह पाकुड़, कमलेश्वर प्रसाद सिंह मनोज कौशिक देवघर, भोर सिंह यादव , मनोरंजन किस्पोट्टा, लातेहार, शशि रंजन, शैलेंद्र कुमार सिंह गुमला, सुशांत गौरव डॉ शम्स तबरेज सिमडेगा, सूरज कुमार, संध्या रानी मेहता खूंटी सुश्री आकांक्षा रंजन, इंद्रजीत मेहता लोहरदगा।

स्पीड न्यूज

## पटमदा के विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचे विधायक मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** सप्तमी के शुभ अवसर पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शनिवार को पटमदा और जमशेदपुर प्रखंड क्षेत्र के श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गोबरघुसी, सिलीपहाड़ी, झुंजका, लच्छिपुर, चौरा, बांगुरदा, पटमदा बाजार, री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नारगा, पीपला, बड़ा बांकी, पोखरी के द्वारा निर्मित पूजा पंडाल में पहुंचे और मां के समक्ष माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना किए। विधायक ने वहां उपस्थित आयोजकों के साथ साथ क्षेत्र के लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक ने कहा कि मां दुर्गा का आशीर्वाद सदेव जुगसलाई विधानसभा वासी और झारखंड वासियों के ऊपर बना रहे यही कामना करता हूं। मौके पर प्रतिनिधि चंद्रशेखर टूडु, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपोदो महतो, ग्राम प्रधान अश्विनी सिंह सरदार, ग्राम प्रधान बेलु सिंह, ग्राम प्रधान दसरथ सिंह सरदार, ग्राम प्रधान समय सिंह, अश्विनी महतो, मानिक महतो, स्वपन महतो, मंटू महतो, सुदीप महतो, संजय सिंह, आशुदेव महतो, संदीप महतो, दयामय महतो, रामपोदो महतो, समर सिंह, सत्रुघन सिंह, सनोज अंसारी आदि कमिटी के सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने उपायुक्त को सीएम के नाम का सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने सुप्रीम कोर्ट के आलोक में हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति में पलामू के प्रतिभा को आहत करने के मामले को लेकर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया है। बीजेएम जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय ने कहा है कि झारखंड में चल रहे हाई स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में राज्य सरकार के विभागीय आदेश पर पलामू जिला में 24 लोगों का चयन किया गया है । इन 24 लोगों में 22 लोग उत्तर प्रदेश के 1 मध्य प्रदेश के और मात्र 1 अभ्यर्थी झारखंड का निवासी है। यह स्थानीय प्रतिभा का हनन है । ज्ञापन के माध्यम से जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड में होने वाली बहालियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने का मांग किया है। श्री पांडे ने पलामू में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर चयनित 24 लोगों में झारखंड खास कर पलामू वासियों का जो हक हनन हुआ है उसपर विचार कर झारखंड हित में सूची बनाने का अनुरोध किया है। उन्होंने यह भी कहा कि जब परीक्षाएं राज्य स्तर पर आयोजित होती हैं तो मेधा सूची भी राज्य स्तर पर बनाई जाए तथा झारखंड सरकार के द्वारा तय आरक्षण रोस्टर का पालन हो। श्री पांडे ने कहा कि हाई स्कूल शिक्षकों की मेधा सूची जिला स्तर पर बनाए जाने से बहुत सारे योग्य झारखंड वासियों का चयन नहीं हो पाया है। इसपर विचार करने का मांग किया है। साथ ही राज्य सरकार से विचार सकारात्मक निर्णय का अनुरोध किया है ताकि झारखंड राज्य और उसके निवासियों का भला हो सके। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष हरिनारायण प्रजापति, महामंत्री अरविंद पांडे, गोरख पाठक, राकेश शुक्ला, अमित दुबे, प्रेम रंजन तिवारी, रोहित मेहता, आदि लोग शामिल थे।

## यदि नाथ का नाम दयानिधि है, तो दया भी करेंगे कभी ना कभी

**मेदिनीनगर।** पढ़ाई का बड़ा ही महत्त्व है। बच्चों को जरूर पढ़ाइए। भगवान राम को भी पढ़ने के लिए गुरु के पास भेजा गया था। गुरु गृह गये पठन रघुराई। यह बात मेदिनीनगर स्थित बड़कागांव में हो रहे नवरात्र प्रवचन के छठे दिन वाराणसी से पधारे डॉ पुंडरीक शास्त्री ने कही। उन्होंने 'सा विद्या या विमुक्तये' की व्याख्या करते हुए कहा कि विद्या हमें मुक्ति दिलाती है। इसलिए सबका विद्या संस्कार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान बड़े ही दयालु हैं।

# टेल्को श्री श्री राममंदिर दुर्गा पूजा समिति ने सप्तमी के दिन की महामाई कालरात्रि की पूजा

## टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी ने आरती में भाग लिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्री श्री राममन्दिर दुर्गा पूजा समिति, टेल्को द्वारा महासप्तमी को वैदिक विधि से माँ दुर्गा की पूजा की गई। नवपत्रिका प्रवेश के साथ महासप्तमी के दिन विधिविधान से मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा की गई। पूजन के बाद, आरती और सामूहिक पुष्पांजलि की गई। पूरा मंदिर परिसर माता के जयघोष व ढाक बाजा से गुंजायमान रहा। मंदिर प्रांगण में भक्त व श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

सभी अनुष्ठान श्रीराममंदिर टेल्को के मुख्य पुरोहित जीवानंद मिश्रा व विनोद मिश्रा के देखरेख में हो रही है। इस अवसर पर राममन्दिर के सभी प्रतिनिधि व सदस्य उपस्थित रहे। इसके पूर्व श्रीराममंदिर दुर्गा पूजा समिति टेल्को द्वारा गत 20 अक्टूबर,दिन शुक्रवार को संध्या 7:30 बजे से शक्ति की देवी दुर्गा पूजा का विधिवत उद्घाटन षष्ठी पूजा बिलवाभिमन्त्रण (बेलभरनी) पूजा के साथ दीप प्रज्वलित कर व सामूहिक आरती के साथ हुआ।



महामाई काल रात्रि का पूजन करते पुजारीगण।



मां दुर्गा की आरती करते टाटा मोटर्स के रवींद्र कुलकर्णी, डीजीएम विवेकानंद सिंह व अन्य।

इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में रविन्द्र कुलकर्णी (प्लांट हेड टाटा मोटर्स), श्रीराममन्दिर के अध्यक्ष मानस मिश्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डी एस पी व संरक्षक कमल किशोर, समाजसेवी अरुण कुमार सिंह, विष्णुशंकर दीक्षित (वरीय प्रबंधक, टाटा मोटर्स), बि एन सिंह, के के मोदी, एल एन अवस्थी, केदारमल पलसानिया, सिद्धेश सिंह, टेल्को थाना प्रभारी नरेंद्र सिन्हा, संजय पलसानिया, ओमप्रकाश उपाध्याय उपस्थित हुये। सभी अथितियों का स्वागत राममंदिर समिति के महामंत्री चंद्रभान सिंह ने किया।

मंदिर समिति के ओर से सभी अथितियों को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। षष्टी पूजा(बेलभरनी पूजा) के साथ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर व नारियल फोड़ कर मां शक्ति की देवी दुर्गा पूजा का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर राममंदिर समिति के महामंत्री चंद्रभान सिंह,कृष्ण कुमार मिश्रा, बबन पाण्डेय, कमलेश्वर सिंह, नरेंद्र सिंह(हैप्पी), नंदलाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अरुण कुमार सिंह, राजेश भोजपुरिया, मनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार पाण्डेय, सुधीर कुमार सिंह, प्रहलाद सिंह, राजेश कुमार, विजय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, मनंजय पाण्डेय, अर्जुन चौबे, अभय पाण्डेय, भरत पाठक,रूबी दिवाकर, राजेश कुमार दास, दीपक कुमार, जय शंकर दूबे के अलावा मंदिर समिति के सभी प्रतिनिधि व सदस्य उपस्थित थे।

# रघुवर जी को राज्यपाल बनाया जाना गौरव की बात : बन्ना गुप्ता

### स्वास्थ्य मंत्री ने बधाई देते हुए कहा– रघुवर दास के रूप में ओडिशा राजभवन को एक निष्पक्ष नेतृत्व प्राप्त होगा

## नवमनोनीत राज्यपाल रघुवर दास से मिलने पहुंचे मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ओडिशा के राज्यपाल मनोनीत किये जाने पर जमशेदपुर के वरीय नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को बधाई देने उनके आवास पहुंचे राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड गठन के बाद संभवतः यह पहला अवसर है कि यहां के किसी विधायक को राज्यपाल का महत्ती दायित्व प्रदान किया गया है, यह ना केवल रघुवर जी बल्कि पूरे कोल्हान प्रमंडल एवं झारखंड प्रदेश के लिये गौरव का विषय है। उन्होंने बधाई देते हुये कहा कि रघुवर दास के रुप में ओडिशा राजभवन को एक निष्पक्ष नेतृत्व प्राप्त होगा। साथ ही रघुवर जी के लंबे राजनैतिक अनुभव का लाभ ओडिशा राज्य को प्राप्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह भारत के सुदृढ़ लोकतंत्र की खूबसूरती है जिसमें जनप्रतिनिधि पार्टी लाइन से ऊपर उठकर एक दूसरे का सम्मान करते हैं। आपको बता दें कि तमाम विरोधाभाषों को ताक पर रखते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता एवं ओडिसा के मनोनीत राज्यपाल रघुवर दास से मिलने उनके एग्रिको स्थित आवास पर पहुंचे थे।



ओडिशा के राज्यपाल मनोनीत होने पर रघुवर दास को गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन करते झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता।

इस दौरान दोनों नेताओं के बीच सामंजस्य और आत्मीयता देखते ही बन रही थी। इस अवसर पर कमल किशोर अग्रवाल, संदीप मुरारका, सन्नी संघी, कुलवंत सिंह बंटी, सतबीर सिंह सूमो, दिनेश कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## 36वीं अंडर 9 बालक व बालिका प्रतियोगिता 2 से 8 नवंबर तक



**जमशेदपुर।** जे आर डी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मे 36वे नेशनल अंडर 9 बालक और बालिका प्रतियोगिता का प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री शामिल हुए। '36वें राष्ट्रीय अंडर 9 बालक और बालिका की शतरंज चैंपियनशिप का शुभंकर 'दिरी' है। संताली में 'दिरी' रणनीतिक बुद्धि का प्रतिनिधित्व करता है, जो शतरंज के सार के साथ पूरी तरह मेल खाता है। दिरी, बाघ, खेल में आवश्यक ताकत और रणनीतिक कौशल का प्रतीक है। शिकार पर निकले एक बाघ की तरह, युवा शतरंज प्रेमी सोची-समझी चालों से बोर्ड पर कदम रखते हैं। दिरी की उपस्थिति युवा खिलाड़ियों को इस रोमांचक शतरंज में जीत का लक्ष्य रखते हुए, दृढ़ संकल्प और रणनीतिक फोकस के साथ चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती है। 36वे नेशनल अंडर 9 बालक और बालिका प्रतियोगिता मे पूरे देश भर से 500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।

## खबर एक नजर में

### नारायण आइटीआइ में याद किये गये बिहार केशरी श्री बाबू

**जमशेदपुर/चांडिल।** नारायण प्राइवेट प्राइवेट लुपुंगडिह चांडिल में बिहार के केसरी बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह (सिन्हा )की जयंती मनाई गई एवम उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडेय ने कहा कि श्री कृष्ण सिन्हा का जन्म 21 अक्टूबर 1887 को बंगाल प्रेसीडेंसी (अब शेखपुरा जिले का हिस्सा ) के मुंगेर जिले के बरबीघा के माउर गांव में एक भूमिहार परिवार में हुआ था । जब वह पांच वर्ष के थे, तब उनकी मां, जो एक विनम्र और धार्मिक विचारों वाली व्यक्ति थीं, की प्लेग से मृत्यु हो गई। उनकी शिक्षा गांव के स्कूल और मुंगेर के जिला स्कूल में हुई। 1906 में वे पटना कॉलेज में शामिल हुए , जो उस समय कलकत्ता विश्वविद्यालय का एक सहयोगी था । उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री और फिर पटना विश्वविद्यालय से कानून में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की और 1915 से मुंगेर में अभ्यास करना शुरू कर दिया कि श्री कृष्ण सिंह जी को श्री बाबू के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय राज्य बिहार के पहले मुख्यमंत्री (1946-61) थे। द्वितीय विश्व युद्ध की अवधि को छोड़कर, सिन्हा 1937 में प्रथम कांग्रेस मंत्रिमंडल के समय से लेकर 1961 में अपनी मृत्यु तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। ब्रिटिश भारत में उन्हें कुल मिलाकर लगभग आठ वर्षों तक कारावास की अलग-अलग सजाएँ काटनी पड़ीं । सिन्हा की जन सभाओं में उन्हें सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती थी। जब वह जनता को संबोधित करने के लिए खड़े होते थे तो उनकी शेर जैसी दहाड़ के कारण उन्हें बिहार केसरी के नाम से जाना जाता था।उनके करीबी दोस्त और प्रख्यात गांधीवादी बिहार विभूति एएन सिन्हा ने अपने निबंध मेरे श्री बाबू में लिखा है कि, 1921 से, बिहार का इतिहास श्री बाबू के जीवन का इतिहास रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान बहुत रहा है। इस अवसर मुख्य रूप से उपस्थित थे एडवोकेट निखिल कुमार,शांति राम महतो,पवन कुमार महतो, कृष्णपद महतो, देवकृष्ण महतो,अजय मंडल,गौरव महतो, निमाई मंडल, सिशुमति दास, आदि मौजूद थे।



श्री बाबू की तस्वीर के सामने नमन करते डॉ जटाशंकर पांडेय।

## सिदगोड़ा फूड प्लाजा दुर्गापूजा पंडाल का रघुवर दास ने किया उद्घाटन



जमशेदपुर। सार्वजनिक दुर्गा पूजा फुड प्लाजा में पुजा पंडाल का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उड़िसा के मनोनित राज्यपाल रघुवर दास के कर कमलों के द्वारा हुआ इस अवसर पर पुजा कमिटी के अध्यक्ष मोहन ठाकुर महासचिव धर्मेश झा लड्डु, वरीय संरक्षक डॉ सरोज कुमार मिश्र, एम सी मधुकर, गणेश झा उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, संयोजक राजेश कुमार झा, मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के अध्यक्ष शिशिर कुमार झा, महासचिव सुजीत कुमार झा एवं काफी संख्या मे पुजा कमिटी के पदाधिकारी, सदस्य के अलावा मैथिल समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। स्वागत संबोधन डॉ सरोज ने किया कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार मिश्र ने किया धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार झा ने किया।

## हेमंत सरकार से अब कोई मरौव्वत नहीं : बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** चंदनकियारी के विधायक एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी शनिवार को जमशेदपुर पहुंचे। शहर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित जिला कार्यालय में उनका पूरे गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने अमर बाउरी को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं पुस्तक भेंटकर उन्हें संगठन द्वारा मिले दायित्व पर शुभकामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा एक परिवाररूपी पार्टी है। अमर बाउरी ने कहा कि राज्य में नेता प्रतिपक्ष ना होने से अनेकों संवैधानिक मुद्दे गौण रहे। बाउरी ने कहा कि अब एक वर्ष शेष बचे हैं और पार्टी ने जो दायित्व दिए हैं उनमें झारखंड की साढ़े तीन करोड जनता के जो प्रश्न है, जो विषय है, उनमें प्रमुख रूप से गलत बयानबाजी, भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून-व्यवस्था, जैसे मुद्दों को लेकर विधानसभा के पटल पर सरकार को घेरने का काम करेंगे। बाउरी ने विश्वास जताया कि आगामी लोकसभा में झारखंड की 14 लोकसभा सीट पर बड़ी विजयी प्राप्त करेंगे।



अमर बाउरी का अभिनंदन करते भाजपा के नीरज सिंह।

### समृद्धि ने टांगराईन स्कूल के बच्चों के साथ बांटी खुशियां, पौष्टिक भोजन कराया



**जमशेदपुर।** महिलाओं का बिजनेस ग्रुप समृद्धि के सदस्यों ने टांगराईन स्कूल के बच्चों के साथ पूजा की खुशियां बांटी। सदस्यों ने बच्चों को भोजन कराया और जलेबी खिलाई। प्रचार्या अरविंद तिवारी ने इसके लिए समृद्धि ग्रुप के प्रति आभार जताया । समृद्धि की शर्मिष्ठा नाग ने बताया कि ग्रुप में सभी महिलाएं हैं और मेले में दुकान लगाकर बच्चों एवं महिलाओं के कपड़े, सजावट के समान एवं घरेलू उत्पादों की बिक्री कर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करती हैं। हम सभी महिलाएं अपनी आय का एक हिस्सा समाज के वंचित वर्क के साथ भी बांटने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम में रत्ना पात्रा संदीपा दत्ता, श्रमिष्ठा नाग, पालोमी मजूमदार, दोलन सेन गुप्ता, अर्पिता रॉय, मीता घोष शिल्पा घोष, माहुली दास, राजश्री चटर्जी, आराधना चौधरी सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

## ट्यूब कॉलोनी का सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल उद्घाटित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सार्वजनिक श्री श्री दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन जिला के एसएसपी कौशल किशोर, एएसपी सुमित अग्रवाल ने फीता काटकर एवं दीप जलाकर किया। यहां का मंडप राजस्थान जैसलमेर के शिव मंदिर का प्रतिरूप है, जिसका निर्माण पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के कारीगरों ने किया है, इसकी लागत पांच लाख एक हजार रुपए आई है। 68 वें दुर्गा उत्सव समारोह को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक पूजा की बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन 24 घंटे आप लोगों के सहयोग के लिए तत्पर रहेगी। बड़ी संख्या में जब आप भक्त सड़क पर निकलते हैं तो अपने आराम के साथ दूसरे का आराम की सोचें। ट्रैफिक नियमों का पालन करें। बच्चों को लेकर निकल रहे हैं तो बच्चों के जेब में नाम और मोबाइल नंबर की पर्ची जरुर डाल दे। मंडप में एंट्री और एग्जिट का जरूर ध्यान रखें और नियमों का पालन करें। किसी तरह की दिक्कत आने पर पुलिस का सहयोग ले। इसका संचालन जन सेवक समिति के संरक्षण चंद्रशेखर सिंह ने किया। इस मौके पर गणेश वंदना, दुर्गा स्तुति शांतनु हालदार निक्की और उनके साथ तबले में संगत प्रमोद बारीक एवं गिटार में सूरज राणा ने की। अनुष्का हालदार, अनन्या पादीकर, सयोना सेन तथा सोनम हुताई आदि बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

## रघुवर दास व अमर बाउरी का अभिनंदन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** रघुवर दास को ओड़िशा राज्य का राज्यपाल एवं अमर कुमार बाउरी को विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर शनिवार को पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नेता प्रतिपक्ष बनने उपरांत शहर पहुंचने पर अमर बाउरी ने रघुवर दास से उनके आवास पर मुलाकात कर आशीष लिया एवं साथ ही राज्यपाल बनने पर अपनी शुभकामनाएं दी। दोनों नेता का सामूहिक अभिनंदन कार्यकर्ताओं द्वारा एग्रिको स्थित आवास पर बड़े माला पहना कर एवं अंगवस्त्र व पौधा देकर किया गया। मौके पर दिनेश कुमार, तेजिंदर सिंह जोनी, अनिल कुमार, गोबु घोष, विकास शर्मा, मोहित पांडेय, नारायण प्रसाद, विक्रम चंद्राकर, रोशन सिंह, सतीश, नारायण गोप, विशाल उपाध्याय, बंटी सिंह, अनिल अग्रवाल, राहुल कर्मकार, संजय शर्मा, सुख सागर गुप्ता, जसवंत सिंह, इंदरजीत सिंह, सोनू श्रीवास्तव, गुरदेव सिंह गोलडी, अनिल गुप्ता , संजय बेरा, मनोज नायर, सुरेंदर चौधरी, राजू कुमार, बिमल श्रीवास्तव, सुरिंदर सिंह अन्य कार्यकर्ता मैजूद थे।

### विजया गोल्डेन टाउन में दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** शनिवार को सोनारी में विजय गोल्डन टाउन ओनर्स एसोसिएशन की पूजा पंडाल का उद्घाटन सोसाइटी के चेयरमैन एवं राज्य कांग्रेस के नेता राकेश तिवारी ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तिवारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि देवी दुर्गा की कृपा से करो ना जैसे भयंकर महामारी में भी सोसायटी वासी सुरक्षित रहें देवी सभी सोसाइटी वासीयो को उत्तम स्वास्थ्य समृद्धि खुशहाली का आशीर्वाद प्रदान करें। साथ ही उन्होंने कहा कुछ दिन पूर्व समिति के सम्मानित सदस्य आर गुजराल जी का आकस्मिक हो गया था। यह पहला अवसर है जब वह हम लोगों के बीच नहीं है। उनके किए गए कार्यों को सोसायटी वशी हमेशा याद करते रहेंगे। तिवारी ने सभी सोसाइटीवासियों को दुर्गा पूजा पूरे अनुशासित एवं आपसी प्रेम भाईचारे के साथ मनाने का निवेदन किया। उन्होंने कहा वर्ष में एक बार ऐसा अवसर होता है जब हम सभी 232 फ्लैट के निवासी एक साथ इस उत्सव पर मिलते हैं। इस उद्घाटन समारोह में सोसाइटी के चेयरमैन राकेश तिवारी के साथ वाइस चेयरमैन जेपी महतो पूजा कमेटी के संयोजक सुशांत चटराज राज अध्यक्ष सपन मुखर्जी महासचिव अनिल महतो संयुक्त सचिव पराग भट्टाचार्य शंकर लाल सिन्हा, दीपांकर भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष जयंतो गुहा, एक्साइज ऑफीसर पंकज वर्मा अजीत सिन्हा चार्टर्ड अकाउंटेंट शिशिर कुमार मिश्रा कंचन दास एस राय चौधरी दीपक डे सहसंयोजक अमिताभ गुहा मिसेज सेन राय मानसी मजूमदार समेत बड़ी संख्या में सोसाइटी की महिलाएं बच्चे एवं निवासी उपस्थित थे।

## बन्ना गुप्ता ने महासप्तमी के दिन किया रक्तदान, पंडालों का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** दुगार्पूजा की महासप्तमी के दिन कदमा जुस्को स्कूल के समक्ष ओल्ड फार्म एरिया पूजा पंडाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचकर झारखंड के स्वास्थ्य सह चिकित्सा शिक्षा मंत्री बन्ना गुप्ता ने रक्तदान किया।

रक्तदान के पश्चात संबोधित करते हुये बन्ना गुप्ता ने कहा कि मैं मां दुर्गा की आराधना करने आया हूँ, जिस प्रकार माँ की आराधना हेतु भक्त फल मिठाई और लाल पुष्प लेकर पहुंचते हैं, मैं भी रक्त देने पहुंचा हूं ताकि यह रक्त मां के ही किसी जरूरतमंद बेटे बेटियों को काम आ सके। बन्ना गुप्ता ने कहा कि देश भर में डेंगू बीमारी ने अपना जाल फैलाया हुआ है। इस परिस्थिति में रक्त की बहुत आवश्यकता है। दुर्गा पूजा के माहौल में सभी लोग घूमने फिरने व मनोरंजन में व्यस्त हैं। पर्व त्यौहार में ब्लड बैंक में रक्त का स्टॉक काफी कम हो जाता है। अतएव आवश्यक है कि ऐसे अवसरों पर भी रक्तदान किये जाएं। यह संदेश जन जन तक पहुंचाने के लिये स्वास्थ्य मंत्री ने स्वयं पहल की एवं पूजा पंडाल प्रांगण में रक्तदान किया। इधर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता कदमा गंगोत्री इन्क्लेव सोसाइटी, कदमा सिन्डीकेट कॉलोनी-1एवं कदमा सिन्डीकेट कॉलोनी-2, कदमा उलियान मेन रोड, कदमा उलियान दुर्गा मंदिर, कदमा रामनगर चौक, सोनारी जनता बस्ती बड़तल्ला, कदमा शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 3, कदमा एलायड दुर्गा पूजा, सोनारी नॉर्थ लेऑट शिवगंगा सोसायटी, सोनारी एरोड्राम के भव्य दुर्गा पूजा पंडाल में उपस्थित होकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर झारखंड राज्य के लोगों की खुशहाली की कामना किया। इस दौरान माननीय मंत्री जी ने सोसाइटी के लोगों के साथ भोग ग्रहण किया.इस अवसर पर उन्होंने आह्वान किया कि मां भगवती हर कष्टों का निवारण करती हैं, मां के स्मरण मात्र से सारी समस्याओं का समाधान हो जाता हैं। सभी जमशेदपुर वासियों से विनती हैं कि पूरे हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में सपरिवार दुर्गोत्सव का आनंद लें, राज्य सरकार और प्रशासन उनके सुरक्षा के लिए तैयार हैं।



रक्तदान करते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता।

स्पीड न्यूज

## पूजा में पानी और बिजली के लिए एजेंट से की वार्ता

**कतरास।** शनिवारको बीसीसीएल एरिया 4 के एजेंट से गजली टाउन, वेस्टमोदीडी ग्रामीणों की पानी की समस्या को लेकर वार्ता करने के लिए दुर्गा सोरेन सेना युवा मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मीकि अपने कार्यकताओं के साथ बीसीसीएल एजेंट ऑफिस पहुंचे। और दुर्गा पूजा के समय पानी और बिजली की समस्याओं को लेकर वार्ता किए। जिसमें तुरंत संज्ञान लेकर के एजेंट साहब ने कार्य करने का आश्वासन दिए । मौके पर मुख्य रूप से रहे दुर्गा सोरेन सेना युवा मोर्चा जिला महासचिव सुनील पासी, राहुल नोनिया, विक्की राय, दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बोनस में आयकर काटने का विरोध

**धनबाद।** दुर्गा पूजा के अवसर पर भारत कोकिंग को लिमिटेड (बीसीसीएल) अपने कर्मियों को बोनस के रूप में 85000 रुपए का भुगतान कर रही है। यह भुगतान शुरू हो चुका है। लेकिन इसमें एक महत्वपूर्ण बात यह है कि संबंधित बोनस पर आयकर काटा जा रहा है। पहली बार बोनस पर आयकर काटने का कर्मियों द्वारा काफी विरोध कर रहे हैं। इस मामले में कर्मी निदेशक वित्त तथा सीएमडी सिमरन दत्त से भी अपना विरोध जाता चुके हैं। पहली बार पूजा का बोनस में आयकर काटने का यह मामला तुम पकड़ रहा है।

## बीसीसीएल ने चलाया 3.0 स्वच्छता अभियान

**धनबाद।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बीसीसीएल ने स्वच्छता जागरूकता 3.0 अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। विदित हो कि कंपनी इस तरह की सफाई को लेकर निरंतर प्रयासरत रहती है। अभियान को सफल बनाने में मैनेजर पर्सनल विद्युत शाह लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में कंप्यूटर एवं कई उपकरण को दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया ताकि कार्यालय को भी स्वच्छ रखा जा सके. जीएमपी विद्युत शाह ने बताया कि स्वच्छ भारत का निर्माण की दिशा में यह कंपनी का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल की ओर से 31 अक्टूबर तक यह अभियान चलेगा। यह अभियान डायरेक्ट पर्सनल रमैया सीएमडी समीरान दत्त के निर्देशन पर चलाए जा रहा है इस अभियान में महत्वपूर्ण सहयोग प्रो उदयवीर सिंह तथा पीएम नीरज कुमार मिश्रा की सहभागिता है।

## विश्वविद्यालय के नये कुलपति का एनएसयूआइ ने किया जोरदार स्वागत

**धनबाद।** 20 अक्टूबर को एनएसयूआई के द्वारा विश्वविद्यालय नव नियुक्त प्रभारी कुलपति प्रो. पवन पोद्दार को पदग्रहण करने पर संघठन की और से शॉल ओढ़ाकर तथा तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के विकास पर लगा ग्रहण एक लंबे संघर्ष खत्म हो गया है, नए प्रभारी कुलपति से एनएसयूआई यह आशा करती है कि अब विश्वविद्यालय का चौमुखी विकास किया जाएगा। छात्रहित मे कार्य किए जाएंगे एवं छात्रों के भविष्य की रक्षा होगी।

## विभिन्न पूजा पंडालों का उपायुक्त व उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड,फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पूजा पंडालों में सुरक्षा/विधि झ्र व्यवस्था को लेकर जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करने की स्थिति का अवलोकन करने शुक्रवार को उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं उप विकास आयुक्त श्रीमती कीर्तीश्री ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। मौके पर कई जिला एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो शैलेस कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, एसडीपीओ वी एन सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी श्री कुमार कनिष्क, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, संबंधित प्रखंडों के बीडीओ/सीओ - थानों के थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# नव पत्रिका कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा माहा सप्तमी के मौके पर शनिवार को नव पत्रिका कलश यात्रा श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल कतरास बाजार एवं राजवाड़ी दुर्गा पूजा समिति के द्वारा धूमधाम से निकल गई। बताते चले कि जीएनएम दुर्गा पूजा पंडाल से सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु नवपत्रिका कलश यात्राशामिल हुए। सभी भक्तजन ढाक बाजा के धुन पर थिरकते हुए जल उठने के लिए



राजा बांध तालाब तक पहुंचे। जहां पश्चिम बंगाल के काशीपुर से आए हुए पंडित जी के द्वारा मंत्र चरण के साथ कलश में जल की स्थापना की गई। बताते चले कि सप्तमी के दिन प्रातः कोलाबाऊ यानी नवपत्रिका जिसमें 9 पौधों यानी देवी के नौ रूप को पालकी मे आसन देकर जलाशय से पूरे विधि विधान से स्नान एवं पूजा कर नवपत्रिका को दुर्गा पूजा मंडप में लाकर उसे गणेश के दाएं तरफ रखकर दुर्गा पूजा की शुरूआत की जाती है। जीएनएम हाई स्कूल मैदान पूजा समिति कतरास राजवाड़ी पूजा समिति, डॉक्टर पड़ा पूजा समिति, तिलाटांड हॉस्पिटल पूजा समिति, रानी बाजार दुर्गा पूजा समिति, रेलवे इंस्टिट्यूट दुर्गा पूजा समिति, माल गोदाम दुर्गा पूजा समिति, नदी किनारे दुर्गा पूजा समिति, केशलपुर दुर्गा पूजा समिति, विधि विधान से कलश स्थापना कर पूजा की शुरूआत की गई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से राजद प्रखंड अध्यक्ष सह समाजसेवी रोहित यादव बाघमारा विधानसभा प्रत्याशी जनशक्ति दल के सूरज महतो समिति के संरक्षक विनय सिन्हा अध्यक्ष शंकर भगत सचिव मुकेश भट्ट कोषाध्यक्ष बबलू चौरसिया कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद रजक पंकज सिंहा मनोज राय अशोक शर्मा शैलेंद्र सिंहा दिलीप तरवे संदीप जायसवाल अमन जयसवाल कुलदीप सिंह बबलू शर्मा राजा गुप्ता सोनू चौरसिया सुनील यादव, अजय सोनार प्रदीप लाला राजेंद्र ठाकुर टिंकू खंडेलवाल चंद्रकांत कुमार जीत कुमार रवि हजारी अमित रजक अप्पू साव गणेश मोदक राखी पटवा आदि सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

## जीएनएम में ढुल्लू महतो ने किया पंडाल का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** कोयलांचल की चर्चित दुर्गा पूजा में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल मैदान का पूजा का शुभारंभ माहा सप्तमी से प्रारंभ हो गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जीएनएम के मैदान में आकर्षक पंडाल मनमोहक मूर्ति के साथ ही विशाल मेले का आयोजन समिति के द्वारा किया गया है। शनिवार को बाघमारा प्रखंड रजत अध्यक्ष रोहित यादव ने विधिवत फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। वहीं दूसरी ओर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने फीता काटकर पंडाल का उद्घाटन किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष सचिव एवं पदाधिकारी के अलावा सोनू शर्मा पप्पू दुबे आदि मौजूद थे।

## तेनुघाट में पूरे धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है दुर्गा पूजा

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट में दुर्गा पूजा पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंत्रोच्चारण से पूरा पंचायत मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो गया है। आज सप्तमी पूजा के साथ ही मां बेलभरणी पूजा की बड़ी महत्व है। शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि शनिवार को बेल भरणी पूजन के साथ मंदिरों में मां भगवती को ढोल नगाड़ा बजा कर निमंत्रण दिया गया। तेनुघाट दामोदर नदी स्थित कैनाल में विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भरा कर मंडप लाया गया। तेनुघाट एफ टाईप दुर्गा मंडप के द्वारा परंपरा के अनुसार बेल भरनी माता को लाने के लिए विधिवत पूजा-अर्चना किया तथा उसके बाद माता को मंडप मे लाया गया। पूजा समिति से सैकड़ो की संख्या में महिलाएं कैनाल से माथे पर कलश लेकर मंडप आई। पूजा कमेटी और पुजारी ने बताया कि मां दुर्गा की सप्तमी पूजा से पहले मां बेलभरणी की पूजा की जाती है।

## धैया के पूजा पंडाल का उद्घाटन शनिवार को



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छठ तालाब ठाकुर कुल्ही, धैया के पूजा पंडाल का उद्घाटन विधायक राज सिन्हा के द्वारा आज दिनांक 21 अक्टूबर दिन शनिवार को किया गया, साथ ही दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर माननीय विधायक जी का स्वागत किया।

## डांडिया का हुआ आयोजन

**बेरमो।** नवरात्र के मौके पर बेरमो कोयलांचल में हर तरफ डांडिया की धुम मची हुई है। इसी क्रम में जारीडीह बाजार स्थित अग्रवाल भवन में अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के तत्वाधान में डांडिया का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के लगभग सैकड़ो महिला और बच्चियों ने हिस्सा लिया।

## धनबाद स्टेशन पर विशेष टिकट जांच अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार 20 अक्टूबर को धनबाद स्टेशन में मजिस्ट्रेट महोदय की उपस्थिति में एक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 132 यात्रियों को पकड़ा गया।

जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रीगण एवं बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण भी शामिल थे। इस दौरान उनसे 57,425 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। जांच अभियान के दौरान मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/ टिकट चेकिंग, वाणिज्य निरीक्षक/ बकाया सहित सीटीआई, सीआईटी एवं बड़ी संख्या में टीटीई, आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौजूद थे। मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान धनबाद स्टेशन परिसर के साथ- साथ स्टेशन में उपस्थित गाड़ियों में भी चेकिंग की गई। इस तरह की चेकिंग धनबाद मंडल रेल द्वारा आगे भी लगातार की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना एवं ऐसे यात्रियों पर लगाम लगाना है जो बिना टिकट के यात्रा करते है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करे।

## दास टोला में नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन दीप नारायण सिंह ने फीता काटकर किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** शनिवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने सिंगदाहा दास टोला में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फिता काटकर किया। विदित हो कि सिंगदाहा दास टोला का ट्रांसफार्मर पिछले कई माह से जला पड़ा था।

गांव के लोगों ने इसकी जानकारी दीप नारायण सिंह को दी और जला हुआ ट्रांसफार्मर को बदल कर नया ट्रांसफार्मर बिजली विभाग से दिलवाने की मांग की। श्री सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारीयों से बात की और दुर्गा पूजा के पूर्व सिंगदाहा दास टोला में नया ट्रांसफार्मर लगाने को कहा, जिसपर बिजली विभाग ने तत्परता दिखाते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाने का काम किया,जिसका विधिवत उद्घाटन आज



दीप नारायण सिंह ने फिता काटकर और नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि आप लोग लोकतंत्र का मालिक हैं। आपका मैं सेवक हूं।जब भी मेरी आवश्यकता आप लोगों को पड़े, आप मुझे आवाज देने का काम करें, मैं आपकी सेवा में हाजिर रहूंगा। इस अवसर पर जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, मनजुड़न तुरी, गोतम कुमार ,पिन्टु सिंह, रमेश दास,साधन दत्ता, विष्णु दास, भुनेश्वर रविदास, बिरेंद्र यादव, राजा बाबू, बंटीं दास,आषिश कुमार, प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह, आदि उपस्थित हुए।

# डीसी ने दी पूजा समितियों को सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी कुलदीप चौधरी ने जिले की विभिन्न पूजा समितियों को दुर्गा पूजा के दौरान आग दुर्घटना एवं भगदड़ जैसे हादसों से बचने के लिए सुरक्षा निदेर्शों के पालन हेतु पंडाल में प्रवेश एवं निकास द्वार के अलग अलग रास्ते रखने प्रवेश एवं निकास द्वार पर पर्याप्त संख्या में वालंटियर की व्यवस्था किये जाने मुख्य प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार को कम से कम 05 मीटर चौड़ा रखने श्रद्धालुओं का प्रवेश कतार लगाकर कराने तथा पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग कतार की व्यवस्था करने भगदड़ से बचाव के लिए भीड़ प्रबंधन की योजना पहले से बनाकर रखने एवं उसे प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मियों के साथ साझा करने पंडाल में बिजली की वायरिंग किसी योग्य एवं प्रशिक्षित इलेक्ट्रिशियन से ही कराने तथा हमेशा आईएसआई मार्का के कॉपर तार का ही प्रयोग करने सहित सुरक्षा के सभी उपाय किये जाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अग्नि सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित करने को कहा है। रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं करने की हिदायत दी गई है। पूजा के दौरान सुरक्षा के लिए पंडालों में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाने पर विशेष जोर दिया गया है।

## विभिन्न पूजा मंडपों में हुई महासप्तमी की पूजा



**धनबाद।** शनिवार की प्रातः जिले में आयोजित विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा स्थानीय तालाबों में जाकर कोलाबऊ यानि नवपत्रिका को स्नान एवं पूजा अर्चना कर पालकी द्वारा शोभायात्रा के रूप में लाकर विभिन्न पूजा मंडपो में स्थापित कर महा सप्तमी पूजा की शुरूआत की गई। वही बंगाली कल्याण समिति की सभी महिला सदस्य लाल सफेद साड़ी में हाथ मे शंख लिए एवं पुरुष कुर्ता पजामा में माथे में घट ले कर शोभा यात्रा के रूप में खोखन तलाव से पानी लेकर पालकी में कोलाबऊ लाकर जिला परिषद स्थित दुर्गा मंडप में नव पत्रिका की स्थापना की गई। बताते चले कि सप्तमी के दिन सप्तमी के दिन प्रातः कोलाबाऊ यानी नवपत्रिका जिसमें 9 पौधों यानी देवी के नौ रूप को जलाशय में पूरे विधि विधान से स्नान एवं पूजा कर नवपत्रिका को दुर्गा पूजा मंडप में लाकर उसे गणेश के दाएं तरफ रखकर दुर्गा पूजा की शुरूआत की जाती है। हीरापुर दुर्गा मंदिर, बंगाली कल्याण समिति जिला परिषद, जे सी मल्लिक रोड दुर्गा पूजा समिति, नेपाल काली मंदिर, देवी पड़ा ,झरना पड़ा के पूजा समिति के सदस्यों द्वारा खोकन तालाब से शोभा यात्रा के द्वारा नव पत्रिका एवं घट लाया गया। जिसमें विभिन्न पूजा समितियां के सदस्य गण सदस्य गण ढाक के ध्वनि में नाचते झूमते गाते नजर आए।

## भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद

**धनबाद।** धनबाद डीसी वरुण रंजन और उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त संजय मेहता के निर्देश पर एक बार फिर शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई। बताया जाता है कि धनबाद थाना क्षेत्र के रानी बांध धैया में उत्पाद विभाग के विशेष टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को संदीप गुप्ता उर्फ नौटंकी नाम के एक व्यक्ति के घर में छापेमारी की गई जहां भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की गई बरामद की गई शराब का मूल्य करीब 2 लख रुपए से ऊपर की है। आयुक्त संजय मेहता के अनुसार विभिन्न ब्रांडों के 21 पेटी शराब जप्त किया गया जिसमें 100 लीटर विभिन्न शराब के अलावा 250 लीटर बीयर भी शामिल था सभी शराब पश्चिम बंगाल में बेचे जाने की बात थी। छापेमारी के दौरान घटनास्थल से फरार हो गया जिसके विरुद्ध उत्पाद विभाग की अधिनियम धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज की जा चुकी है इस छापेमारी दल का नेतृत्व उत्पाद अमित गुप्ता और जितेंद्र कुमार कर रहे थे। पिछले कुछ दिनों में धनबाद विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई से शराब माफिया में हड़कंप मचा हुआ है।

एक नजर में

## रूप सज्जा प्रतियोगिता में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9 डी में बच्चों के बीच रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न कक्षाओं की बालिकाओं ने मां दुर्गा के विभिन्न रूपों को धारण कर प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में अपनी संस्कृति का संवर्धन तो होता ही है साथ ही उनके परिवार और समाज में भी इसका सकारात्मक संदेश जाता है।

समिति सदस्य मार्कण्डेय पाण्डेय आरके कर्ण ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम को विद्यालय की आचार्या मीनाक्षी ने अपने मार्गदर्शन में कराया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रभारी आचार्य राम प्रसाद साह एवं मंच संचालन शिखा सिन्हा और राम विनोद मिश्र ने किया।

## सत्य के साथ जीना सीखाती हैं मां जगदंबा : महेश त्रिपाठी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्थानीय चिन्मय विद्यालय में नवरात्रि के अवसर पर 11वीं एवं 12वीं की छात्र छात्राओं ने मां दुर्गा स्तुति का पाठ किया। प्री नर्सरी से द्वितीय कक्षा के छात्र छात्राओं ने कई सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की। बच्चों ने मां दुर्गा की नौ रूपों का वेश धारण सभी को मोहित कर दिया। मौके पर विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां दुर्गा हमें जीवन में सत्य के साथ जीना असत्य के खिलाफ लड़ना एवं हमेशा अनुशासन में रहना सिखाती है। विद्यालय अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय एवं चिन्मय मिशन की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों उनके अभिभावको, सभी शिक्षक शिक्षिकाओ एवं सभी कर्मचारियों को दुर्गोत्सव की शुभकामनाएं दीं। मौके पर नरमेंद्र कुमार गोपाल चंद्र मुंशी विकास परिधारिया रश्मि शुक्ला दीप्ति पारीक सुब्रत गुप्ता संजीव सिंह मीनाक्षी सुनील कुमार सोमा झा रश्मि शुक्ला सोनाली गुप्ता प्रिया राजीव मोनिका कोमल दोसी शिबेन चक्रवर्ती जय किशन राठौर रूपक झा दिनेश कुमार पद्मावती घड़ई रेणु साह एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## कोक ओवन में मनाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के कोक ओवन विभाग में विगत 16 अक्टूबर से जारी सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का समापन 21 अक्टूबर को हुआ। इस एक सप्ताह के कार्यक्रम में कोक ओवन विभाग के लगभग 400 कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के विषय में प्रशिक्षित किया गया तथा लगभग 200 कर्मचारियों को सेफ़्टी कंसल्टेंट एएसके ईएचएस की टीम के सदस्य जीएम (सीओ एंड सीसी) आरएन बिस्वास एजीएम शिव शंकर पीयूष आनंद व वरीय प्रबंधक गिरीश रंजन के नेतृत्व में संयंत्र के अंदर यातायात के समय सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गयी। कोक ओवन विभाग के एचआरडी सभागार में



सड़क सुरक्षा जागरूकता के समापन समारोह में सीजीएम (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा) बिपिन कृष्ण सरतपे कार्यकारी सीजीएम (सीओ एंड सीसी) पीएस कुमार अन्य वरीय अधिकारी तथा कर्मचारीगण शामिल थे। समारोह का संचालन सीओ एंड सीसी के सहायक प्रबंधक एलवी सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जीएम केएन झा ने किया।

## रोटरी क्लब चास ने किया गरबा व डांडिया का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा रोटरी भवन चीरा चास में आयोजित गरबा एवं डांडिया कार्यक्रम की शुरूआत डॉ परिंदा सिंह ने मां की भगवती की स्तुति से की। चास रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति से जुड़ाव बना रहे इसका प्रयास किया जा रहा है। डॉ परिंदा सिंह ने कहा कि गरबा अब केवल गुजरात का लोक नृत्य नहीं रह गया है। रोटरी क्लब चास रोटरी क्लब बोकारो तथा रोटरी क्लब मिडटाउन कपल के सदस्यों ने सामूहिक रूप से माता जी के सुमधुर भजन पर डीजे की धुन पर डांडिया एवं गरबा प्रस्तुत किया।

संचालन विपिन अग्रवाल ने किया। मौके पर रोटरी चास की सचिव डिंपल कौर अर्चना सिंह शैल रस्तोगी रंभा सिंह डॉ. पुष्पा माधुरी सिंह शिवानी तनेजा सोनल रस्तोगी राखी चौधरी आरती पारख जूली केडिया प्रतिमा अग्रवाल कविता मलिक कल्याणी गुप्ता ब्रेडा टबोड़ा कैंडी टबोड़ा आदि मौजूद रहीं।

**समय संवाद**

रामगढ़, जो फलपट्टी के रूप में जाना जाता है, वहां भी आडू-सेब को छोड़ दें, तो ज्यादातर फल और सब्जियों में वे गोबर की खाद या कंपोस्ट खाद का इस्तेमाल करते हैं। इस अंचल से जैविक उत्पादों के बारे में जब किसानों से बात हुई, तो उन्होंने बताया कि वे जैविक खेती तो नहीं करते हैं, पर रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल भी नहीं करते। यही स्थिति छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी अंचलों की भी यही स्थिति है। उनके पास इतना रुपया ही नहीं होता कि वे महंगे कीटनाशक और उर्वरक खरीद पाएं। ऐसे में वे जो भी उगाते हैं, वह रासायनिक खेती से बेहतर होता है। ऐसे अन्न का इस्तेमाल अगर वे करते हैं, तो बड़े शहरों में लोग आर्गेनिक उत्पाद के रूप में भी करते हैं। पर यह बहुत महंगा होता है। जिस जौ को हमारे पूर्वांचल में दो दशक पहले कोई पूछता नहीं था और वह गेहूं के मुकाबले उसके आधे दाम में मिलता था, काफी महंगा बिक रहा है।

# स्वच्छ आहार के प्रति जागरूक होता समाज

**सुधीर शर्मा**



**बड़े** महानगरों में लोग ऑनलाइन बाजार से अब जैविक, प्राकृतिक और मोटे अनाज भी मंगाने लगे हैं। वजह- खेती में खतरनाक कीटनाशकों और उर्वरकों का अंधाधुंध इस्तेमाल किया जाना है, जिनसे तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं। ये वही अनाज हैं, जिन्हें सत्तर के दशक में ग्रामीण और मध्यवर्गीय परिवारों ने छोड़ दिया था। कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर के ग्रामीण अंचल में मेरा जाना हुआ। यह अंचल अपनी खुशबू के लिए मशहूर काला नमक चावल के लिए जाना जाता है। कहते हैं कि अगर आपके घर में यह चावल पक रहा हो, तो आसपास के कई घरों तक इसकी खुशबू जाती है। यह देश के एरोमैटिक यानी सुगंधित चावलों में से एक है। पर यह चावल स्थानीय बाजार में भी दो तरह का मिलेगा। एक तो वह चावल है, जो जैविक विधि से यानी बिना रासायनिक कीटनाशक और उर्वरक के उगाया जाता है।

दरअसल यह ज्यादा महंगा होता है और बड़े किसान इसे ज्यादातर अपने इस्तेमाल के लिए बोते हैं। पर जब से प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की मांग बढ़ी है, तब से वे कुछ हिस्सा बाजार में भी देने लगे हैं। उनके खेत भी दो तरह के हो गए हैं, एक जिसमें वे अपने घर के लिए प्राकृतिक ढंग से बोते हैं, तो दूसरा जो प्रचलित रासायनिक खेती का तरीका है, उसके लिए। साफ है कि वे खुद रासायनिक फसल से दूरी बना रहे हैं। पर ज्यादा मुनाफा के चलते बाजार में वे रासायनिक उर्वरक से पैदा हुआ अन्न बेचते हैं। यही स्थिति देश के विभिन्न हिस्सों की भी है। देश में कुछ अंचल ऐसे भी हैं, जहां की खेती अगर जैविक नहीं भी है, तो प्राकृतिक जरूर है। इसकी वजह किसानों की गरीबी भी है। उदाहरण के लिए उत्तराखंड के ज्यादातर इलाकों में आज भी रासायनिक कीटनाशक और उर्वरक का इस्तेमाल नहीं होता। चाहे अल्मोड़ा के आसपास की भट की दाल हो या फिर चंपावत का मशहूर आलू- राजमा हो। इनमें रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल बहुत कम होता है।


रामगढ़, जो फलपट्टी के रूप में जाना जाता है, वहां भी आडू-सेब को छोड़ दें, तो ज्यादातर फल और सब्जियों में वे गोबर की खाद या कंपोस्ट खाद का इस्तेमाल करते हैं। इस अंचल से जैविक उत्पादों के बारे में जब किसानों से बात हुई, तो उन्होंने बताया कि वे जैविक खेती तो नहीं करते हैं, पर रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल भी नहीं करते। ऐसे में इस अंचल के कृषि उत्पादों को जैविक भले न माना जाए, पर वह प्राकृतिक ही माने जाएंगे। यही स्थिति छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी अंचलों की भी यही स्थिति है। उनके पास इतना रुपया ही नहीं होता कि वे महंगे कीटनाशक और उर्वरक खरीद पाएं। ऐसे में वे जो भी उगाते हैं, वह रासायनिक खेती से बेहतर होता है। ऐसे अन्न का इस्तेमाल अगर वे करते हैं, तो बड़े शहरों में लोग आर्गेनिक उत्पाद के रूप में भी करते हैं। पर यह बहुत महंगा होता है। जिस जौ को हमारे पूर्वांचल में दो दशक पहले कोई पूछता नहीं था और वह गेहूं के मुकाबले उसके आधे दाम में मिलता था, काफी महंगा बिक रहा है। मुंबई में एक वरिष्ठ पत्रकार करीब ढाई सौ रुपए किलो का जौ हर महीने ऑनलाइन मंगाते हैं। सिर्फ यही नहीं, वे सरसों का तेल, दाल से लेकर हल्दी-गुड़ आदि भी मंगाते हैं। इसकी कीमत बाजार से ज्यादा तो होती है, पर यह गारंटी भी होती है कि आप शुद्ध अन्न खा रहे हैं। यह जागरूकता हाल के कुछ वर्षों की है।

अब पंजाब के अन्न से लोग बचना चाहते हैं, क्योंकि समूचा पंजाब रासायनिक खेती के दुष्परिणाम झेल रहा है। ज्यादातर गांवों में कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढी है। यह पंजाब की हरित क्रांति का काला पक्ष है। यही वजह है कि बहुत से लोग अब जैविक अन्न पर जोर देने लगे हैं। पर जैविक अन्न कम उत्पादन की वजह से महंगा पड़ता है। इसका प्रमाण पत्र लेना भी कम झमेले का काम नहीं है। इसकी फीस बहुत छोटे किसानों को महंगी पड़ती है, जिसकी वजह से वे अपना उत्पाद जैविक उत्पाद के रूप में नहीं बेच पाते हैं। ऐसे में उनका कृषि उत्पाद, जो जैविक होने के बावजूद जैविक उत्पाद के रूप में नहीं बिक पाता, उनके लिए घाटे का सौदा बन जाता है। उदाहरण के लिए अरहर की आम दाल जो बाजार में अस्सी से सौ रुपए किलो बिकती है, वह जैविक दाल के रूप में सवा सौ से डेढ़ सौ रुपए के भाव बिकती है। अगर सरकार जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना चाहती है, तो उसे इन सब बातों पर गौर करना चाहिए।

दरअसल सेहत को लेकर लोगों में जो जागरूकता बढ़ी है, उसके चलते लोग मोटे अनाज को भी अपने भोजन का हिस्सा बना रहे हैं। जौ, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, मंडुआ से लेकर जई-अलसी तक सब इस्तेमाल होने लगे हैं। शहरी इलाकों में लोगों का खानपान बदल रहा है, तो बाजार भी बदल रहा है। अब पैकेट बंद आटे में मल्टी ग्रेन के कई ब्रांड बाजार में आ गए हैं। यह बात अलग है कि गेहूं के आटे में कौन सा अनाज कितना मिलाना चाहिए, इसकी समझ नहीं विकसित हुई है। यही वजह है कि लोग सोयाबीन या अन्य मोटे अनाज की मात्रा भी जरूरत से ज्यादा मिला देते हैं, जिससे वह सेहत को नुकसान भी पहुंचा देता है। मोटा अनाज खाना चाहिए, पर उसकी मात्रा का भी ध्यान रखना चाहिए। उदाहरण के लिए पहाड़ पर जो भट की दाल होती है, उसके आटे की रोटी डायबिटीज वालों के लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इसमें बहुत ज्यादा प्रोटीन होता है। लेकिन ज्यादा मात्रा नुकसान भी दे सकती है।

# छोटे से बड़े की ओर जाती है निर्माण की प्रकिया

**स्वामी सत्यांनदजी सरस्वती**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। बसारगढ़ स्थित ब्रंह्म विद्यायल एवं आश्रम में स्वामी सत्यानंद परमहंस ने अपने सतसंग में कहा कि काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्र ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है।

राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया। वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है।

गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

**(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर शाखा कुटी रांची।)**

# चुनावी रथ में ही क्यों सवार होती हैं जन-हित योजनाएं



**आजादी** के अमृतकाल के पहले लोकसभा एवं पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की आहट अब साफ-साफ सुनाई दे रही है, राज्यों में चुनावी सरगर्मियां उग्र हो चुकी है। जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें राजस्थान सर्वाधिक महत्वपूर्ण बनता जा रहा है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बहुत पहले ही विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है, वे हर दिन किसी-न-किसी लुभावनी एवं जनकल्याणकारी योजना की घोषणा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा सहित विभिन्न योजनाओं की तरह अब उन्होंने प्रदेश के 240 राजकीय विद्यालयों को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित करने का ऐलान किया किया है। निश्चित ही एक आदर्श राज्य के रूप में गहलोत की योजनाओं की देशभर में चर्चा हो रही है, लेकिन क्या इन योजनाओं के बल पर वे पुनः सत्ता प्राप्त करने में सफल हो पायेंगे? असल में गहलोत का मुकाबला इस बार सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से होने जा रहा है। मोदी पहले सीकर एवं अब जोधपुर में जनता का मानस बदलने एवं राजस्थान के गहलोत सरकार के घोटालों को उजागर किया है।

लोकलुभावन घोषणा एवं मुक्त की रेवड़ियां राजस्थान की तरह ही मध्यप्रदेश में शिवराजसिंह चौहान भी बांट रहे हैं, अभी तो इनके बल पर चुनाव जीते जा सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए दोनों ही प्रांतों की चुनी सरकारों को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ेगा, क्योंकि राज्य की वित्तीय स्थिति उन्हें पूरा करने की अनुमति दे पाएंगी, इसमें संदेह है। जैसी गारंटियां, लोकलुभावन वादे एवं मुक्त की रेवड़ियां देने की परम्परा दक्षिण से शुरू हुई थी, वैसी ही अब देश के अन्य प्रांतों में वहां की सरकारें कर रही हैं। अभी हाल में दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी ने दस गारंटियां दी थीं। ये गारंटियां और कुछ नहीं लोकलुभावन वादे ही थे, जिन्हें जनकल्याण का नाम दिया गया है। मध्य प्रदेश में मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव से छह महीने पहले ही लोक कल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा रखी है जिससे राज्य का चुनावी माहौल और गर्मा रहा है।

निश्चित ही राजस्थान में लोकलुभावनी योजनाओं का जनता को लाभ मिला है, राजस्थान का कायाकल्प भी हुआ। गहलोत अपने राजनीतिक जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण पारी खेलते हुए एक कद्दावर नेता के रूप में सामने आ रहे हैं। लेकिन मतदाता के मन में ये योजनाएं हैं या और कुछ? यह वक्त ही बतायेगा। लेकिन एक बात बहुत स्पष्ट है कि मतदाता अब ज्यादा जागरूक हुआ है तो गहलोत भी ज्यादा सर्तक, समझदार एवं चालाक हुए हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें बिछाने शुरू कर दिये हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ प्रतीत करेगा। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा प्रदेश की लगभग आठ करोड़ जनता को आजादी के अमृतकाल में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनाएगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है। सभी इस एक दिन के राजा को लुभाने में जुटे हैं। कोई मुफ्तखोरी की राजनीति का सहारा लेकर चुनाव जीतने की कोशिश करने में जुटा है तो कोई गठबंधन को आधार बनाकर चुनाव जीतने के सपने देख रहा है।

लेकिन भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह अपनी हार के कारणों को बड़ी गहराई से लेते हुए उन कारणों को समझने एवं हार को जीत में बदलने के गणित को बिठाने में माहिर है। गहलोत प्रखर नेता के रूप में न केवल भीतर संघर्ष कर रहे हैं बल्कि भाजपा को चुनौती देने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने दूरगामी सोच एवं राजनीतिक कौशल से अनेक प्रभावी योजनाओं को लागू किया है। आज राजस्थान एक ह्यआदर्श राज्यह्ल के रूप में उभरा है या नहीं? यह देश के सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले राज्यों में से एक है भी या नहीं है? यह विश्लेषण के विषय हैं। आज देश में राजस्थान की चर्चा सबसे अच्छी सड़कों, सबसे अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं, सबसे अधिक विश्वविद्यालयों व सबसे आगे बढ़ने वाले राज्य से अधिक गहलोत की योजनाओं के रूप में हो रही है और यह सब योजनाएं चुनावी रथ पर सवाल होकर जीत को सुनिश्चित करने की चेष्ठा है।

आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश एवं प्रदेश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि "अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।"

राजस्थान के चुनाव का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी, अशिक्षा, स्वास्थ्य आदि समस्याओं पर नकेल डाली जा सकती है। लेकिन देश एवं प्रदेश बनाने एवं विकास की ओर अग्रसर करने की बजाय सभी दल मुक्त रेवडियां बांट कर एक अकर्मण्य पीढ़ी को गढ़ने की कुचेष्टा करते हैं या येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीत का सेहरा अपने सीर पर बांधना चाहते हैं। कई बार तो ऐसी घोषणाएं भी कर दी जाती हैं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं होता। उन्हें या तो आधे-अधूरे ढंग से पूरा किया जाता है या देर से अथवा उनके लिए धन का प्रबंध जनता के पैसों से ही किया जाता है। उदाहरणस्वरूप दिल्ली एवं कर्नाटक सरकार ने बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा करने के लिए बिजली महंगी कर दी या नई गलियां निकाल ली।

इसी तरह पंजाब सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ा दिया। चुनाव जीतने के लिए वित्तीय स्थिति की अनदेखी कर लोकलुभावन वादे करना अर्थव्यवस्था के साथ खुला खिलवाड़ है। इस पर रोक नहीं लगी तो इसके दुष्परिणाम जनता को ही भुगतने पड़ेंगे। जो चुनाव सशक्त एवं आदर्श शासक नायक के चयन का माध्यम होता है, उससे अगर नकारा, ठग एवं अलोकतांत्रिक नेताओं का चयन होता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं देश की विडम्बना है।

लेकिन गहलोत की ताजा शिक्षा योजना यदि चुनाव से न जुड़ी होती तो इस एक योजना से वे अनुकरणीय एवं आदर्श राजनेता बनकर उभरते? प्रश्न है कि ऐसी योजनाएं चुनाव के समय ही क्यों लागू की जाती है? आजादी के अमृतकाल में भी देश का गरीब तबका समुचित शिक्षा से वंचित है। विद्यालयों की फीस देने में वह खुद को असमर्थ पाता है जिसकी वजह से उसमें हताशा का संचार भी देखने भी आया है। लोकतन्त्र में यह दायित्व सरकारों का ही होता है कि वे आम आदमी के जीवन की आवश्यक जरूरतों की पूर्ति करने की व्यवस्था करें।

# नींद हराम करती वर्तमान पीढ़ी

**मनोज शर्मा**

**नींद** का खोना सेहत का रोना, कई बीमारियों की जड़ है अनिद्रा

अच्छी नींद के लिए शरीर का थकना बेहद जरूरी है। आज के युवा रात में सो नहीं रहे क्योंकि वे नौकरी ही दूसरे देश की करते हैं या फिर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं।

सेहत को लेकर यह नसीहत पुरानी है कि नींद अच्छा तो स्वास्थ्य भी अच्छा। पर बहुत कम ही लोग हैं जो नींद और सेहत के संबंध की गंभीरता को समझते हैं। मौजूदा जीवनशैली तनाव बढ़ाने वाली है। साथ ही खानपान को लेकर भी लोग ज्यादा सतर्क नहीं रहते है। साथ ही अपेक्षित शारीरिक श्रम का भी लोगों के जीवन में अभाव है। इस कारण लोग तेजी से कई गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो रहे हैं। अच्छी नींद के लिए हमें सबसे पहले अपनी जीवनशैली में सुधार करना होगा और कुछ बातों का सख्ती से नियमित पालन करना होगा। इसी तरह शाम होने के बाद ज्यादा चाय-कॉफी से दूर रहें तो बेहतर होगा। सोने जाने के एक घंटे पहले रात का खाना जरूर खा लें। रात को हल्का और सुपाच्य भोजन लें। नींद की समस्या ज्यादा परेशान कर रही है तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें क्योंकि यह किसी और बीमारी का भी लक्षण हो सकता है।


सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए न्यूज पोर्टल खोलकर पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या है। तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और वाट्सऐप पर इधर-उधर की बातें पढ़ना और भेजना।

सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें। अपनी मनपसंद कोई हल्की-फुल्की किताब पढ़ें और किसी भी तरह की विवादित बात न सोचें। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको ही निकालना होगा। कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है।

फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें।नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है। तो यह सोच लें कि तनाव लेने भर से कोई काम आसान नहीं हो जाता है।

**नौकरी को लेकर अति संवेदनशील रहने वाले लोग भी अनावश्यक तनाव लेते हैं।**

एक समय नौ से पांच की नौकरी का मजाक उड़ाने वाली पीढ़ी आज चौबीस गुणे सात के जाल में उलझ गई है। लेकिन अब लोग सेहत और काम के बीच के तनाव के बारे में जागरूक भी हो रहे हैं।



# नाले में मिले नर कंकाल... से लेकर बरी होने तक ऐसी है निठारी कांड की कहानी

एक देश का सबसे सनसनीखेज निठारी हत्याकांड है। नोएडा से बहुत सारे बच्चे और लड़कियां लापता हो गई। साल 2005 में निठारी के पुलिस स्टेशन में लगातार बच्चों के गायब होने की कंपलेन आ रही थी। पुलिस इन बातों को सीरियस नहीं ले रही थी और मान रही थी कि मां-बाप अपने बच्चों की उम्र कम बता रहे हैं। मिसिंग बच्चों में सबसे ज्यादा लड़कियां ही थी, इसलिए पुलिस को लगता था कि वो घर छोड़कर भाग गई हैं। लेकिन 2005 में नोएडा के सेक्टर डी-5 में क्रिकेट खेलते बच्चों को पीछे नाले में एक हाथ मिला और इस एक हाथ ने पूरे इलाके को हिला दिया था। 29 दिसंबर 2006 में हुए एक खुलासे नें देश को हिला कर रख दिया था। फिर धीरे धीरे एक नाले से लाशे मिलने लगी। लाशों को काटने और पकाकर खाने के किस्से सुने-सनाए जाने लगे। फिर सुरेंद्र कोली और मोहिंदर सिंह पंढेर को दोषी बनाया गया व मौत की सजा हुई। अब इसी केस पर बीते दिनों इलाहबाद हाई कोर्ट ने दोनों दोषियों को सजा से बरी कर दिया।

**इलाहबाद हाई कोर्ट का बड़ा फैसला**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 16 अक्टूबर को दिल्ली एनसीआर के सबसे चर्चित निठारी हत्याकांड के दोषी सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर की फांसी की सजा को रद्द कर दिया। साथ ही दोनों को दोषमुक्त भी करार दिया। हाई कोर्ट ने दोनों दोषियों की 14 अर्जियों पर सुनवाई के बाद फैसला सुनाया। इनमें से 12 मामलों में सुरेंद्र कोली और 2 में मोनिंदर सिंह पंढेर को फांसी की सजा सुनाई गई थी।



**निठारी हत्याकांड की टाइमलाइन** दिसंबर 2006

हत्याएं पहली बार तब सामने आईं जब नोएडा के निठारी में मोनिंदर सिंह पंढेर के घर डी5 के पास एक नाले में मानव अवशेष पाए गए। पंढेर और उसके घरेलू सहायक सुरिंदर कोली पर निठारी के आसपास के गांवों से बच्चों और महिलाओं का अपहरण और बलात्कार करने, नरभक्षण का कार्य करने और उनके शवों को इलाके के एक नाले में फेंकने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने नाले से कुछ लापता लड़कियों के कंकाल और अन्य सामान बरामद करने के बाद 29 दिसंबर 2006 को दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। कोली ने कथित तौर पर कई लड़कियों की हत्या कर दी थी और उनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर उन्हें उनके घर के बाहर फेंक दिया था।

2006-2009 सीबीआई की कई टीमों ने निठारी स्थित घर का दौरा किया और आरोपियों से पूछताछ की। पुलिस ने 19 अलग-अलग लड़कियों के खिलाफ अपराधों से संबंधित पंढेर और कोली के खिलाफ 19 एफआईआर दर्ज कीं और सीबीआई ने उनमें से 16 में आरोपपत्र दायर किया।

13 फरवरी, 2009

कोली और पंढेर को 14 वर्षीय लड़की के बलात्कार और हत्या के लिए एक विशेष सीबीआई अदालत ने दोषी ठहराया और मौत की सजा सुनाई, जो कई पीड़ितों में से एक और पहला मामला था।

2011-2014

इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक अपील में कोली की मौत की सजा की पुष्टि की गई, जबकि पंढेर को बरी कर दिया गया। इसके बाद कोली ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की, जो 2011 में खारिज हो गई। बाद में, कोली की एक समीक्षा याचिका को भी 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। 2015 जनवरीइलाहाबाद हाई कोर्ट ने दया याचिका के निपटारे में अत्यधिक देरी का हवाला देते हुए इस मामले में कोली की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। सीबीआई ने कहा था कि पीड़िता 12 अक्टूबर 2006 को लापता हो गई थी। उसकी पहचान पंढेर के घर के पीछे मानव अवशेषों से मिले कपड़ों से हुई थी।

2017गाजियाबाद में सीबीआई की विशेष अदालत ने 25 साल पुरानी सहायिका से बलात्कार और हत्या के मामले में पंढेर और कोली को मौत की सजा सुनाई।

2023अदालत ने पंढेर को दो और कोली को 12 मामलों में बरी कर दिया; बाद वाले को एक मामले में दोषी ठहराया गया है और वह जेल में रहेगा। 14-वर्षीय पीड़िता (2009 का मामला) के पिता ने कोली की मौत की सजा को कम करने वाले हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। यह लंबित है।

16 अक्टूबर, 2023: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सबूतों के अभाव में दोनों को बरी कर दिया।

**नार्को टेस्ट में कोली के 'अंदर का शैतान' वाला खुलासा**

कोली को लगता था कि उसकी हत्या की इच्छा उसके नियोक्ता पंढेर की वजह से थी। कोली को लगा कि मारने, काटने और खाने की उसकी अचानक इच्छा और मरना, काटना, खाना के लिए पंढेर जिम्मेदार है। मैं भी तो यही चाहता था, मेरी जिंदगी में शैतान जाग उठे (मुझे भी ऐसा लगता था, मेरे अंदर का शैतान जाग उठता था)। माना जाता है कि कोली ने परीक्षण के दौरान यह बात कही थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर आरोप पत्र के अनुसार, कोली को नेक्रोफिलियाक कहा गया था। डीएफएस रिपोर्ट में कहा गया था कि कोली को कोई मानसिक या व्यक्तित्व विकार नहीं था। कोली ने डीएफएस परीक्षणों के दौरान उल्लेख किया था कि कॉल गर्ल्स लगभग हर रात घर में आती थीं और, छाया से देखने के बाद, उन्हें अपनी इच्छाओं को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता था। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि कोली को सपना आता था कि एक लड़की सफेद पोशाक में उसे चिढ़ा रही है, इस कारण वह लड़कियों से बलात्कार और फिर हत्या का आरोपी बना था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पंडालों के खुले पट, उमड़ी भक्तों की भीड़

## स्पीड न्यूज

### कुजू में खुला पट, उमड़ी भीड़



**कुजू।** कुजू एवं आसपास के क्षेत्रों में महा षष्ठी शुक्रवार की संध्या मां दुर्गा प्रतिमा के पट खोल दिए गए। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति प्राचीन शिव-दुर्गा मंदिर कुजू में यहां देवी के तीन स्वशरूपों की प्रतिमाएं स्थामपित की गई हैं। दूसरे पूजा पंडालों में भी मां की प्रतिमाओं के पट खोल दिया गया। इसी के साथ क्षेत्र में दुर्गा पूजा मेला शुरू हो गया है। लोग पंडालों में जाकर मां की प्रतिमाओं के दर्शन कर रहे हैं। क्षेत्र के मुरपा में आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने फीता काटकर पंडाल का उदघाटन किया। वहीं कुजू कोलियरी, बंगाली टोला आदि स्थानों में शनिवार को महा सप्तमी की पूजा की गयी। महासप्तमी माता रानी के महास्नान को लेकर शनिवार की सुबह श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कुजू व क्षेत्र के अन्य जगह से कलश यात्रा निकाली गयी। क्षेत्र के ओरला, तोपा, सांडी, बोंगावार, करमा, धनबेड़वा, आरा, सारूबेड़ा आदि स्थानों में दुर्गा पूजा को लेकर आकर्षक पंडाल व विद्युत सज्जा किया गया।

### शहीदों को एसपी ने दी श्रद्धांजलि



**रामगढ़।** पुलिस केंद्र रामगढ़ में पुलिस संस्मरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर एसपी पीयूष पांडे व अन्य पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों ने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा अपने शस्त्र झुकाकर शहीदों को सलामी दी गई। कार्यक्रम के दौरान शहीद आरक्षी गौतम कुमार के परिजनों को सम्मानित किया गया।

### सब्जी विक्रेताओं की समस्या होंगी दूर



**रामगढ़।** सांसद जयंत सिन्हा का शनिवार को किसान मजदूर संघ ने बाजार समिति में स्वागत किया। सांसद कहा कि सब्जी विक्रेताओं को उनका अधिकार दिलायेंगे। उन्होंने कहा कि सब्जी विक्रेताओं की समस्या को दूर करने के लिए जिला प्रशासन, छावनी परिषद और सब्जी विकेताओं की बैठक आयोजित कर इनकी समस्या को दूर करने की पहल की जाएगी। पुराने डेली मार्केट में सब्जी बेचने वाले किसानो ने शनिवार को अचानक सुभाष चौक के निकट सड़क जाम कर दिया। जिससे वहां वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान सब्जी विक्रेता वहां सब्जी भी बेचने आरंभ कर दिए। बाद में जब इसकी सूचना रामगढ़ थाना पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और सब्जी विक्रेताओं को समझा बुझाकर जाम हटवाया।

### पंडाल का पीओ ने किया उद्घाटन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर स्थित ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में शनिवार को पीओ मनोज पाठक ने पूजा-पंडाल का उद्घाटन किया। इस दौरान पूजा समिति के लोगों ने पीओ को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मनोज पाठक ने मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के समक्ष मत्था टेक परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। पाठक ने कहा कि असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक है दुर्गा पूजा। पूजा से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष प्रदीप मांझी, सचिव बिहारी मांझी, श्रीनिवास अग्रवाल, डीके पंडित सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### प्रेम का संदेश देता दशहरा : अजय सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर बासन सहित आसपास के क्षेत्रो में शनिवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न पूजा पंडालो का विधायक अंबा प्रसाद, आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, बरका-सयाल जीएम अजय सिंह आदि अतिथियों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। सिंह ने मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। जीएम ने कहा कि मां दुर्गा सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण करती है। मौके पर मनोज सिंह, अशोक कुमार सिंह, अशोक दुबे, पप्पू सिंह, राकेश सिंह, विनय सिंह, रणविजय सिंह, रामजनम सिंह, प्रवीण शर्मा, शैलेंद्र सिंह, विरेन्द्र सिंह, विक्रम गुप्ता, कृष्ण सिंह, विकास सिन्हा, सुनील सिन्हा, बिरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, सुनील सिंह, बलराम सिंह, धनंजय सिंह, राजेश सिंह, संजय मिश्रा, संजय वर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## भुरकुंडा, भदानीनगर और बासल हुआ भक्तिमय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल भदानीनगर, बासल, सयाल, उरीमारी सहित आसपास क्षेत्रो में शनिवार को महासप्तमी पूजा के साथ पूजा पंडालो के पट खुल गए। इस शुभ अवसर पर नवपत्रिका प्रवेश पूजा, प्रतिमाओ की प्राण प्रतिष्ठा सहित कई पूजा अनुष्ठान हुए। मौके पर मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा अराधना श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, आरती क्षमा प्रार्थना आदि अनुष्ठान हुए। रविवार को महाअष्टमी की पूजा अर्चना होगी। साथ शाम में 5 बजकर 18 मिनट पर संधि बलि सहित कई पूजा अनुष्ठान होंगे। इधर पंडालो के पट खुलते ही मां के दर्शन और पूजा के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पंडालो के अंदर बेहतरीन सजावट के बीच मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाए स्थापित की गई है। इस बार भी पंडालो के अंदर और बाहर और रंग बिरंगे विद्युत बल्बो से बेहतरीन ढंग से साज सजावट की गई है। सभी ओर मां दुर्गा के वैदिक मंत्रो और भक्ति गीतो से क्षेत्र गूंज रहे हैं। दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर भक्तो मे उमंग और उत्साह का माहौल है। इधरद सौंदा डी में पूर्व संसद भवन और नेहरू पार्क रिभर साईड में बने केदारनाथ मंदिर का भव्य पूजा पंडाल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस बार भी भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रो में दो दर्जन से अधिक जगहो पर पूजा पंडाल बने हैं। भुरकुंडा पूरणराम चौक, बिरसा चौक, रिकरेशन कलब, बौनर धौड़ा, जवाहर नगर, सौंदा डी कलब घर, जयनगर, सेंट्रल सौंदा मैदान, सीसीएल सौंदा क्लब घर, को-ऑपरेटिव, रिभर साईड शास्त्री पार्क, गांधी पार्क, नेहरू पार्क, भदानीनगर ग्लास फैक्ट्री, लपंगा, पटेलनगर, सौंदा बस्ती, केके कोलियरी पोडा, सयाल, उरीमारी, चैनगड्डा, सयाल टिपला, दत्तो, पोडा, रसदा, बलकुदरा आदि कई जगहो पर एक से बढ़कर एक पूजा पंडालो का निर्माण हुआ है। विभिन्न मंदिरो के थीम पर पंडाल बने है।



बिरसा चौक में स्थापित मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करते लोग।



रिभर साईड नेहरू पार्क में बना केदारनाथ मंदिर स्वरूप आकर्षक पूजा पंडाल



सौंदा डी में मां दुर्गा की आकर्षक मूर्ति।

## बरही में मां के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही में शारदीय नवरात्रि के सप्तमी पूजा के साथ ही बरही के विभिन्न पूजा पंडालों के पट खुल गए है। इसके साथ ही मां दुर्गा की आकर्षक और भव्य प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ने लगा है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में माता के सप्तम स्वरूप माता कालरात्रि की आराधना भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ की। अहले सुबह से ही पूजा पंडालों और मंडपों में महिलाओं से लेकर युवाओं और युवतियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। हाथो में पूजा की थाली लिए भक्तों की भीड़ हर पंडाल और मंडप में देखने को मिली। हर एक भक्त मां के दिव्य स्वरूप के दर्शन की अभिलाषा लिए याचक बन कर पंडाल और मंडप में दिखा और विधि विधान के साथ माता को लाल चुनरी के साथ प्रसाद का भोग अर्पण किया। फल फूल और पूजन सामग्री से मां की पूजा अर्चना कर उनका आवाहन किया।

### उपायुक्त व एसपी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



इस मौके की स्थिति का अवलोकन करने उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड, धनबाद रोड, पटना रोड, करियातपुर पहुंचकर पूजा पंडाल का निरीक्षण कर समिति के पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि बरही के लिए यह उपलब्धि हैं कि इस धरती के लोग काफी सजग व जागरूक हैं।

उन्होंने कहा कि बरही की धरती साम्प्रदायिक सद्भाव का मिशाल हैं। लोग बरही को शांति के लिए जानते हैं। एसपी चोथे मनोज रतन ने लोगो से अपील किया कि वॉलिंटियर शराब के नशे में न रहे, झगड़ा या समस्या उत्पन्न करने वालों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। युवाओं को सोशल मीडिया पर ज्यादा समय न देने की अपील की। कहा कि गलत संदेश फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त व एसपी के साथ एसडीओ पूनम कुजुर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, पूजा समिति गया रोड के अध्यक्ष उदय केशरी, महासचिव बलराम केशरी, उपाध्यक्ष शिवा निषाद, कोषाध्यक्ष बिनोद केशरी, पप्पू केशरी, सुजीत कुमार, अभिषेक निषाद, धनबाद रोड पूजा समिति अध्यक्ष छोटन ठाकुर, मनोज उपध्याय, अमित जायसवाल, पटना रोड अध्यक्ष दिनेश साव, नागेश्वर साव, भुनेश्वर साव, युवराज साव सहित अन्य पूजा समिति के पदाधिकारी शामिल थे।

## बार एसोसिएशन के काउंटिंग में मारपीट

### सभी एक हैं, मिलजुल कर काम करेंगे : अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले का बार एसोसिएशन चुनाव में बहुत गहमा-गहमी रहा। शुक्रवार को काउंटिंग के बाद अध्यक्ष पद पर राजकुमार राजू की जीत के बाद एक तरफ जश्न का माहौल था तो दूसरी ओर कुछ लोगो में मायूसी छा गयी। राजकुमार राजू अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जवाहर प्रसाद से 35 वोटो से जीते थे। जीत की खुशी मनाई ही जा रही थी की किसी बात को लेकर वहां अचानक माहौल बदल गया और कुछ लोग आपस में उलझ पड़े। अचानक वहां पहुंचे कुछ लोग आपस में कुटम-कुटाई करने लगे। दुःख की बात यह रही की बार एसोसिएशन की चुनाव जिले के अन्य संघो के चुनाव के लिए पथ प्रदर्शक रहा है। बार एसोसिएशन की चुनाव को उदाहरण मान कर उसी की तर्ज पर अन्य संघो की चुनाव होती है, वहां ऐसी घटनाओ का घटित होना आश्चर्य से कम नहीं। खैर घटना के बाद आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। अन्य पद की उम्मीदवारों की काउंटिंग स्थगित कर दी गयी है। दोषारोपण जारी है।



इधर मारकुटाई के बाद बार के कई सदस्य काउंटिंग स्थगित कर फिर से चुनाव कराने की मांग कर रहे है।

वहीं इस मामले पर बार एसोसिएशन के पूर्व व वर्तमान अध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा की मुझे किसी पर दोषारोपण नहीं करना है। कुछ बाहरी व असामाजिक तत्वों के कारण ऐसा हुआ है। जीत हार चुनाव में चलती रहती है। लोगो ने जात-पात से परे मुझे वोट दिया जिसका मैं शुक्रगुजार हूं। पिछले टर्म में मेरे द्वारा किये गए कार्यो के आधार पर मुझे वोट मिला है। कोशिश होगी की अन्य पदों का भी काउंटिंग करा लिया जायेगा और संगठन को और मजबूत करने के प्रक्रिया में लग जाना होगा। सभी एक हैं, मिलजुल कर काम करेंगे। कोई चिंता की बात नहीं।

## ग्रामीणों के बिना सहमति से नहीं ले सकता जमीनः रोशन

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा गांव के ग्रामीणों के द्वारा पिछले 193 दिनों से लगातार कंपनी के खिलाफ धरने पर बैठे ग्रामीणों को अपना समर्थन देने पहुंचे आजसू केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी। श्री चौधरी ने कहा कि एकता में बल होता है आप सभी ग्रामीण एक हैं तो कोई भी आपका जमीन नहीं ले सकता है। कहा कि जब यहां के ग्रामीण जमीन नहीं देना चाहते तो क्यों कंपनी जबरदस्ती क्यों कर रही है। बड़कागांव में एनटीपीसी को जमीन देने के बाद वहां के रैयतो का क्या हाल है वह सभी मालूम है। बिना ग्रामीणों के मर्जी से कोई भी कंपनी या सरकार ग्रामीणों के साथ जबरदस्ती ना करें। 193 दिनों से धरने पर बैठे ग्रामीणों से मिलने आज तक ना सरकार का कोई लोग आए और ना ही प्रशासन के कोई लोग आए यह काफी निंदनीय है। हम और हमारा आजसू पार्टी आपके इस आंदोलन के साथ खड़ा है। मौके पर मुख्य रूप से आजसू रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी,मुखिया वासुदेव यादव,पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, आंदोलनकारी विकास महतो,आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ,प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा,सुरेश गिरी,तुलेश्वर राम सहित दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सभी वर्गों का ध्यान देता है झामुमोः संजीव बेदिया

### पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक में संगठन मजबूत करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक शनिवार को मेन रोड भुरकुंडा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य एवं हजारीबाग जिला के मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया उपस्थित थें। बैठक में संगठन की मजबुती पर बल देते हुए जन समस्याओं के समाधान पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पूंजी होते हैं। कार्यकताओं के बल पर कोई भी पार्टी मजबुती के साथ आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा कि झामुमो सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखने वाली पार्टी है। इसमें सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि झामुमो का उद्देश्य ही क्षेत्र का चहुंमुखी विकास व योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। मुख्य अतिथि श्री बेदिया ने सबों को नवरात्र की बधाई देते हुए कहा कि हमारे पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण माहौल एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।



मौके पर झामुमो जिला सचिव विनोद महतो, जिला पार्षद जयराम बेदिया, प्रखंड अध्याक्ष राजेंद्र बेदिया, प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल, संजय वर्मा, मुकेश राउत, हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, इमामुल अंसारी, उदय मालाकार, बिरेन्द्र यादव, शौकत अंसारी, इसलाम अंसारी, टिंकु बेदिया, नरेश बेदिया, दौलत सिंह, चरकु बेदिया, प्रदीप बेदिया, शहनवाज खान, इरसाद अंसारी, रमेश साव, प्रकाश बेदिया, नारायण यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। बैठक में संजीव बेदिया ने सबों के बीच मिठाई का वितरण कर दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी।

## एक नजर में

### दुर्गा पूजा को ले पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**बरही।** दुर्गा पूजा को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शान्ति बहाल करने को लेकर बरही पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च करते हुए शहर के विभिन्न मुहल्लों की सड़कों से पुलिस के जवान व अधिकारी गुजरे। एसडीओ पूनम कुजुर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, सीओ रामनारायण खलखो के नेतृत्व में फ्लैग मार्च की शुरूआत थाना परिसर से हुई। एसडीओ ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारी पूरी है। विशेषरूप से आपराधिक तत्वों ओर कड़ी नजर रखी जायेगी ताकि समाज मे शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि सभी पंडालों को सीसीटीवी से पूरे शहर पर नजर रखी जाएगी। सभी जगहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेंगे। एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने जानकारी देते हुए बताया कि असामाजिक तत्वों पर निरोधात्मक के साथ साथ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

### टाटीझरिया में धूमधाम से हो रही है दुर्गा पूजा

टाटीझरिया। झरपो, कोल्हू ,टाटीझरिया दुर्गा पूजा मंदिर परिसर को श्रद्धालु भक्त गणों द्वारा बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस वर्ष भी आश्विन महीने के षष्टी तिथि की संध्या में बिल्व वृक्ष पूजन पुन: सप्तमी तिथि को प्रात: काल में पेकी ,हल्दी, जौ,पीपल ,बिल्व वृक्ष में लगा जोड़ा फल , अदरख, अपराजिता ,धान बाल नव वस्तुओं से केला के स्तंभ में निर्मित माता नव दुर्गा की आकृति स्वरूप नदी ,तलाब परिसर में आचार्य पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर महास्नान पूजा अर्चना आराधना कर दुर्गा माता की पूजा अर्चना आरंभ किया गया। वही झरपो में शारदीय दुर्गा महाष्टमी पूजा को लेकर पुरोहित जगदीश मिश्र ,रामलखन पांडेय ,मनोज पांडेय , महेंद्र पांडेय,प्रदीप पांडेय, संजय पांडेय,विशाल पांडेय,पप्पू पांडेय ने कहा कि इस वर्ष रविवार को शाम 5:25 मिनट में संधिपूजन कार्यक्रम होगा इसलिए भक्तगण इसके पूर्व प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक ही पूजा कर सकेंगे । पूजा को सफल बनाने में भूमिदाता सह व्यवस्थापक किशोरी प्रसाद ,निगरानी समिति झरपो अध्यक्ष शिबुप्रसाद सोनी,भुनेश्वर प्रसाद, रामलखन पांडेय,मनोज पांडेय ,वकील पांडेय,अनुज कु .वर्मा, रामलखन राणा, छक्कन पांडेय,अर्जुन प्रसाद,कुलदीप प्रसाद,जयनाथ महतो ,जयनाथ प्रसाद,झमन राम,रामबिलाश शर्मा,महावीर यादव,वकील पांडेय, चंद्र प्रसाद संग कई ग्रामीण शामिल है।

### चरही में नव पत्रिका और वेलवरण पूजा

चरही ।शनिवार को चरही, जरबा,तापीन साउथ,तापीन नार्थ,चुरचू और प्रेमनगर में भगवती दुर्गा का कलश यात्रा निकाला गया ।साथ ही नवपत्रिका स्नान कराकर भगवती की पूजा-अर्चना विधिवत गई ।मंदिर प्रांगण से पूरे गावं में डोली को भ्रमण कराया गया। प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,पंडित उपेंद्र कुमार शास्त्री व मुख्य पुजारी अजित कुमार सिंह,भूतपूर्व जिप सदस्य परमेश्वर महतो,आचार्य बालमुकुंद बाबा, आनंद बाबा,सूरज शास्त्री,जिप सदस्य बासुदेव करमाली एवं पूजा कमिटी के अध्यक्ष भुवनेश्वर ठाकुर के द्वारा फीता काटकर मां दुर्गा का पट खोला गया ।इस पर पूजा कमिटी के संरक्षक उमेश कुमार सिंह,रोहन ठाकुर,मुरारी सिंह,रामचरण करमाली उपाध्यक्ष लाल सिंह, निरज सिंह, राजू ठाकुर, सह सचिव सत्येन्द्र नारायण सिंह,मनेंद्र सिंह,कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद,उप कोषाध्यक्ष दिलचन्द रविदास, रामदेव महतो के अलावे पूजा कमिटी के सदस्यगण उपस्थित थे।

### बड़कागांव बादम रोड में कैलाश वस्त्रालय खुला

बड़कागांव ।मुख्य चौक बादम रोड में मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कैलाश वस्त्रालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उद्घाटन पूर्व पूजा अर्चना किया गया। कैलाश वस्त्रालय के प्रोपराइटर लेखराज जायसवाल ने बताया कि हमारे यहां उचित मूल्य पर जींस - शर्ट आदि उपलब्ध है। दुकान में ग्राहकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मौके पर दिनेश सिन्हा, सुभाष सिंह,गौतम वर्मा, मो सलीम, मो अशिन,राहुल तिवारी,अजय तिवारी,शिवम तिवारी,निशांत तिवारी, राहुल सोनी के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### झुमरा हाट में मुखिया ने साफ कराया कचरा

दारू :प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झुमरा में सप्ताह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को एक बड़े पैमाने पर बाजार हाट लगता है। जिसमे क्षेत्र के कई गांवों के लोग आवश्यक चीजों को खरीदते व बेचते हैं,बाजार लगने के बाद शाम को गंदगी का अंबार लग जाता है कई दुकानदारो ने दुकान से निकले कचरे को बजार हाट के सामने फेंक देते है जो धीरे धीरे कचरों का अंबार बन जाता है। बाजार समिति का लीज नही होने के कारण बाजार में चूंगी नहीं भराया जाता है । इससे सरकार को भी राजस्व की घाटा है साथ ही कोई अपने निजी खर्चे से साफ सफाई नहीं कराना चाहता है। शनिवार को रामदेव खरिका पंचायत के मुखिया पुत्र प्रभात सिंह ने दुर्गा पूजा को देखते हुए अपने निजी खर्चे से बाजार में लगे कचरे के अंबार को साफ करवाया। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले ही मैंने एक बार कचरे के अंबार को साफ करवाया था परंतु यहां के दुकानदार दुकान से निकले कचरे को

## स्पीड न्यूज

### मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी ने शस्त्र पूजा कर स्थापना दिवस मनाया

**भंडरा।** विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी की स्थापना दिवस के अवसर पर दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति के द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल में शस्त्र पूजा कर स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर दुर्गा वाहिनी के द्वारा दुर्गा पूजा के पंडाल में शस्त्र पूजा कर महिला शक्ति का प्रदर्शन किया गया। मौके पर महिलाओं ने कहा कि धर्म से लेकर इतिहास गवाह है की महिला मातृशक्ति समय समय पर दुश्मनों का दांत खट्टा किया है। देश की रक्षा का मामला हो या धर्म रक्षा महिला शक्ति दुश्मनों को मार भगाया हे। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र साहू, आनंद दुबे, दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की सदस्य, पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### कार-बाइक की टक्कर में तीन घायल

**कुडू, लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के कुडू रांची मुख्य पथ एन एच 75 पर चेटर मोड़ पर कार और बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें कुडू सरकारी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर रेफर किया गया। बताया जाता है कि मारूति कार रांची से लोहरदगा जा रही थी, तभी चेटर मोड़ से बाइक अचानक निकली, जिससे दोनों में टक्कर हो गयी। दुर्घटना में कुडू पंडरा के नसीमा खातून, मांडर करगे निवासी खलील अंसारी एवम इनकी पत्नी हसीना खातून घायल हो गये।

### लोगों ने किया भागवत कथा का रसपान



**घाघरा।** थाना चौक स्थित दुर्गा मंदिर में भागवत कथा का आयोजन शुक्रवार रात 9 बजे से किया गया। जहां आचार्यों ने हजारों भक्तों को भागवत कथा का रसपान कराया। साथ ही मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। वही माध्वंश क्लब घाघरा ने दुर्गा पूजा पर भव्य भंडारा रखा। मौके पर नीरज कुमार, राहुल कुमार, बसंत साहू, विपिन साहू, दीपक कुमार, विक्की साहू, सचिन कुमार, चंद्रशेखर भगत, मुकेश महापात्रा भी थे।

### वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया मिशन चौक पूजा पंडाल का उद्घाटन



**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह सूबे के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न पंडालों में पहुचकर मां दुर्गे का आशीर्वाद प्राप्त किया। वही इस दौरान उन्होंने शहरी क्षेत्र के मिशन चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पंडाल में विराजमान मां शेरावाली का दर्शन पूजन किया। मौके पर उन्होंने मां दुर्गा से जग कल्याण के लिए वरदान मांगा। पुरोहित रामसेवक पाठक ने पूजन कराया। मौके पर मंत्री के पीएस संजय दूबे, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, दीपक जायसवाल, मनोज जायसवाल, राजू अग्रवाल, चंदन अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, अशोक यादव, प्रदीप अग्रवाल, सुनील जायसवाल, पंकज जायसवाल भी थे।

### मूर्ति निर्माता, कलाकार व पंडाल सज्जा में जुटे लोगों को किया गया सम्मानित



**लोहरदगा।** झारखंड कुम्हार समन्वय समिति लोहरदगा जिला के तत्वाधान में हनुमान मंदिर परिसर पुराना शुक्र बाजार के प्रांगण में दुर्गा पूजा पर मूर्ति निर्माता कलाकार एवं पंडाल सजा में अहम भूमिका निभाने वाले कलाकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम में कलाकारी एवं साज सज्जा में कुम्हार वर्ग के लोगों की अहम भूमिका होती है। अत: इस तरह के कार्यक्रम से उनका मनोबल बढ़ेगा और अपने क्षेत्र में और अधिक सक्रियता से काम कर पायेंगे। कार्यक्रम में मूर्ति कलाकार संजय प्रजापति, राजू प्रजापति, विनोद प्रजापति, ननका प्रजापति एवं पंडाल सजा निमार्ता में अरुण प्रजापति, नागेंद्र प्रजापति एवं सत्य केतु प्रजापति को सम्मानित किया गया।

### मां की आराधना को उमड़े श्रद्धालु

**चैनपुर।** दुर्गा पूजा को लेकर चारों तरफ उत्साह का माहौल है। भक्तिमय संगीत की धुन चारों ओर सुनाई दे रही है। शनिवार को माहासप्तमी पर माता दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा पूरे विधि विधान से हुई। पट खुलते ही चैनपुर दुर्गा मंदिर में मां के दर्शन एवं पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। मां की एक झलक पाने को भगत ललायित नजर आ रहे थे। लोग उत्साह के साथ मां दुर्गा की आराधना में पूरी तरह से लीन हो चुके हैं।

### अपने कर्तव्य के दौरान देश के लिए शहीद होना गौरव की बात: एसपी



**गुमला।** पुलिस संस्मरण दिवस पर शनिवार को पुलिस लाइन चंदाली में वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान देश की आंतरिक सुरक्षा में जान गंवाने वाले गुमला सहित झारखंड के वीर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। एसपी हरविंदर सिंह सहित कई पुलिस पदाधिकारियों व जवानों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वहीं शहीद वेदी के समक्ष पुलिस जवानों ने सशस्त्र सलामी दी। एसपी ने कहा कि अपने कर्तव्य के दौरान देश के लिए शहीद होना गौरव की बात है। शहीदों की वीरगाथा कभी भुलाया नहीं जा सकता। जवान अपने कर्तव्य से कभी पीछे नहीं हटत। हर मौसम में वे अपनी ड्यूटी निभाते हैं। पुलिस का लक्ष्य है जनता को हर दृष्टिकोण से सुरक्षा देना। बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रींग में चीनी सेना के आक्रमण में सीआरपीएफ अधिकारी करम सिंह अपने 20 साथियों के साथ शहीद हो गये थे।

# माता के दर पर जुट रही भक्तों की भारी भीड़

## मां तू मुझे दर्शन दे... बेलवरण व नव पत्रिका प्रवेश के साथ शक्तिस्वरूपा मां दुर्गा की पूजा आरंभ

- पूजा पंडालों के खुले पट, मां के दर्शन के लिए भक्तों ने लगायी हाजिरी, चहुंओर उत्साह का माहौल

**खबर मन्त्र टोली**

**गुमला।** बेलवरण के साथ गुमला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को शक्तिस्वरूपा मां दुर्गा की पूजा श्रद्धा और भक्ति के साथ आरंभ हो गयी। शंख घंट और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बिल्व वृक्ष की पूजा की गयी। बिल्व शाखा ग्रहण के साथ ही नवपत्रिका प्रवेश और नेत्रदान की विधि संपन्न हुई। प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय की पूजा हुई।

**विश्व कल्याण की कामना**

सामूहिक महाआरती के बाद विश्व कल्याण की कामना मां दुर्गा से की गयी। शारदीय नवरात्र की सप्तमी पूजा के साथ ही पूजा पंडालों के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। पूजा पंडालों के पट खुलते ही माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शाम होते ही गुमला जिला मुख्यालय के सभी पूजा पंडाल दुधिया प्रकाश से जगमग हो उठे। वैदिक मंत्रोच्चारण और भक्ति गीतों से पूरे शहर में अध्यात्म की धारा प्रवाहित हो रहा था। सनातन धर्मावलंबियों ने मां दुर्गा के प्रति आस्था और विश्वास का भाव झलक रहा था। लोगों में त्योहार का उत्साह था।



देवी दुर्गा पूजा समिति का पंडाल।


























1. श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में मां की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। 2. बंगाली क्लब में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा। 3. रामनगर दुर्गा पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, गणेश व कार्तिकेय की प्रतिमा। 4. बिरसा मुंडा पार्क के बगल में देवी दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्थापित प्रतिमा। 5. भारतीय नवयुवक संघ पूजा पंडाल में स्थापित प्रतिमाएं और 6. जय भवानी संघ पूजा पंडाल में स्थापित प्रतिमा।

**चलंत झांकी आकर्षण का केंद्र**

बंगाली क्लब दुर्गा बाड़ी में बंगाली पद्धति से मां दुर्गा की पूजा की गयी। गुमला के भारतीय नवयुवक संघ द्वारा पूजा पंडाल में चलंत दुर्गा की झांकी आकर्षण का केंद्र बनेगा। पूजा को लेकर मालवीय नगर करौन्दी, ज्योति संघ, शक्ति संघ, रामनगर संघ में आकर्षक सजावट की गई है। इसी तरह से भारतीय नवयुवक संघ, अरुणोदय संघ, उर्मी अरमई डुमरडीह पूजा समिति, विश्व भारती संघ, मां भवानी संघ, दुधेश्वरी धाम सोसो आदि स्थानों में आकर्षक पंडाल में प्रतिमा स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा की गई है। इसके अतिरिक्त गुमला के ग्रामीण क्षेत्र मुरकुंडा, खोरा, टोटो, कसीरा, खरका आदि स्थानों में भी दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ आरंभ हो गया। गुमला जिला के पालकोट में भी पारंपरिक तरीके से मां दुर्गा की पूजा आरंभ किया गया। चारों ओर उल्लास का माहौल है। जिले के रायडीह, चैनपुर, डुमरी, जारी, सिसई, बसिया, बिशुनपुर घाघरा आदि प्रखंडों में भी मां दुर्गा की पूजा आस्था और विश्वास के साथ आरंभ हो गया। रंगीन रोशनी से पूजा स्थल जगमगा रहा था। वहीं भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया था।

# शारीरिक मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी : डॉ रामेश्वर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव किसको प्रखंड के बेटहट गांव में बेटहट 11 फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल मैच के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि शारीरिक मानसिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेल आवश्यक है वर्तमान युग में खेल के माध्यम से भविष्य को बेहतर बनाया जा सकता है खेल को खेल भावना से और नियमों के साथ अनुशासनात्मक तरीके से खेलना चाहिए। हमारी सरकार खेलों झारखंड के माध्यम से भी खिलाड़ियों को तराशने का काम कर रही है और खेल प्रशिक्षक और खिलाड़ियों को रोजगार देने का कार्य भी हमारे सरकार द्वारा किया जा रहा है ताकि पिछड़े क्षेत्रों से भी प्रतिभावान खिलाड़ियों को चुना जा सके ताकि वे ओलंपिक, एशियन गेम्स, राष्ट्रीय खेलों में देश और राज्य का नाम रौशन कर सकें। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, विजय भगत, शमशोन बखला, अमनोल तिर्की, राजकिशोर उरांव, सद्दुल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, राजेश लाल, ऐनुल अंसारी, रौनक इकबाल, फैयाज अंसारी, जॉनसन लकड़ा, संजय तुरी, बरखा लकड़ा, सुनीता देवी, जानकी देवी, संध्या उरांव, हीरामणि भगत, शीला देवी, शिलवंती देवी, सुजा बाखला उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव।

# लोहरदगा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित : सुखदेव

- सुखदेव भगत बसिया पहुंचकर सुशील कुमार होता से मिलकर जाना उनका कुशलक्षेम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत गुमला जिला के बसिया प्रखंड पहुंचकर गुमला जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुशील कुमार होता से मिलकर उनके कुशलक्षेम जाना तथा उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना किया। मालूम हो कि विगत 16 अक्टूबर को सुशील कुमार होता बसिया से रांची जाने के क्रम में सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। इसके साथ ही सुखदेव भगत वहां पर उपस्थित प्रखंड के कार्यकताओं से मिलकर संगठन के संबंध में जानकारी प्राप्त किये। उन्होंने सभी कार्यकताओं आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जोर जोर से तैयारी करने के साथ ही संगठन हित में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि कांग्रेस एक परिवार है। परिवार के हर सदस्यों को सुख-दुख में सहभागिता निभाने की आवश्यकता



कांग्रेस नेताओं के साथ लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत।

**खास बातें :** मौके पर लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति के सदस्य सह खिजरी विधानसभा एलडीएम कोऑर्डिनेटर आलोक कुमार साहू, लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शाहिद अहमद बेलू, बसिया कांग्रेस अध्यक्ष विकास साहू, जेडी नायक, अभय चौधरी, मुंतजिर खान, सुनीता टेटे,दिनेश साहू ,फुलेश्वर सिंह, गौरी चौधरी ,अखिल साहू, ज्ञान प्रकाश लकड़ा, निरोज टेटे, सहदेव राम, पीटर मिंज, जटा लकड़ा, तुलसी साहू, उदित टोप्पो, अजीत लकड़ा लक्ष्मी नाथ राम समेत अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मरीज की जीवन रक्षा के लिए किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दो यूनिट रक्तदान किया। जिसमें सिसई प्रखंड सह संयोजक अमर साहू व सिसई प्रखंड सेवा प्रमुख अमित सोनी ने मरीज की जीवन रक्षा के लिए रक्तदान किया। मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार सिंह, संगीता कुजूर, मुकेश सिंह, अनूप लाल सहित कई लोग उपस्थित थे

# मेला स्थल का डीसी, एसपी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के नेतृत्व में शारदीय नवरात्र के विजय दशमी में अवसर पर बक्सीडीपा से दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में आयोजित होने मेला कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को लोहरदगा उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमा, एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने मेला स्थल का निरीक्षण किया। साथ मेला स्थल में किये जा रहे विधि व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने मेला आयोजन को लेकर की जा रही सभी तैयारियों की जानकारी दी। वहीं उन्होंने मेला स्थल में लगने वाले मुख्य स्टेज, रावण दहन स्थल, पार्किंग, लोगों के आवागमन सहित सभी व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। वहीं अधिकारियों ने सभी स्थल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर अजय शाहदेव, ओम सिंह, अशोक यादव, मनोज गुप्ता आदि थे।

# जंगली हाथी ने वृद्ध को मार डाला, बुकमा में पसरा मातम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के सदान बुकमा गांव में जंगली हाथी ने शनिवार की सुबह 5:30 बजे के करीब 52 वर्षीय दुखन नगेसिया को कुचलकर मार डाला। इसके बाद हाथी कुछ देर तक शव के पास ही खड़ा रहा।

लोगों ने जब शोर मचाया तब हाथी जंगल की ओर भागा। वहीं कुछ देर में एक दूसरा हाथी भी वहां पहुंचा गया जो ग्रामीणों की शोर से जंगल की ओर भाग गया। जानकारी के अनुसार दुखन नगेसिया सुबह 5 बजे अपने मवेशियों को पुवाल देने घर से बाहर आया था। उस समय उसके साथ उसकी पत्नी लक्ष्मीनिया नगेसिया भी थी। तभी एक जंगली हाथी ने हमला कर दिया। जंगली हाथी के हमले से घबरा पति-पत्नी अलग-अलग दिशा में भागे। वहीं जंगली हाथी ने दुखन नगेसिया को सूंड़ से पकड़कर घर से कुछ दूर बगीचा टांड़ में ले जाकर कुचलकर मार डाला।

### मांझाटोली पंडाल में विहिप व मातृ शक्ति ने की शस्त्र पूजा, निकाली गयी शोभायात्रा



**रायडीह।** दुर्गा पूजा पंडाल मांझाटोली में विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति ने शास्त्र पूजन किया। साथ ही शोभा यात्रा भी निकाली गयी। जिसमें जय मां भगवती, जय श्रीराम की जय जयकार रही। इससे माहौल भक्तिमय हो गया। शोभा यात्रा के बाद बच्चियों ने डांस प्रोग्राम दिखाया। कार्यक्रम में मातृ शक्ति प्रखंड प्रमुख सरोज देवी, जिला विभाग सयोजक मुकेश सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक रविन्द्र सिंह, जिला मंत्री केशव चंद्र साय, प्रेम प्रसाद, शंभू प्रसाद, सुबोध प्रसाद, बसंत राखी कुमारी, अंजली देवी कुंती देवी आदि उपस्थित थे।

# अंग्रेजों के शासनकाल में घाघरा के थानेदार ने शुरू की थी दुर्गा पूजा

- दुर्गामंदिर घाघरा में मां दुर्गा की उपासना 96 सालों से अनवरत है जारी
- प्रखंड के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर होती है मां दुर्गा की पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** थाना चौक स्थित मां दुर्गा की उपासना दुर्गा मंदिर में पिछले 96 सालों से अनवरत किया जा रहा है। मां दुर्गा की पूजा अंग्रेजों के शासनकाल में घाघरा में रहे थानेदार बंगाल निवासी अभय बाबू द्वारा की गई थी। सन 1926 में मिट्टी की मूर्ति बनाकर मां की भक्ति आराधना घाघरा में शुरू की गई थी।

उस समय शुरूआती दौर में एक झोपड़ी में मूर्ति स्थापित कर पूजा का शुभारंभ किया गया था। वर्तमान में इस स्थल पर दो तल्ला भव्य मंदिर का निर्माण कर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर पूजा की जाती है। घाघरा में प्रथम बार मां दुर्गा की प्रतिमा को रांची से लाया गया था। उस समय मूर्ति का विसर्जन लोगों के कंधे पर रखकर पवित्र सरोवर में किया जाता था। वहीं अब कई वर्षों के बाद ट्रक पर वाहनों में मां की प्रतिमा को लेकर सरोवर में प्रतिमा विसर्जन किया जाता है। तत्कालीन रातू महाराजा के मुनीब के पुत्र घाघरा निवासी महादेव प्रसाद द्वारा नाटक मंडली का स्थापना भी की गयी थी।



घाघरा स्थित मां दुर्गा मंदिर।

**खास बातें :** नाट्य मंडली में नवरात्र के दिन से नवमी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था। पहले प्रखंड में एक ही स्थान पर पूजा होती थी वर्तमान में प्रखंड के आधा दर्जन से ऊपर स्थान पर दुर्गा पूजा की जाती है। प्रखंड के गम्हरिया चांदनी चौक घाघरा, तुसगांव, आरंगी जलका आदर देवाकी नेतरहाट रोड घाघरा में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है पूजा को लेकर पूजा समितियां द्वारा भव्य पंडाल भी बनाया जाता है साथ ही कई पंडालो में विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की जाती है। इधर, प्रखंड प्रशासन द्वारा मुख्यालय के सभी पूजा पंडालो में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं।

# आज होगी मां महागौरी की पूजा

- शारदीय नवरात्रि आठवां दिन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** शारदीय नवरात्रि अंतिम पड़ाव में पहुंच चुके हैं और आज मां दुर्गा की आठवीं शक्ति महागौरी की पूजा की जायेगी। नवरात्रि के आठवें दिन की पूजा का विशेष महत्व है, इस दिन कन्या पूजन भी किया जाता है। माता के कुछ भक्त जो पूरे 9 दिन व्रत नहीं रख पाते, वे प्रतिपदा और अष्टमी तिथि को व्रत रखते हैं। देवीभगवत पुराण में बताया गया है कि आठवें दिन की पूजा मां दुर्गा के मूल भाव को दशार्ता है और महादेव के साथ उनकी अर्धांगिनी के रूप में महागौरी ही सदैव विराजमान रहती हैं, इसलिए माता का एक नाम शिवा भी है। महागौरी की पूजा करने से सोमचक्र जागृत हो जाता है और इनकी कृपा मात्र से हर असंभव कार्य पूरा हो जाता है।

## मां महागौरी की कथा और महिमा



पंडित कमलेश शर्मा ने बताया कि देवीभागवत पुराण में बताया गया है कि देवी पार्वती का जन्म राजा हिमालय के यहां हुआ था। माता को मात्र 8 वर्ष की आयु में ही अपने पूर्वजन्म की घटनाओं का आभास हो गया था। मात्र 8 वर्ष की आयु में ही माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए तपस्या भी शुरू कर दी थी। इसलिए नवरात्रि की अष्टमी तिथि को महागौरी की पूजा की जाती है। अपनी तपस्या के दौरान माता ने केवल वायु पीकर तप करना शुरू कर दिया था। तपस्या से माता पार्वती को महान गौरव प्राप्त हुआ था इसलिए माता पार्वती का नाम महागौरी पड़ा। तपस्या से माता पार्वती का शरीर काला पड़ गया था। तब भगवान शिव ने तपस्या से प्रसन्न होकर महागौरी से गंगा स्नान के लिए कहा। जिस समय माता पार्वती ने गंगा में डूबकी लगाई तब देवी का एक स्वरूप श्याम वर्ण के साथ प्रकट हुई, जो कौशिकी के नाम से जानी गई और एक स्वरूप उज्जवल चंद्र के समान प्रकट हुआ, वह महागौरी कहलाई। महागौरी अपने भक्तों की हर मुरादों को पूरा करती हैं और उनकी राह में आ रही अड़चनों को दूर करती हैं। मां की कृपा से कभी धन-धान्य की कमी नहीं होती।

**शारदीय नवरात्रि अष्टमी तिथि कन्या पूजन :** पंडित आनंद दुबे ने बताया कि अष्टमी पर कन्या पूजन का भी विधान है। हालांकि कुछ लोग नवमी के दिन भी कन्या पूजन करते हैं। लेकिन, अष्टमी के दिन कन्या पूजन करना भी श्रेष्ठ रहता है। कन्याओं की संख्या 9 हो तो अति उत्तम है अन्यथा दो कन्याओं के साथ भी पूजा की जा सकती है। कन्याओं के साथ एक लांगूरा (बटुक भैरव) भी होना चाहिए। कन्याओं को घर पर बुलाकर उनके पैरों को धुलकर कुमकुम का टिका लगाएं और फिर पूजन में कन्याओं को हलवा-चना, सब्जी, पूड़ी आदि चीजें होनी चाहिए।

# शहर के सभी पूजा पंडालों के पट खुले

## फूड प्वायजनिंग से बीमार लोगों की हालत में सुधार

### डीसी ने खानपान में सावधानी की अपील की







खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा में फूड पॉइजनिंग से बीमार पड़े लोगों की स्थिति खतरे से बाहर है। सदर अस्पताल में सभी का इलाज चल रहा है। वीमार लोगों में 12 वर्षीय रौशन कुमार व 10 वर्षीय रौशनी कुमारी पिता राजेश यादव, 2 वर्षीय दीपांशु कुमार पिता दिलीप यादव, 9 वर्षीय रितिक कुमार पिता शंकर यादव, 5 वर्षीय रियांश कुमार, 6 वर्षीय ऋषि कुमार व 9 वर्षा कुमारी तीनो के पिता रोहित यादव, 12 वर्षीय निशु कुमारी पिता शंकर यादव, 24 वर्षीय ममता देवी पति रोहित यादव, 21 वर्षीय सोनू कुमार पिता संजय यादव, 50 वर्षीय गीता देवी पति प्रकाश यादव, 16 वर्षीय काजल कुमारी पिता संजय यादव, 8 वर्षीय सिद्धार्थ कुमार पिता राजेश कुमार गोस्वामी, 26 वर्षीय काजल कुमारी पति राजेश कुमार गोस्वामी, 10 वर्षीय सतीश कुमार पिता रंजीत भुइंया, 5 वर्षीय सत्यम कुमार पिता प्रमोद राम, 10 वर्षीय अमित कुमार व वर्षा कुमारी, 12 वर्षीय आशीष कुमार, 11 वर्षीय शिवम कुमार आदि के नाम शामिल हैं।

**खान पान पर बरतें सावधानी :** उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की है कि मेले के दौरान लोग खानपान में सावधानी बरते। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। पुलिस ने गुपचुप बेचने वाले युवक को भी हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा, फूड सेफ्टी की टीम गुपचुप के अलावा, तमाम उत्पादों की जांच कर रही है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज और एसडीओ संदीप मीना सदर अस्पताल पहुंचे और बीमार बच्चों और महिलाओं का हाल जाना। सदर अस्पताल में अतिरिक्त चिकित्सकों की ड्यूटी लगायी गयी है।

**फूड प्वायजनिंग का मामला**

## विधायक ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण, हालचाल जाना



**कोडरमा।** विधायक डॉ. नीरा यादव को फूड पॉइजनिंग की सूचना पर सदर अस्पताल का निरीक्षण किया एवं चाट और गुपचुप खाने से कई बच्चे समेत कई लोगों के बीमार होने पर सदर अस्पताल पहुंच कर रोगियों से मिले एवं उपस्थित चिकित्सकों डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. विकास कुमार एवं अस्पताल कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर महेंद्र यादव, राजेश सिंह, संजीव यादव, प्रवीण पांडे, समेत कई भाजपा कार्यकर्ता एवं अस्पताल के कर्मी मौजूद थे।

## डॉ नीरा ने किया टेंपो स्टैंड का शिलान्यास

**कोडरमा।** नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत वार्ड नंबर एक में शनिवार को ध्वजाधारी गेट के समीप 15वें वित आयोग मद से विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ.नीरा यादव ने पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर एवं फीता काट टेंपू स्टैंड का शिलान्यास किया। यह योजना के होने से कोर्ट एवं समाहरणालय के समक्ष भीड़ भाड़ सह जाम से होने वाले परेशानियों से निजात मिलेगी। इस योजना का कार्यान्वयन नगर पंचायत कोडरमा द्वारा बीस लाख उन्नासी हजार तीन सौ उन्चास रुपए की लागत से होनी है। मौके पर प्रशासक शशि शेखर, सतीश कुमार, कांति देवी, महेंद्र यादव, राजेश सिंह, सूरज यादव, गोपाल यादव आदि लोग मौजूद थे।



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में मां का पंडाल आकर्षक ढंग से सजाया गया है। शारदीय नवरात्र के सप्तमी के मौके पर शनिवार को पूरी श्रद्धा के साथ मां दुर्गा की कालरात्रि रूप की पूजा कर माँ जगदम्बा की आराधना की गई। पूजा पंडाल में दिन की आरती में भी बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। नवरात्र के सप्तमी के अवसर पर दोपहर से ही श्रद्धालुओं उमड़ने लगी थी भीड़। पुजारी किशले मिश्रा लिए ने बताया कि नवरात्र की सप्तमी के दिन को देवी के दर्शन के लिए पट खुल जाता है आज मां दुर्गा की अलौकिक स्वरूप का कालरात्रि की पूजा की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि मां कालरात्रि दुष्ट और असुरों का संघार करने वाली है पौराणिक कथाओं के अनुसार असुरों का राजा रक्तबीज का संहार करने के लिए मां दुर्गा ने मां कालरात्रि का रूप लिया था महाकाल रात्रि का स्वरूप है। मौके पर श्रद्धालु पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू प्रमोद कुमार गुप्ता प्रीति देवी नीतीश कुमार गुप्ता कृष्ण कुमार गुप्ता आरती देवी अंजली गुप्ता समेत सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे।

## माता का दर्शन करने उमड़ा भक्तों का सैलाब

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शारदीय नवरात्र को लेकर शहर के सभी पूजा पंडालों के पट खुल गए। पट खुलते ही माता के दर्शन के लिए पूजा पंडालों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। पूजा पंडालों में पहुंचकर भक्तों ने माता के सामने शीश नवाया और अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। भक्तों ने माता के कालरात्रि स्वरुप की पूजा की। आज श्रद्वालु माता के महागौरी रूप की पूजा करेंगे। मंदिरों के बाहर भव्य पंडाल बनाए गए हैं, जो भक्तों को आकर्षित करते नजर आते हैं। पूजा पंडाल और माता का दरबार आकर्षक रुप से सजाया गया है। भव्य लाइटिंग रात को जब जगमगा उठती है तो एक अलग ही नजारा दिखाई देता है। मंदिरों में बजनेवाले भजनों से वातावरण भक्तमय हो उठा है, हर ओर उमंग, उत्साह और उल्लास दिखाई दे रहा है।

**मेला में मस्ती कर रहे बच्चे :** पूजा पंडालों के निकट मेला लगा है। यहां बच्चों और लोगों को आकर्षित करने के लिए रंग-बिरंगे झूले, ठेला, खोमचा और खाने-पीने के कई स्टॉल लगे हैं, जहां बच्चे खूब मस्ती कर रहे हैं। गुब्बारे, खिलौने और बांसुरी की दुकानों पर बच्चों को रूठते मनाते देखा गया।

**यहां भी हुई पूजा :** नवरात्रि को लेकर गायत्री मंदिर, दुर्गा कॉम्पलेक्स स्थित दुर्गा मंदिर, सामंता काली मंदिर, रेलवे स्टेशन काली मंदिर, उमानाथ मंदिर, संकटमोचन मंदिर और सत्यनारायण मंदिर समेत लोगों ने अपने-अपने घरों में पूजा-अर्चना की।

**यहां-यहां खुले पंडालों के पट :** नवरात्रि को लेकर गुमो, तिलैया बस्ती, बेलाटांड़, अड्डी बांग्ला, ताराटांड़, महाराणा प्रताप चौक, मड़ुआटांड़, विशुनपुर रोड और गौरी शंकर मुहल्ला में पूजा पंडालों के पट खुल गए हैं।



## शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के द्वारा दुर्गा पूजा के पावन पर्व पर रविवार को प्रखंड मुख्यायलय स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं पंडित आशुतोष पांडेय ने मंत्रोच्चारण के साथ शस्त्रों का पूजन कराया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के विभाग कार्यवाह सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में हमारे सभी इष्ट देव शास्त्रों के साथ-साथ शस्त्रों को भी धारण किए रखते थे। चाहे वह धनुषधारी भगवान राम हो, चक्रधारी भगवान ष्ण हो, अपनी आठ भुजाओं शस्त्र लिए मां दुर्गा हो, गदाधारी बजरंगबली हो। उन्होंने कहा कि विजयदशमी के दिन 1925 में परम पूजनीय डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना की थी। विजयदशमी का पर्व भी हमें असत्य पर सत्य की जीत का दर्शन कराता है।

## एक नजर में

## गाड़ीलौंग में निकली मां दुर्गा की डोली यात्रा, भक्तिमय हुआ माहौल



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाड़ीलौंग में नवरात्र के सप्तमी दिन माँ दुर्गा की डोली यात्रा काफी धूम- धाम के साथ निकाली गई। इस दौरान देवी स्वारूप बेलवंती रानी को डोली में लेकर जब श्रद्धालुओं का काफिला सड़क पर निकला तो नजारा देखते ही बनता था। श्रद्धालुओं द्वारा माँ दुर्गा की डोली को कंधा लगाने की होड़ मची रही। हर कोई मां की डोली को कंधा लगाने को बेचैन था। इससे पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच माता को निमंत्रण दिया गया था। शनिवार की सुबह टंडवा क्षेत्र के कई पूजा अखाड़ों में माता रानी की डोली सजी और बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण किया गया। वही गाडीलौंग में डोली यात्रा माता रानी की स्थान से मंडप होते हुवे शाहिद चौक तक एवं सतबहनी नदी पहुंची, जहां विधिवत पूजा- अर्चना कर पुनः माता रानी के स्थान पहुंचे। इस दौरान मां दुर्गा की जयकारे से वातावरण गुंजायमान एवं भक्तिमय माहौल में तब्दील हो गया। डोली यात्रा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष विक्की चौरसिया, सचिव मनोज यादव, कोषाध्यक्ष डॉ. आशीष चौरसिया, एवं उपाध्यक्ष शोनु भुइयाँ मदन कुमार मीडिया प्रभारी सोमदेव चौरसिया एवं सुनील चौरसिया महेन्द्र यादव जुगल साव समेत समिति के तमाम पदाधिकारीगण व ग्रामीणों ने अहम भूमिका निभाया।

## सीओ व थाना प्रभारी ने किया दुर्गा पंडालों का निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** सीओ राम विनय शर्मा और थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने शुक्रवार शाम को क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा संबंधी बातों की जानकारी ली। इटखोरी टाल, इटखोरी चौक, परोका , करनी और परसौनी पूजा पंडाल का निरीक्षण कर पूजा समितियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने, अग्निशामक यंत्र रखने, पूजा में महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था करने सहित कई बातों की जानकारी ली। इटखोरी चौक में होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को लेकर भी जानकारी ली गई। थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया सभी पूजा पंडालों और मेला में पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि शरारती तत्व एवं मनचलों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भंडारा का डीसी ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** दुर्गा पूजा के मौके पर जय मां शेरावाली भंडारा के तत्वावधान में शनिवार को गढ़देवी मंदिर के समीप 23वां भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, जिप अयक्ष शांति देवी, नप अयक्ष पिंकी केशरी, जय मां शेरावाली भंडारा के अयक्ष सुनील कुमार पासवान, युवा समाजसेवी राकेश कुमार पाल आदि ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा की तस्वीर पर दीप जलाकर व नारियल फोड़ कर किया। तत्पष्चात अतिथियों ने कन्याओं को प्रसाद देकर भंडारा की शुरूआत किया। मौके पर डीसी ने कहा कि जय मां शेरावाली भंडारा की ओर से प्रतिवर्ष भंडारा का भव्य आयोजन किया जाता है। यह बहुत ही गर्व की बात है। डीसी ने मां दुर्गा से गढ़वा वासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारा के साथ दुर्गा पूजा मनाएं। अयक्ष सुनील पासवान ने कहा कि इस भंडारा में नवरात्र के प्रथम दिन से लेकर षष्ठी तक प्रसाद वितरित किया जाता है।



कार्यक्रम में डीसी।

जबकि सप्तमी से लेकर दषमी तक भव्य भंडारा का आयोजन किया जाता है। समाजसेवी राकेश कुमार पाल ने सभी श्रद्धालुओं सहित समस्त जिलेवासियों को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं और बााई देते हुए कहा कि इस भव्य भंडारा का आयोजन लगातार 23 वर्षों से किया जा रहा है। यह स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण परंपरा बन चुकी है। मौके पर मुख्य रूप से चंदन जायसवाल, विजय ठाकुर, दौलत सोनी, शैलेंद्र पाठक, विनोद चंद्रवंशी, रंथा नायक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शारदीय नवरात्र पूरे परवान पर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** शारदीय नवरात्र पूरे परवान पर है। दुर्गा पूजा का उत्साह देखते ही बन रहा है। बच्चे बूढ़े एवं युवक युवतियां सभी जगत जननी मां जगदंबा की आराधना में लीन है। माता का दरबार सज गया है। सुबह दुर्गा सप्तशती के पाठ और संध्या को महा आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालों एवं माता रानी के मंदिरों में देखी जा रही है।

## आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ में नवरात्र कार्यक्रम

**कोडरमा।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ में नवरात्र कार्यक्रम आयोजित की गई। सबसे पहले प्राचार्य पुनीत यादव ने मां दुर्गा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। तत्पश्चात सुनिता कुमारी, तनु प्रिया, स्वीटी कुमारी, साक्षी कुमारी, दीपा कुमारी और उनके ग्रुप्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सभी को झूमने को मजबूर कर दिया। प्राचार्य ने नवरात्र कार्यक्रम के अवसर पर कहा की मां दुर्गा सुख शांति और समृद्धि की देवी हैं। इस नवरात्र में माता के नौ रूप की पूजा होती है। इस अवसर पर अर्जुन चंद्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, महेन्द्र कुमार, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, मुकेश राणा, सीताराम यादव, दीपक कुमार, शाहिद हुसैन, पप्पु कुमार, सनोज कुमार, संतोष कुमार, केदार यादव, शरीफ अंसारी, रामचंद्र यादव, लक्ष्मण चन्द्र यादव, रिंकी देवी, रामचंद्र यादव, सुनिता कुमारी आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## निकाली गयी शोभायात्रा

**गिद्धौर।** शारदीय नवरात्र के सातवे दिन गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारीसाखी गांव में भव्य बेलवरण पुजा को लेकर शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें अध्यक्ष रामदेव यादव सचिव मुनेश्वर यादव शामिल हुए। उनके आगमन पर पूजा समिति के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तपश्चात श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ दुर्गा मंडप से निकली बेल पुजा यात्रा पुरे गांव भ्रमण करते हुए बारीसाखी से डढुवा पहुंची। यहां विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिला- पुरुष श्रद्धालु छोटे बच्चे बेल पुजा यात्रा में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मौके पर अध्यक्ष रामदेव यादव सचिव मुनेश्वर यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। इस मौके बारिसखी दुर्गा पूजा समिति का सदस्य शिवकुमार यादव संतोष कुमार दांगी मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती रामाशीष यादव विकास कुमार बिक्कू तीरथ साव गोविंद कुमार दांगी रोहित कुमार दांगी देव कुमार साहू भुनेश्वर साहू रामजीवन कुमार साहू आदित्य सोनी समेत सैकड़ों गणमान्य ग्रामीण सहित भक्त जन उपस्थित थे।

## निकाली गयी शोभायात्रा शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष

**कान्हाचट्टी।** प्रखंड अंतर्गत बकचुम्मा में देवी मंड़प ग्राम पूजा समिति बकचुम्मा द्वारा आयोजित शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा के महासप्तमी के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। उनके आगमन पर पूजा समिति द्वारा भगवा गमछा भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कन्या पूजन कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। गाजे बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा पुरे गांव का भ्रमण करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नवपत्रिका पूजन के साथ कलशों में जलाभरण किया गया। तत्पश्चात शोभायात्रा पुनः मंदिर पहुंची।

# शिक्षित समाज बनाने का संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के रंका बौलिया पंचायत अंतर्गत डटमा गांव में दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा लेकर तहले नदी के लिए प्रस्थान किया। जहां सभी लोगों ने अपने बच्चों को शिक्षित करने एवं बेहतर समाज बनाने के लिए संकल्प लिया।

मौके पर महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिलेगी। वहीं दशहरा को बुराई पर अच्छाई की जीत एवं अन्याय पर न्याय की जीत, आर्म पर धर्म की जीत बताते हुए कहा कि जो समाज में बाल विवाह, दहेज प्रथा,



कलश यात्रा में डॉ कुलदेव व अन्य।

नशाखोरी, जुआ ताश जैसी गंभीर समस्याएं हैं उस बुराइयों को समाप्त करने के बाद ही जन कल्याण सम्भव है। समाज में एक बड़ा परिवर्तन दिखेगा। डॉ. चौधरी ने कहा कि निषाद, मल्लाह समाज को हमेशा नीचे स्तर से देखा गया है लेकिन आज लोग जग चुके हैं अब जगाने की जरूरत नहीं बल्कि एकजुट होने की जरूरत है और एक दूसरे को सहयोग करने की जरूरत है।

## निर्माणाधीन संकटमोचन मोचन हनुमान मंदिर में हुआ शिला पूजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** इटखोरी कृषि फार्म परिसर में बन रहे संकटमोचन हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है। शनिवार को मंदिर की शिखर की शिला का पूजन वैदिक विधि विधान के साथ हुआ। शिला पूजन कार्यक्रम में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, भाजपा नेता डॉ अभिषेक रामाधीन और उज्जवल दास समेत अनेक गणमान्य लोग भाग लिया। पूजन विधि पुजारी दिलीप पांडे ने कराई। पूजा-अर्चना के लिए शिलाओं को फूल मालाओं से सजाया गया था। मंदिर का निर्माण संकट मोचन सेवा समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस दौरान समिति के सदस्यों ने अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर इस मौके पर जीप सदस्य सरिता देवी भाजपा जिला महामंत्री डॉ मृतुन्जय सिंह मण्डल अध्यक्ष देवकुमार सिंह मंत्री सतीश सिंह भाजपा नेता सुजीत भारती उज्वल दास संकट मोचन सेवा समिति के रामलखन राम देवकुमार सिंह सुधीर कुमार राय विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजय भारती संकर सिंह प्रकाश राम अनिल सिंह प्रचार्य दुलार ठाकुर शंकर चन्दवंशी समेत अन्य उपस्थित थे।

# डीसी व एसपी ने किया झारखंड महिला हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का अनावरण



ट्रॉफी का अनावरण करते डीसी व एसपी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने शनिवार को समाहरणालय परिसर में झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रफी 2023 के ट्रफी का अनावरण किया। झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रफी 2023 का आयोजन 27 अक्टूबर से पांच नवंबर 2023 तक रांची में किया जाएगा। ज्ञात हो कि एशियन चैंपियंस ट्रफी 2023 के ट्रॉफी का अनावरण एवं आधिकारिक शुभारंभ 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में किया था। जिसके पश्चात राज्य के सभी जिलों में उक्त ट्रॉफी का अनावरण किया जा रहा है। इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशिया के छह देश भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, मलेशिया एवं थाईलैंड की टीमें भाग लेंगी। मौके पर डीसी ने कहा कि गढ़वा के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है कि गढ़वा जिले में पहली बार किसी भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के ट्रॉफी का अनावरण किया गया। मौके पर गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, गढ़वा जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अरविंद तूफानी, देराज चौबे, ओम प्रकाश गुप्ता, गोपनीय शाखा प्रभारी विकास कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, नजारत उप समाहर्ता निलेश मुर्मू, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत आदि लोग उपस्थित थे।

## सीनियर और जूनियर टीम के लिए चयनित होंगे खिलाड़ी



मैच का उद्घाटन करते अतिथि।

**गढ़वा।** गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला मुख्यालय के रामासाहू स्थित स्टेडियम में गढ़वा जिले का लीग मैच शुरू किया गया। इसका उद्घाटन गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सह गढ़वा के एसडीओ राज महेश्वरम, सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह (गुड्डू बाबू), ओलंपिक संघ के सचिव शैलेंद्र पाठक सहित कई अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। लीग मैच में जिले की छह टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच सूर्य क्लब एवं जावा क्लब के बीच खेला गया। लीग मैच के दौरान गढ़वा जिले के लिए सीनियर टीम एवं जूनियर टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसकी जानकारी देते हुए गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिले में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं। कुछ दिन पहले गढ़वा जिला मुख्यालय में झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन का एजीएम आयोजित किया गया था। इससे जिले में क्रिकेट खेल के प्रति काफी जागरुकता बढ़ी है। उनका प्रयास है कि जिले के प्रत्येक गांव के प्रत्येक घर तक क्रिकेट पहुंचे। उस स्तर से क्रिकेट की प्रतिभाओं को निकाल कर बाहर लाया जाए। यही प्रतिभाएं एक दिन इस जिले का नाम रोशन करेंगी।

# पूजा पंडालो के पट खुलते ही मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

➲ मां उग्रतारा नगर मंदिर में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा मुख्य बाजार स्थित बुधबाजार पूजा पंडाल, दुबे जी का गोला, थाना टोली, हरैया, रेलवे कॉलोनी, पंचमुखी हनुमान मंदिर, ब्रह्मणी, चेटर, किता, हुटाप, वन शक्ति पूजा पंडाल, रक्सी, महुआमिलान स्टेशन, शिव मंदिर आन समेत प्रखंड के सभी 22 पुजा पंडालो का पट शनिवार को भक्तो के दर्शन को खुल गये। पट के खुलते हीं चंदवा समेत आसपास के क्षेत्रो में मां के दर्शन को भक्तों का हुजूम उमड़ने लगा है। वहीं शारदीय नवरात्र के सप्तमी के मौके पर मां उग्रतारा नगर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। अहले सुबह से हीं भक्तों की कतार देखने को मिली। जैसै-जैसे दिन चढ़ता गया, कतार और लंबी होती गयी। इधर शुक्रवार की रात्रि महुआमिलान स्टेशन में कार्यकारी अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, मोहन लाल चावड़ा व ग्राम धनु घटवार रोल, राजेश मुंडा जमीरा, कामेश्वर मुंडा देवनदिया ने संयुक्त से विधिवत पूजन के उपरांत पंडाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूजा समिति के लोगो के द्वारा अतिथियों व पत्रकरो को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। वहीं रक्सी में शनिवार को विधिवत पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के दर्शन को लेकर मां का पट खुला, पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो नेता सह दुर्गा मंडल रक्सी जमीरा के अध्यक्ष सीतमोहन मुंडा व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप ये पंडाल का उद्घाटन किया। मां का पट खुलने के बाद अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने मां की अराधना की व क्षेत्र की खुशहाली का आशीर्वाद भी मांगा। इधर महासप्तमी के मौके पर महुआमिलान, कामता समेत कई पूजा पंडालों से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमे सैकड़ो की संख्या माताएं एवं बहने शामिल थीं।


महुआमिलान में पट खुलने के बाद मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु।


बुध बाजार में स्थापित भव्य पूजा पंडाल।


पंचमुखी मंदिर में बनाया गया भव्य पंडाल।

## शारदीय नवरात्र को लेकर भक्ति जागरण का आयोजन

**बरियातू।** प्रखंड मुख्यालय के बटहेट ग्राम में गुरूवार संध्या शारदीय नवरात्र को लेकर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी मुकेश चौधरी एवं गाव के गणमान्य व्यक्ति तथा पूजा समिति के सभी सदस्यों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काट कर किया गया। वहीं मंच एवं कार्यक्रम का संचालन राजेश यादव ने किया। जहाँ सुजीत म्युजिकल ग्रूप हजारीबाग के द्वारा एक से बढ़ कर एक माता रानी के भजन एवं जीवंत झांकी प्रस्तुत किया। जहाँ श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से कमलदेव यादव, रंधीर प्रजापति, उदय गुप्ता, सुरेश यादव, महेश यादव, सुरेंद्र प्रसाद, संघर यादव, फनेश्वर यादव, अरविंद यादव, पुनीत यादव, जितेंद्र यादव, अनुज यादव, दिलेश्वर यादव, कृष्णा यादव, महेश कुमार यादव बाबू, रविंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, संदीप मिश्र, प्रिंस ठाकुर, जितेंद्र गुप्ता, रोशन गुप्ता, आदि की सरहानीय योगदान रहा। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक गण उपस्थित थे।

## महुआडांड़ भक्तों के दर्शन के लिए खुला मां दुर्गा माता का पट, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ विधायक रामचंद्र सिंह ने नवनिर्मित स्टेज एवं पुजा पंडाल का किया विधिवत उद्घाटन

**महुआडांड़।** प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी शनिवार को महासप्तमी के शुभ मुहूर्त पर महुआडांड प्रखण्ड स्थित महुआडांड़, रामपुर, राजडंडा, बोहटा, बराही, नेतरहाट, हामी व चटकपुर स्थित सभी माँ दुर्गा माता का पुजा पंडालों का पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिया गया है। इस अवसर पर पुरा क्षेत्र निरंतर मंत्रोचार और भक्ति संगीत से गुंजायमान हो उठा है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही मिल रही है। महासप्तमी के शुभ मुहूर्त पर शनिवार को महुआडांड स्थित दुर्गा बाड़ी परिसर में बनी नवनिर्मित स्टेज एवं पुजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन विधायक रामचंद्र सिंह ने पुजा व नारियल फोड़कर कर एवं फीता काटकर किया। इससे पूर्व पंडित सर्वेश पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। मौके पर महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे, एसडीपीओ राजेश कुजूर, हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, 20सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज, 20 सूत्री सदस्य रामनरेश ठाकुर, हिन्दू महासभा के संरक्षक बृजमोहन जायसवाल, उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद, महामंत्री भानु प्रसाद, बिहारी जायसवाल, बिजय जायसवाल, अंकुश जायसवाल, सुनील कुमार सोनी, विकास कुमार शर्मा, अजय प्रसाद, रामनाथ यादव, संदीप कुमार गुप्ता, मनोज जायसवाल (किराना), प्रशांत सिंह, हीरालाल प्रसाद, युवा कांग्रेस नेता अजीत पाल कुजूर, असीम जफर, बिहारी सिंह, प्रेम यादव, नुरूल अंसारी, बसारत अली आदि मौजूद थे।


उद्घाटन करते विधायक रामचंद्र सिंह।

**विधायक रामचंद्र सिंह ने महुआडांड दुर्गा बाड़ी परिसर की चहारदिवारी एवं पेभर ब्लॉक करने का दिया आश्वासन**

महुआडांड पहुँचे लोकप्रिय विधायक श्री रामचंद्र सिंह ने महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के मांग पर महुआडांड दुर्गा बाड़ी परिसर का चहारदिवारी एवं पेभर ब्लॉक करने का आश्वासन दिये। इसके लिए हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने तहेदिल से लोकप्रिय विधायक श्री रामचंद्र सिंह का धन्यवाद दिया।

## शहीद आरक्षी को दी गई श्रद्धांजलि


शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते।

**महुआडांड़।** पुलिस संस्मरण दिवस 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक कार्यक्रम के तहत शनिवार को बंसकरचा ग्राम निवासी शहीद प्रधान आरक्षक लाजरूस मिंज पिता एन्दीयस के घर पर जाकर एसडीपीओ राजेश कुजूर, महुआडांड़ थाना प्रभारी संजय रत्न, एसआई रतन टूडू एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने शहीद प्रधान आरक्षक को श्रद्धांजलि दी। विदित हो कि भारतीय सेना के प्रधान आरक्षक लाजरूस मिंज 25 जून वर्ष 1989 में श्रीलंका में उग्रवादी के साथ अदम्य साहस एंव वीरता के साथ लड़ते हुए शहीद हो गए थे। एसडीपीओ राजेश कुजूर ने मौके पर कहा कि पुलिस संस्मरण दिवस के मौके पर हम उन शहीद पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को याद कर रहे हैं जिन्होंने समाज में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उग्रवादियों-अपराधियों से लोहा लेते हुए अपना बलिदान दिया है। आज उनके बलिदान का ही परिणाम है कि लातेहार जैसे अशांत जिला में अब करीब शांति स्थापित हो चली है। उन्होंने कहा कि समाज में शांति-सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस के ऊपर सबसे बड़ा दायित्व है। इस हम सबों को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना है। इस मौके पर एसडीपीओ राजेश कुजूर एवं थाना प्रभारी ने शहीद प्रधान आरक्षक लाजरूस मिंज के परिजनों को शॉल देकर सम्मानित किया। मौके पर ग्राम प्रधान देवनिश मिंज, सुशील कुजूर, कुलदीप मिंज, अंशु,राजू जेरमियस, प्रदीप, हेण्डरी अंजेला, अनील मिंज सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### होटवाग में निकाली गई कलश यात्रा

**लातेहार।** महासप्तमी को लेकर ग्राम होटवाग में कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए औरंगा नदी पहुंची जहां से जल उठाकर पंडाल तक पहुंची। कलश यात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली गई। जिसमें ग्राम की कन्याएं व महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थीं इस कलश यात्रा में मुख्य यजमान के रूप में हीरा प्रसाद यादव सपत्नीक धनंजय यादव सपत्नीक शामिल थे। यात्रा में राजधानी यादव, लक्ष्मण यादव, हरिशंकर यादव, प्रभु यादव, ध्रुव कुमार पांडे, अनीता देवी, परशुराम लोहरा, कामेश्वर यादव, विजय यादव, बंशी यादव, चिनगी यादव, प्रमोद यादव, राकेश सिंह, मिथिलेश यादव, वीरेंद्र यादव, विष्णुदेव यादव, प्रमेश अग्रवाल, अंकित यादव, मनीष यादव, सोनू यादव, पप्पू यादव, प्यारी यादव, जितेंद्र चौरसिया सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।


कलश यात्रा में शामिल लोग।

### कलश यात्रा के साथ प्रतिमा का पूजा अर्चना शुरू

**बेतला।** जहां पूरे देश में दशहरा के मौके पर धूमधाम से पूजा अर्चना मनाया जा रहा है, वही शनिवार को सप्तमी के भव्य शुभ कलश यात्रा निकाली गई। जहां से कलश में पवित्र जल लाकर प्रतिमा के समीप कलश रहकर पूजा अर्चना प्रारंभ किया गया, इस दौरान बरवाडीह प्रखंड के कल्याणपुर,कुटमु, सरईडीह, केचकी पोखरी,पोखरी खुर्द समेत सभी पंडालो में पूजा अर्चना प्रारंभ कर दी गई है। वहीं मां दुर्गे के भक्त पूजा अर्चना में लीन हो गए,कुटमु स्थित पूजा पंडाल में देर शाम महा आरती एवं महाप्रसाद वितरण किया जाएगा, इसके साथ ही रात्रि में स्थानीय कलाकारों के द्वारा धार्मिक नाटक का तीन दिवसीय मंचन भी किया जाएगा, जिसमें हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रम के डायरेक्टर सह पुजारी बच्चन पाठक के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा, वही कलश यात्रा में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए।


मौके पर उपस्थित लोग।

### पांडेयपुरा में गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा, भक्ति गीतों में खूब झूमे श्रद्धालु

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पांडेयपुरा गांव में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा शनिवार को गाजे बाजे के साथ धूम–धाम से कलश यात्रा निकाली गई। बतौर मुख्य यजमान के रूप में मिथिलेश प्रसाद, काशी प्रसाद सह पत्नी के द्वारा पूजा किया गया। कलश यात्रा के दौरान 201 कन्याओं ने शिव मंदिर के प्रागंण से कलश लेकर सालोडीह स्थित गर्मजल कुण्ड पहुंची। जहां पंडित बालेश्वर पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा कलश में जल भरा गया। जल भरने के बाद पुन: शिवमंदिर पहुंचे और कलशों को प्रतिष्ठापित किया गया। इसके बाद उपस्थित भक्तो के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कलश यात्रा के दौरान भक्ति गीतों में श्रद्धालुओं ने खुब झुमे। भक्ति गीतो से पुरा गांव भक्ति मय हो गया। पुजा समिति से अध्यक्ष ने बताया कि पांडेयपुरा में लगातार नौ वर्षों से दुर्गा पुजा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी भक्तों का अपार सहयोग मिल रहा है। मौके पर गोविंद प्रसाद, दिलीप प्रसाद, श्याम बिहारी प्रसाद, काशी प्रसाद, अशोक प्रसाद, केदार प्रसाद, पंकज गुप्ता, पारस प्रसाद, दिनेश प्रसाद, नवल प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, बरुन प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, पिन्टु प्रसाद, आनंद कुमार, पवन प्रसाद, निरंजन प्रसाद, प्रभात कुमार, अखिलेश कुमार, राकेश कुमार, आनंद कुमार, प्रमोद कुमार, नितेश कुमार, रतन प्रसाद, संजय प्रसाद समेत गांव के बुढ़ा, जवान, युवक, युवती मौजूद थे।



## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन रैयत विस्थापित मोर्चा ने एक दिवसीय सेमिनार का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोलीटांड स्थित झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन रैयत विस्थापित मोर्चा के तत्वाधान मे एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जहाँ सैंकड़ो की संख्या मे लोग पहुंचे। संयुक्त रूप से मगध परियोजना क्षेत्र फुलबासिया मे भू-रैयत व सीसीएल प्रभावित क्षेत्र के लोगों की समस्या को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम का अध्यक्षता राजकुमार उरांव, संचालन महेंद्र उरांव ने की। बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय सचिव झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन मगध संगमित्रा के क्षेत्रीय सचिव गुरुदयाल साव आरभीएम केंद्रीय सदस्य विजय साव ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की सीआरएस नौकरी, पानी, बिजली, शिक्षा के लिए विद्यालय, सड़क, स्कूली बस, कम मजदूरी दर में विस्थापितो को घंटो काम करवाया जाता है। सीसीएल द्वारा मुआवजा, समयनुसार रोजगार किये गए वायदे के आधार पर काम नहीं करती है तो एक जुटता का परिचय देते हुए अपना हक अधिकार के लिए संघर्ष करेंगे। वहीं सर्वसम्मति से मगध परियोजना का रैयत विस्थापित मोर्चा का समिति का भी विस्तार किया गया। झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन मगध परियोजना द्वारा अध्यक्ष सचिव का घोषणा किया गया। रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष रामचंद्र उरांव, सचिव प्रवेश पांडेय, उपाध्यक्ष वीरेंद्र गंझू, शीतल गंझू, दीपा देवी, संयुक्त सचिव त्रिवेणी गंझू,नारायण गंझू, ललिता देवी, संगठन सचिव प्रदीप गंझू, बैजनाथ गंझू, विनेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष कुलदीप गंझू, उप कोषाध्यक्ष कौलेश्वर गंझू,प्रवक्ता महेंद्र उरांव, मीडिया प्रभारी सुनील गंझु व कार्यकारिणी सदस्य 51 बनाए गए। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन अध्यक्ष राजकुमार उरांव, सचिव राजेश गंझू व सभी नवचयनित कमिटीयों ने कहा की अपना दायित्व पर खरा उतरूँगा।



## महासप्तमी पर कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक, दुर्गामंडप का किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह शनिवार को अपने समर्थकों के साथ नवरात्र की सप्तमी पर शनिवार को कल्याणपुर दुर्गपूजा पंडाल में आयोजित कलश यात्रा में शामिल हुए। जहां विधायक ने कन्याओं को कलश देकर यात्रा का शुभारंभ किया। वहीं इसके उपरांत विधायक ने अपने समर्थकों के साथ मंगरा पंचायत के अमडीहा में दुर्गा मंडप का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि शिलापट्ट का अनावरण कर किया। वहीं दुगार्पूजा पंडाल का उदघाटन भी फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि नवरात्र में मां दुर्गा की भक्ति में अपार शक्ति निहित है। नवरात्र में जो भक्त सच्चे मन से दुर्गा पाठ कर मां की आराधना करता है, उसे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि दुगार्पूजा असत्य पर सत्य की जीत का त्योहार है। वहीं विधायक ने विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा के समक्ष मत्था टेक समस्त देशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मौके पर युवा नेता विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, शिवानंद तिवारी, सुरेश मिश्रा, प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, अजीत गुप्ता, संजय यादव, अमित कुमार, सुजीत कुमार गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।


कन्याओं को कलश देते विधायक रामचंद्र सिंह।

➲ मां दुर्गा के समक्ष मत्था टेक की क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना

## दुर्गा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

**चंदवा।** शारदीय दुर्गा पूजा के दौरान चंदवा में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन व एसपी अंजनी अंजन निदेर्शानुसार चंदवा में प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। मार्च की अगुवाई दंडाधिकारी लाल बालकिशोर नाथ शाहदेव, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, बीडीओ विजय कुमार, इंस्पेक्टर बबलू कर कर रहे थे। मार्च की शुरूआत स्थानीय थाना परिसर से हुई, जो मुख्य बाजार, सुभाष चौक, बुध बाजार, हाई स्कूल, पंचमुखी मंदिर, गैरेज लेन होते इंदिरा गांधी चौक पहुंची, इस दौरान प्रशासन ने द्वारा लोगो से शांति व्यवस्था कायम रखने में लोगो से सहयोग की अपील की गई। प्रशासन ने कहा कि दुगार्पूजा के दौरान हर परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तत्पर व मुस्तैद है। मार्च में चंदवा पुलिस के पदाधिकारी, जवान, सैट, आईआरबी के जवान शामिल थे।


फ्लैग मार्च में शामिल लोग।

## विधायक वैद्यनाथ राम ने बारियातू प्रखंड क्षेत्र के कई पूजा पंडालो का भ्रमण किया

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों मे लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने भ्रमण कर सहोदर्य वातावरण के साथ दुर्गा पूजा मनाने की अपील की वहीं मां दुर्गा का दर्शन किया साथ ही क्षेत्र के श्रद्धालुओं व अन्य लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपलोग सभी शांति व्यवस्था बनाकर पूजा करें और आसपास के लोगों को कहा कि दुर्गा पूजा एक आस्था का पूजा है। आस्था के प्रति ध्यान दें किसी भी प्रकार के अफवाह में ना पड़े। बारियातू प्रखंड के भाटचतरा, टोटी, हेसला, अमरवाड़ी सहित कई स्थानों में भ्रमण कर श्रद्धालुओं से मुलाकात किया और सभी पंडालो के बारे में जायजा लिया। ठीक इसके पश्चात भाटचतरा में चल रहे चातुर्मास व्रत कार्यक्रम में भी विधायक बैद्यनाथ राम पहुंचे और लोगों को कहा कि चातुर्मास कार्यक्रम एक अच्छा भक्ति का कार्यक्रम है ऐसा कार्यक्रम होने से लोगों मे भक्ति के प्रति लोगों को चेतना जगता है। मौके पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार, भुनेश्वर यादव, संतोष यादव, डब्लू सिंह, दिलीप सिंह प्रहलाद सिंह, राम सिंह ऋषि सिंह, अवध सिंह, बब्लू सिंह सहित कई अन्य श्रद्धालुओं मौजूद थे।


भ्रमण करते विधायक बैद्यनाथ राम।

## श्रीमान टेलर्स सह कंबल दुकान में भीषण आगलगी

**चंदवा।** चंदवा शहर से सटे अलौदिया पंचायत अंतर्गत शुक्र बाजार महावीर मंदिर के समीप स्थित श्रीमान टेलर्स सह कम्बल दुकान में शुक्रवार मध्यरात्रि बाद घटित भीषण आगलगी की घटना में लगभग 5 लाख की संपति जलकर खाक हो गयी। घटना की सूचना के बाद शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा और अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक घटनास्थल पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया व भुक्तभोगी दुकानदार मंसूर आलम से घटना की जानकारी ली। मंसूर आलम ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि लगभग 7 बजे दुकान बंद कर घर गया था, मध्यरात्रि बाद लगभग ढाई बजे के करीब आसपास के लोगो के माध्यम से पता चला कि दुकान में आग लग गयी है। सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचकर प्रशासन को आगलगी की सूचना दी व आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन जबतक आग पर काबू पाया जाता दुकान के अंदर का रखा लगभग 4 लाख रुपये के कम्बल व कपड़े, 2 सिलाई मशीन, एक साइकल समेत सारा सामान जलकर खाक हो गया। इस घटना में उसे लगभग 5 लाख रुपए की क्षति हुई है। दुकानदार ने शरारती तत्वों के द्वारा दुकान में आग लगाए जाने की भी आशंका व्यक्त की है। इधर मामले को लेकर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने भुक्तभोगी को सरकारी प्रावधान के तहत हर संभव मदद का भरोसा भी दिया।


जायजा लेते एसडीपीओ।


## मनिका थाना क्षेत्र के नतबेलवा मोड़ के पास लगातार सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं चालक

# दो ट्रकों की टक्कर, दोनों के चालक घायल

➲ एक दिन पूर्व ही इसी मोड़ पर बाइक सवार युवक की मौत व भाई समेत पत्नी गंभीर रूप से हुई थी घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के सिंजो पंचायत स्थित डिग्री कॉलेज, नतबेलवा व दोमुहान मोड़ के समीप लगातार ही वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। यहां पर तीखी मोड़ होने के कारण आए दिन वाहनों की आमने-सामने की टक्कर एवं अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना हो रही है। वहीं दिन शनिवार को अहले सुबह नतबेलवा मोड़ के पास दो ट्रकों की आमने-सामने की भीषण टक्कर में दोनों ही वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दुर्घटना की जानकारी ग्रामीण अमित यादव के द्वारा मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह को दी गई जिसके बाद थाना से एसआई प्रदीप कुमार राय, एएसआई मिश्रा मांझी एवं रामरेखा पासवान अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों ही घायल चालकों को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लातेहार भेजवाया दोनों चालकों को काफी गंभीर चोटें आई थी। ज्ञात हो कि इससे एक दिन पूर्व ही दिन शुक्रवार को इसी मोड़ के पास अपनी पत्नी का विदाई कराकर अपने भाई के साथ घर जा रहे बाइक सवार युवक का अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी व उसके भाई समेत उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि मनिका थाना क्षेत्र स्थित सभी चिन्हित मोड़ों पर वाहन चालकों की कुछ गलतियों से हमेशा ही किसी न किसी की जान जा रही है यहां पर लगातार ही लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं इस पर जिला प्रशासन को संज्ञान लेते हुए इन मोड़ों पर दुर्घटना से बचाव के लिए कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। वहीं घटना की जानकारी के बाद परिवहन विभाग लातेहार से अजीत कुमार तिवारी आईआरएडी मैनेजर घटना स्थल पहुंच कर जायजा लिया और अग्रतर करवाई में जुट गए।


दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

## विधायक रामचंद्र सिंह ने महुआडांड का दौरा कर पूजा पंडालों का किया भ्रमण, माता का लिए आशिर्वाद

**महुआडांड़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधायक रामचंद्र सिंह महुआडांड़ प्रखण्ड का दौरा कर अपने समर्थकों के साथ महुआडांड स्थित सभी पुजा पंडाल का भ्रमण किये एवं पूजा कर जगत जननी माँ दुर्गे का आशिर्वाद प्राप्त किया। अपने दौरा के क्रम में रामचंद्र सिंह ने चटकपुर, हामी, बोहटा, राजडण्डा, रामपुर, महुआडांड आदि ग्रामों में गयें एवं स्थापित माँ दुर्गे की प्रतिमा का अनावरण कर पुजा अर्चना की तथा आशिर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर महुआडांड़ एसडीएम बिपिन कुमार दुबे, एसडीपीओ राजेश कुजूर, 20सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज, 20 सूत्री सदस्य रामनरेश ठाकुर, युवा नेता अजीत पाल कुजूर, असीम जफर, नुरूल अंसारी, बिहारी सिंह, बसारत अली आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## अधेड़ डैम में डूबा

**मोहम्मदगंज पलामू।** थानान्तर्गत काशी स्त्रोत डैम में बटउआ गांव निवासी मलूकी रजवार करीब 52 वर्षीय के डूबने की सूचना है। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार की शाम वह डैम की तरफ गया था। उसके बाद वापस घर नही लौटा। घटना की सूचना पर मोहम्मदगंज पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से डैम में शव को काफी खोजबीन कराया है, पर समाचार लिखे जाने तक शव नही मिला है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि बटउआ गांव निवाड़ी मलूकी रजवार के काशी स्त्रोत डैम में डूबने की सूचना है, शव की खोजबीन जारी है, पर अबतक शव नही मिल सका है। एन डी आर एफ की टीम के लिए उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया है।

## किसान गोष्ठी का आयोजन

**पड़वा पलामू।** केन्द्र सरकार किसानों की आय दुगुनी कर आत्म निर्भर बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की है। किसानों को खेती करने में किसी तरह की परेशानी न किसी महाजन से ऋण न लेना पड़े इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घर घर किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का बनाने की अभियान की शुरूआत की है। इसी अभियान के तहत शनिवार को एसबीआई की पड़वा शाखा द्वारा पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के लोहड़ा में किसानों की गोष्ठी आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक उमेश कुमार मेहता ने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि खेती के लिए केसीसी किसानों के लिए काफी लाभदायक है। इसके तहत किसानों को खेती के लिए कम ब्याज दर पर ऋण दिया जाता है। इस मौके पर लोन विभाग के रविरंजन सिंह, गोपाल पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## कृषि ऋण को लेकर किसानों के साथ हुई बैठक

**चैनपुर पलामू ।** चैनपुर-प्रखंड क्षेत्र के चांदों एवं अवसाने गांव में शनिवार को घर घर केसीसी अभियान के तहत भारतीय स्टेट बैंक शाखा शाहपुर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री किसान सामान्य निधि योजना के तहत कृषि ऋण को लेकर किसानों के साथ बैठक की गई। इसमें भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक संतोष कुमार झा एवं रीजनल मैनेजर प्रेम कुमार उपस्थित हुए। इस मौके पर मुख्य प्रबंधक संतोष कुमार झा ने कहा कि जिन किसानों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पैसा शाहपुर शाखा में आता है वे आवेदन जमा कर ऋण का लाभ उठाएं कृषि ऋण को लेकर प्रोत्साहन किया एवं कृषि ऋण लाभ की जानकारी विस्तृत रूप से दी। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को ऋण लेना है वे शाखा पहुंच कर उसका लाभ ले एवं किसानों को ऋण लेने की लिए जागरूक भी किया।

## माता-पिता का चरण स्पर्श कर घर से बाहर निकलें : राकेश तिवारी

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड स्थित सुआ कौड़िया पंचायत में श्री राम-जानकी मंदिर निर्माण न्यास समिति को आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सह डाल्टनगंज विधानसभा प्रत्याशी राकेश तिवारी सप्तमी के दिन जल यात्रा में शामिल हुए। जल-यात्रा में हजारों की संख्या में सभी श्रद्धालु कलश लेकर चल रहे थे। मौके पर श्री राकेश ने कहा आज सप्तमी के दिन माँ कालरात्री का दिन है, आज ही के दिन माँ ने पापियों का सर्वनाश किया था। सुबह उठकर माता-पिता का चरण स्पर्श करें...आशीर्वाद लेकर ही घर से बाहर निकलें। मौके पर जिला परिषद सदस्य बासो देवी, मुखिया प्रतिनिधि उपाध्याय सिंह, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, सदर प्रमुख बसंती देवी, उप प्रमुख, सुआ मुखिया दुलारी देवी,पंचायत समिति, रामजानकी ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी के अलावे शिव शंकर सिंह, विनय कुमार सिंह, लाल बहादुर साहू, देवेंद्र सिंह, मुनेश्वर सिंह, पुजारी सच्चिदानंद पाठक, पुरोहित चिंता देवी-सदस्य श्री राम सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, कृष्ण कुमार अंकुर, अरविंद कुमार यादव, सत्यनारायण कुमार, अरुण कुमार अंकुर, अयोध्या चौधरी, संजीव कुमार सिंह, अर्जुन सिंह, सोहन सिंह, दिलीप साव, दिलीप शामिल थे।

# गर्भवती महिला की पीट-पीटकर की हत्या

पटना में गर्भवती विवाहिता की ससुराल वालों ने दहेज के लिए पीट-पीटकर हत्या कर दी। फिर गड्ढे में नमक डालकर शव को दफना दिया। घटना के 36 घंटे बाद पुलिस ने शव को नदी किनारे से बरामद किया है।

**एजेंसी**



राजधानी पटना में दहेज की खातिर 21 वर्षीय गर्भवती विवाहिता की ससुराल वालों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को गांव से करीब एक किलोमीटर दूर मिरहाजी चक गांव स्थित दरधा नदी में गड्ढा खोदकर जमीन में दफना दिया गया। शव जल्दी गल जाये इसके लिए हत्याकांड के आरोपितों ने उस पर नमक भी डाल दिया। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गये। पुलिस ने महिला के मायके वालों की सूचना पर शव को घटना के दो दिनों बाद मिरहाजी चक गांव स्थित दरधा नदी के किनारे से बरामद कर लिया। कयास यह लगाये जा रहे हैं कि बीते 17 अक्टूबर को गौरीचक थाना क्षेत्र के महमदा गांव में हत्याकांड को अंजाम दिया गया। फिलहाल सभी मुख्य आरोपित फरार हैं। पुलिस ने महिला के ससुराल पक्ष के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। नौबतपुर के जफरा भगवानपुर गांव की रहने वाली राजमणि देवी ने अपनी पुत्री आरती देवी की शादी बीते मई माह में गौरिचक के महमदा गांव के अमित कुमार के साथ की थी। आरोप है कि शादी के छह माह बीत जाने के बाद विवाहिता के ससुराल वालों ने दहेज में सोने की चेन, अंगूठी की मांग शुरू की। नहीं देने पर सभी उसके साथ मारपीट करने लगे। पांच माह पूर्व महिला को ससुराल से निकाल दिया गया था। जिसके बाद पंचायत बुलाकर सुलह करा दी गई थी। विवाहिता ससुराल में रहने लगी। विवाहिता के चार महीने की गर्भवती की सूचना मिलने पर ससुरालवाले दोबारा दहेज के लिए मारपीट करने लगे। बुधवार को भी महिला के साथ ससुराल वालों ने जमकर मारपीट की जिस दौरान वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसकी जानकारी देर शाम फोन से अपनी मां को दी। शव की सूचना पर मजिस्ट्रेट मंजु कुमारी की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला गया। थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि विवाहिता की मां के बयान पर पति, सास, ससुर सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने एक को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या की इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है।

## बिहार में वायु प्रदूषण पर चिंता बढ़ी, पराली जलाने की मनाही

बिहार में ठंड की दस्तक के साथ ही वायु प्रदूषण को लेकर चिंता बढ़ गई है। राज्य में वायु गुणवत्ता खराब न हो इसके लिए सरकार ने अभी से सावधानी बरतना शुरू कर दिया है। राज्य में धान की कटाई शुरू हो गई है। इसे देखते हुए किसानों से पराली को खेतों में न जलाने की अपील की है। इस संबंध में जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसानों को जागरुक करें। बता दें कि पराली जलाने की वजह से वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ जाता है। कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने धान की कटनी को देखते हुए फसल अवशेष नहीं जलाने की अपील की है। उन्होंने कहा शुक्रवार को कहा कि किसान धान की खूंटी, पुआल आदि खेतों में जलाने की बजाए उसका उचित प्रबंधन करें। उन्होंने किसान सलाहकारों और कृषि समन्वयकों को निर्देश दिया कि गांव-गांव जाकर किसानों से मिलें। उन्हें जागरूक करें। डीएम इसकी लगातार मॉनिटरिंग करें। कृषि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को भी प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया गया है। आम तौर पर देखा जाता है कि धान की कटाई के बाद बड़ी संख्या में किसान अपने खेतों के अंदर ही फसलों के अवशेष यानी पराली को जला देते हैं। यह एक दंडनीय अपराध है। इससे मिट्टी की उर्वरकता के साथ-साथ वायुमंडल को भी नुकसान पहुंचता है। पराली जलाने से उसके धुएं से निकलने वाले कण बहुत समय तक वायुमंडल की निचली सतह पर बने रहते हैं। इससे वायु की गुणवत्ता खराब होती है, जिससे लोगों को सांस संबंधी बीमारी होने लगती है। ठंड के मौसम में यह खतरा ज्यादा बढ़ जाता है।

## तेजस्वी यादव ही अगले सीएम कैंडिडेट : नीतीश

▸▸ नीतीश के बच्चा वाले बयान पर आया कांग्रेस का रिएक्शन

**एजेंसी**



बिहार में तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री उम्मीदवारी को लेकर बहस एक बार फिर शुरू हो गई है। सीएम नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को अपना बच्चा बताया तो कांग्रेस ने उन्हें अगला सीएम कैंडिडेट मान लिया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि अगला विधानसभा चुनाव डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। कांग्रेस ने पिछले चुनाव में भी तेजस्वी को ही मुख्यमंत्री चेहरा माना था। तब नीतीश कुमार गठबंधन में नहीं थे। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को पटना में श्रीकृष्ण सिंह के जयंती समारोह में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि अगला विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। हमने तो 2020 का चुनाव भी तेजस्वी यादव को ही मुख्यमंत्री का चेहरा मानकर लड़ा था। उस समय नीतीश कुमार तो एनडीए में थे, महागठबंधन में नहीं थे। सीएम नीतीश ने तेजस्वी को उत्तराधिकारी बनाए जाने के सवाल पर अखिलेश प्रसाद ने कहा कि यह तो वे पहले कई बार कह चुके हैं। इसमें कुछ नया नहीं है। बता दें कि इससे पहले सीएम नीतीश कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव के कंधे पर हाथ रखकर अपना बच्चा बताया। नीतीश ने कहा कि यही हमारा सबकुछ है। नीतीश कुमार ने बीजेपी से दोस्ती वाले बयान पर हो रहे सियासी हंगामे पर अपनी सफाई देते हुए यह बात कही। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अब बीजेपी के साथ नहीं जाना चाहते हैं।

## गोड्डा में मां वैष्णव दुर्गा मंदिर के लिए हुआ भूमि पूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** आज ग्राम पंचायत मारखन के अंतर्गत ग्राम कठोन, कूटनीपाथर के पावन देव भूमि पर श्री श्री 108वैष्णवी दुर्गा मंदिर का नवनिर्माण हेतु भूमि पूजन करते हुए मंदिर का शिलान्यास वैदिक मंत्रोचार के साथ पंडित उत्तम बाबा एवं आचार्य संजय यादव जमीन दाता श्री घनश्याम महतो, मो विमला, पिंकू देवी राधेप्रसाद महतो एवं ग्राम कठोन, कूटनीपाथर, मारखन, कसवा गोड्डा, कुशवन्नी, बडीकल्याणी, इत्यादि गाँव के प्रबुद्ध ग्रामीणों के साथ मारखान पंचायत के मुखिया दिनेश प्रसाद यादव ने भी उपस्थित होकर ध्वजा रोहण कार्यक्रम में भाग लिया। उपस्थित सभी गाँव के प्रबुद्ध ग्रामीणों एवं माता बहनों ने जगत जननी आदिशक्ति माँ भवानी का नाम लेते हुए मंदिर निर्माण हेतु ध्वजा रोहण किया। इस क्षेत्र में माता वैष्णवी दुर्गा मंदिर का निर्माण होने से समस्त सनातन धर्मप्रेमियों के बीच खुशी का माहौल है। ध्वजा रोहण के पश्चात सभी गाँव के प्रबुद्ध ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि सभी लोग एकमत होकर तन, मन,धन के साथ मंदिर बनवाने का कार्य करें। इसके पूर्व कठोन के श्री जगदीश मंडल के अध्यक्षता में एवं कोषाध्यक्ष श्री सुभाष यादव एवं कठोन, कूटनीपाथर, मारखन, कसवा गोड्डा, कुसबन्नी के प्रबुद्ध ग्रामीणों की बैठक नवनिर्मित वैष्णवी दुर्गा मंदिर स्थल पर की गईं। उपस्थित सभी लोगों ने मंदिर निर्माण हेतु जमीन दाता मो विमला, घनश्याम महतो, पिंकु देवी, राधाप्रसाद महतो, को तहे दिल से माता रानी की और से बहुत बहुत धन्यवाद दिया।

## जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण महौल में मनाने को लेकर को एसपी पीतांबर सिंह खेरवार के निदेर्शानुसार एसडीओ कौशल कुमार, एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा एवं डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार के नेतृत्व में नगर थाना क्षेत्र में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की जॉइंट फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च नगर थाना से निकल, टिन बाजार, दुधानी, रसिकपुर, कुम्हारपाड़ा, शिवपहाड़ होते हुए पुनः नगर थाना पहुंच फ्लैग मार्च समाप्त हुआ। इस अवसर पर डीएसपी मुख्यालय ने कहा की फ्लैग मार्च का मुख्य लक्ष्य लोगों में सुरक्षा का भाव जगाना है। जिलेवासी शांतिपूर्ण ढंग से दशहरा का पर्व मनाए इसके लिए दुमका पुलिस आपकी सेवा में तत्पर है। ट्रैफिक की असुविधा को दूर करने के लिए प्रशासन द्वारा यातायात रूट में बदलाव किए गए हैं। जिसमें आप सभी जिलेवासी ट्रैफिक के मानको का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें। लोगों की सुविधा के लिए ट्रैफिक रूट को डायवर्ट किया गया है। नो पार्किंग जोन बनाया गया है, कुछ रूट को वन वे किया गया है। यह बदलाव आपकी सुविधा के लिए किया गया है।

## शंकर सिनेमा हॉल गोड्डा के दुर्गा मंदिर स्थित दुर्गा माता की प्रतिमा पूरे गोड्डा को आकर्षित करती है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** दुर्गा पूजा और काली पूजा में गोड्डा शहर में भी दर्जनों कमिटियां हैं और बेहतर व्यवस्था साफ सफाई सुरक्षा के दृष्टिकोण से रौतारा चौंक स्थित दुर्गा मंदिर की समिति ने अगले वर्ष भी प्रशासन द्वारा पुरस्कार प्राप्त किया था। कमिटी के अध्यक्ष और सचिव के अलावा सारे सदस्य इस कोशिश में रहते हैं कि किसी भी तरह की कोई त्रुटि न रह जाए। सामने पोलिस टी ओ पी चौंक पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण स्थान पर है। मेले के लिए फुट पाथ पर दोनो ओर से सजाई गई दुकानें बच्चों और ग्रामीण महिलाओं के लिए बड़ा ही आकर्षक होता है। सीसीटीवी कैमरा के साथ पुलिस और समिति के सदस्य लगातार सक्रिय रहते हैं।

## विहिप की मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी इकाई ने किया शस्त्र पूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** वीर कुंवर सिंह चौक स्थित पागल बाबा दुर्गा मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी इकाई ने शनिवार को शस्त्र पूजन किया। जिसमें मुख्य वक्त के रूप में डॉ उमा वर्मा ने महिलाओं को सेवा, सुरक्षा संस्कार के साथ-साथ सबल और सक्षम बनने पर जोर दिया है। चुकी दुर्गा वाहिनी का गठन भी दुर्गा अष्टमी के दिन ही हुआ था और दुर्गा वाहिनी का उद्देश्य भी सनातन बहनों को सक्षम आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाना है। डॉ उमा वर्मा ने कहा कि आज की नारी अब कमजोर नहीं है, किसी भी क्षेत्र में अपने आप को बहुत अच्छी तरह से ढाल सकती है और समाज के कंधे से कंधे मिलाकर चल सकती है। उन्होंने बताया कि नारी में वह शक्ति है जो की अपने धर्म संस्कृति को हमेशा जीवित रख सकती है और जिस प्रकार मां दुर्गा ने धर्म स्थापना को लेकर असुरों का वध किया है। इसी प्रकार अगर नारी के ऊपर भी कभी इसी प्रकार की मुसीबत आई तो वह भी मां दुर्गा मां काली का रूप ले सकती है और अपनी सनातन धर्म की रक्षा कर सकती है। उन्होंने आज के समय में दुर्गा वाहिनी के बहनों और माताओ को लव जिहाद एवं पश्चात संस्कृति के चक्कर से बचने की सलाह देते हुए उन्हें सचेत भी किया। इसके साथ-साथ सभी माता बहनों ने अस्त्र-शास्त्र की पूजा कर मां दुर्गा की आरती के साथ कार्यक्रम को समापन की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलू शर्मा, जुगनू शर्मा, नियम घोष, अमित घोष,अंकिता कुमारी, मून देवी समेत अन्य मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शहीदों के सम्मान में संस्मरण दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** आज पुलिस केंद्र में कर्तव्य पथ पर चलते हुए जिन पुलिस कर्मियों ने अपनी वीरता और कर्तव्य परायणता के दौरान ड्यूटी करते हुए अपनी जान गंवाई उनके सम्मान में आज पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने उन्हें याद करते हुए संस्मरण दिवस के रूप में मनाया। पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना के साथ एसडीपीओ जेपीएन चौधरी, प्रशिक्षु डी एसपी, सार्जेंट मेजर, पुलिस निरीक्षक गोड्डा, थाना प्रभारी गोड्डा नगर उपेन्द्र कुमार महतो, के साथ अन्य पुलिस अधिकारियों ने शहीद पुलिस जवानों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा उनके चित्र पर फूल मालाएं चढ़ाई गई एवम उन्हे शोक सलामी दी गई। इस अवसर पर शहीदों के परिजनों आश्रितों को भी सम्मानित किया गया। उनके साथ आई किसी भी समस्याओं से निपटने में पूरे सहयोग का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा पुलिस के जवान अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा बरतें कर्तव्यों का पालन करें। आपके ऊपर देश की जनता की सुरक्षा का भार है। आपके द्वारा किए गए कार्यों हर एक जनता अपनी नजरिए से देखती है। बॉर्डर पर अगर सेना देश के सीमाओं की सुरक्षा करती है तो आपके कंधे पर देश की आंतरिक समस्याओं को कानून के तहत निपटने की जिम्मेदारी है। आप जनता के बीच एक प्रशासक की छवि नही उनके सहयोगी बनकर क्षेत्र में कार्य करेंगे तो आम जनता आपको सहयोग भी करेगी और सम्मान भी।

खबर एक नजर में

## छिपादोहर पुलिस ने दुर्गापूजा को लेकर किया फ्लैग मार्च, सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील



बैठक करते पुलिस पदाधिकारी।

**बरवाडीह।** छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने दुगार्पूजा के अवसर पर शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से शनिवार को सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव के नेतृत्व में थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार, भट्ठी मोहल्ला, कुचिला और मतनाग समेत अन्य क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला और अमलोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। असामाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों को सबक सिखाने की नीयत से निकाले गए फ्लैग मार्च में पुलिस के जवान सड़क पर कतारबद्ध होकर चल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कुचिला में दोनों समुदाय के लोगों के साथ शांति समिति की बैठक कर विधि व्यवस्था को बनाए रखने और आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ दुगार्पूजा को मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने बताया कि जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया गया। भिड़ भाड़ वाले इलाकों के साथ-साथ असामाजिक तत्वों एवं नशेड़ियों पर पुलिस की कड़ी नजर है। पूजा स्थलों के आसपास वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। इस दौरान थाना प्रभारी ने विभिन्न पूजा पंडालों का भी निरीक्षण किया। मौके पर कुचिला के वरिष्ट समाजसेवी नजाम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, कुचिला मुखिया सतरोहन सिंह और शब्बीर खान समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नशे में धुत बोलेरो चालक ने टेंपो और कार को मारी टक्कर, पांच घायल



दुर्घटनाग्रस्त टेंपो।

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के बसकरचा मोड़ के पास शनिवार को नशे में धुत अनियंत्रित बोलेरो चालक ने एक ऑटो और एक कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो और कार पर सवार कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया। वहीं सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि नशे में धुत बोलेरो चालक बोलेरो चलाकर गारू से महुआडांड़ की ओर आ रहा था। इसी दौरान बसकरचा मोड़ से कुछ दूर पहले महुआडांड़ जा रहे एक ऑटो को बोलेरो ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो सड़क से नीचे उतर कर गड्ढे में जा गिरा। इस घटना में ऑटो पर सवार एक ही परिवार के तीन सदस्य मिखाइल टोप्पो, पुष्पा टोप्पो और आकूति टोप्पो के अलावे ऑटो चालक अभिनंदन टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें मिखाइल टोप्पो का पैर टूट गया। इसके बाद अनियंत्रित बोलेरो चालक ने सामने से आ रहे एक कार को टक्कर मार दी। जिससे कार पर सवार इलिसबा मिंज गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके अलावा कार पर सवार 5 अन्य लोगों को भी चोट आयी। इस दुर्घटना में बोलेरो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद वाहन चालक वाहन से भागने का प्रयास किया। परंतु स्थानीय लोगों ने उसे धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया।

पेज 1 का शेष

## माई के आरती...

बिहार क्लब श्री दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में माता रानी का भव्य श्रृंगार व लाइटिंग में चंद्रयान का दृश्य सबको आकर्षित कर रहा है। श्रक्ति स्त्रोत संघ दुगार्पूजा समिति गाड़ीखाना के पूजा पंडाल को इसरो की लेबोरेट्री का स्वरूप दिया गया है।

## कोडरमा : फुचका और...

सभी ने एक ठेलेवाले से चाट एवं गुपचुप खाया था। उसे गिरप्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम सभी ने एक ठेले वाले से चाट एवं गुपचुप खाया था, रात में अचानक सबकी तबीयत बिगड़ने लगी। उल्टी और दश्त होने लगा। शनिवार की सुबह सभी को सदर अस्पताल में लगाया गया। ड्यूटी पर तैनात डा प्रमोद कुमार अस्पताल में नहीं थे। इससे नाराज परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। बाद में चिकित्सक के पहुंचने पर इलाज शुरू किया गया। डीसी ने ड्यूटी से नदारद चिकित्सक को कड़ी फटकार लगायी और कार्यशैली सुधारने को कहा। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि फूड पॉइजनिंग से बीमार सभी लोग अब खतरे से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जायेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। डीसी ने लोगों से अपील की कि दुर्गा पूजा मेले में खान पान पर विशेष सावधानी बरतें। होटलों में जाने से पहले साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें।

## लॉन्चिंग टेस्ट सफल...

**इसरो चीफ ने सफलता का किया ऐलान :** इसरो चीफ ने मिशन की सफलता का ऐलान किया उन्होंने कहा कि क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम की टेस्टिंग की गई। मौसम खराबी के बाद लिफ्ट प्रॉसेस में कंप्यूटर ने इंजन में आई खराबी को इंगित किया और इसरो की टीम ने तत्काल उसे दुरुस्त किया और हमने इसे सफलता पूर्वक पूरा किया। **क्रू मॉड्यूल को समंदर में उतारा :** इसरो ने बताया कि क्रू मॉड्यूल का द्रव्यमान 4,520 किलोग्राम है और यह एकल दीवार वाली बिना दबाव वाली एल्यूमीनियम संरचना है। उड़ान के लगभग 61 सेकंड में और 11.9 किमी की ऊंचाई पर, परीक्षण वाहन/रॉकेट और चालक दल की भागने की प्रणाली अलग हो गयी। उड़ान भरने के 91 सेकंड बाद और 16.9 किमी की ऊंचाई पर क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम अलग हो गया और इसे पैराशूट के जरिये समंदर में उतार दिया गया। **लॉन्चिंग भारत के लिए मील का पत्थर :** इसरो के पूर्व प्रमुख जी माधवन नायर ने कहा कि मिशन गगनयान की सफल मानव रहित परीक्षण उड़ान आने वाले समय में इंसान को अंतरिक्ष में भेजने के भारत के कार्यक्रम के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। यह जीएसएलवी रॉकेट प्रणाली का हिस्सा है। आज की उड़ान मैन कैप्सूल को लगभग 10 किलोमीटर की ऊंचाई और ध्वनि के वेग से 1.2 गुना अधिक वेग तक ले गयी। उसी समय क्रू मॉड्यूल को रॉकेट प्रणाली के एक सेट का उपयोग करके मूल वाहन से बाहर निकाल गया और बंगाल की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग के लिए एक अलग प्रक्षेपवक्र के माध्यम से ले जाया गया।

## मां उग्रतारा नगर मंदिर में...

देवी की महिमा से अभिभूत सभी संप्रदायों के लोग अपनी मनोकामना तथा मनौती के लिए यहां आते हैं। इस जाग्रत सिद्ध स्थल में देवी की महिमा स्पष्ट परिलक्षित होती है। मनोकामना के पूर्णता या अपूर्णता की जानकारी हेतु देवी की गद्दी पर प्रत्येक कामना के लिए ग्यारह फूल रखे जाने का विधान है, फूलों का स्वयंमेव गद्दी से नीचे गिरना कामना पूर्ण होने का संकेत समझा जाता है। **मंदिर की प्राचीनता एवं इतिहास :** वैसे तो मंदिर का कोई लिखित इतिहास उपलब्ध नहीं है, पर मंदिर के पूजा प्रयुक्त हस्त लिखित पुस्तक मंदिर की प्राचीनता सिद्ध करती है। शारदीय नवरात्र पूजा पद्धति जो दूसरी बार लिखी गयी है, में विक्रम संवत सन 1607 ई) अंकित है, स्पष्ट है कि इससे पूर्व की पुस्तक भी काफी प्राचीन रही होगी। **16 दिवसीय शारदीय पूजा, विशेष बलि :** इस मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां प्रतिवर्ष अश्विन कृष्ण पक्ष नवमी से शुक्ल पक्ष विजयादशमी तक धूमधाम से शारदीय नवरात्र की पूजा संपन्न होती है। उक्त अवसर पर मंदिर की शोभा देखते बनती है, शारदीय नवरात्र पूजा में बकरों की बलि के अतिरिक्त भैंसें एवं मछली बलि का भी विधान है।

स्पीड न्यूज

## खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकी मारे गये

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की सीमा से सटे अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सेना ने मुठभेड़ में चार आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की आतंकवादियों से यह मुठभेड़ लक्की मारवात जिले के सेमु वांडा इलाके में हुई। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। आईएसपीआर ने शुक्रवार को कहा कि सेना के खुफिया-आधारित ऑपरेशन के दौरान हुई मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए, जबकि एक को पकड़ लिया गया। यह आतंकवादी गोलीबारी में घायल हो गया। इनके पास से हथियार, उपकरण और विस्फोटकों का जखीरा बरामद हुआ है।

## कांकेर : मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि पुलिस शनिवार सुबह लगभग आठ बजे जंगल में था और तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी में नक्सली मारे गए। घटनास्थल की तलाशी लिए जाने पर वहां से दो नक्सलियों के शव, एक इंसास राइफल, एक 12 बोर राइफल एवं अन्य हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए।

## शरद पवार से मिले प्रकाश आंबेडकर

**मुंबई।** वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आम्बेडकर ने शनिवार को यहां एक सम्मेलन से इतर राकांपा के सुप्रीमो शरद पवार से मुलाकात की। हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि उनकी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव एलायंस 'इंडिया' में शामिल हो सकती है तो उन्होंने इससे साफ इंकार कर दिया।

## महादेव एप मामले में पहला आरोपपत्र दाखिल

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल में छत्तीसगढ़ में सामने आए महादेव सट्टा ऐप मामले में धनशोधन जांच के संबंध में पहला आरोपपत्र दायर कर दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी द्वारा अभियोजन शिकायत शुक्रवार को रायपुर में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष दायर की गई। ईडी ने अभियोजन शिकायत में महादेव बुक ऐप के कथित मुख्य प्रवर्तक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल सहित 14 लोगों को नामित किया है। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में कथित अपराध से अनुमानित आय लगभग 6,000 करोड़ रुपये है। अदालत 25 नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई में आरोपपत्र पर संज्ञान लेगी।

# हमास ने अमेरिकी महिला और उसकी बेटी को छोड़ा

- अब भी कब्जे में 200 लोग 10 अमेरिकी लापता
- इजरायल को 10.6 अरब डॉलर देगा अमेरिका

**एजेंसी**

**तेल अवीव।** हमास ने कतर की मध्यस्थता के बाद शुक्रवार रात दो अमेरिकी नागरिकों को रिहा कर दिया। ये दोनों मां-बेटी जूडिथ (59) और नताली (17) हैं। युद्ध शुरू होने के बाद यह पहला मौका है जब किसी बंधक को छोड़ा गया है। हालांकि 200 लोग अब भी हमास के कब्जे में बताए गए हैं। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। हमास ने जूडिथ और उसकी पुत्री नताली को रेडक्रॉस को सौंपा। इसके बाद रेडक्रॉस ने उन्हें इजराइल के हवाले कर दिया। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि 10 अमेरिकी अभी भी लापता हैं। उन्होंने कहा कि सभी बंधकों को तुरंत और बिना शर्त रिहा किया जाना चाहिए। इस बीच इजराइल ने गाजा शहर के अल-कुदस अस्पताल को खाली करने का आदेश दिया है। कहा जा रहा है कि अस्पताल और आसपास के क्षेत्र में हजार से ज्यादा लोग मौजूद हैं। अस्पताल प्रशासन ने इसे खाली करने से इनकार कर दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिकी संसद से 105 अरब डॉलर का आपातकालीन फंड रिलीज करने को कहा है। इनमें से



10.6 अरब डॉलर की मदद इजराइल को दी जाएगी। 61.4 अरब डॉलर यूक्रेन को हथियार और दूसरे जरूरी सामान खरीदने के लिए दिए जाएंगे। इसी के साथ यह युद्ध नया रूप लेता नजर आ रहा है। इजराइल पर हमास और हिजबुल्लाह के बाद यमन के हूती विद्रोही भी हमले करने लगे हैं। इजराइली सेना ने अब तक गाजा पट्टी में जमीनी कार्रवाई शुरू नहीं की है। इजराइल के रक्षामंत्री योव गैलेंट ने रक्षा समिति की बैठक में कहा है कि उनकी प्राथमिकता सबसे पहले गाजा पट्टी में हमास की सैन्य क्षमता को ध्वस्त करना है। इसके बाद जमीनी आक्रमण शुरू किया जाएगा। उन्होंने यह युद्ध का पहला चरण है। हवाई हमले से हमास के ठिकानों को मटियामेट किया जा रहा है। दूसरे चरण में हमास के सीक्रेट एजेंट्स का खात्मा किया जाएगा। तीसरे चरण में गाजा में नई सुरक्षा व्यवस्था बनवाई जाएगी। मगर इसमें इजराइल की भूमिका नहीं होगी। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि गाजा और इजिप्ट की सीमा पर मौजूद राफा बॉर्डर क्रॉसिंग से शुक्रवार को भी राहत सामग्री से लदे ट्रक गाजा नहीं पहुंच सके। इस पर यूएन प्रमुख गुटेरेस ने नाराजगी जताई है। उधर, इजराइल ने अपने उत्तरी शहर किरायत शमोना को खाली करा लिया है। यह लेबनान बॉर्डर से काफी करीब है। लेबनान से इजराइल पर लगातार रॉकेट और मिसाइल हमले हो रहे हैं। लिहाजा, नागरिकों को महफूज रखना जरूरी था। युद्ध की विभीषिका के बीच बाइडन प्रशासन ने इजराइल के नागरिकों को नई सुविधा दी है। वह 90 दिन तक बिना वीजा के अमेरिका जा सकेंगे।

## राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जारी की दूसरी सूची, राजे का नाम शामिल

**जयपुर।** भाजपा ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची शनिवार को जारी की।

इस सूची में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित 83 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी की ओर से दिल्ली में यह सूची जारी की गई जिसमें राजे को झालरापाटन से उम्मीदवार बनाया गया है। राठौड़ को तारानगर से एवं पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया को आमेर से प्रत्याशी बनाया गया है। इससे पहले पार्टी ने 41 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। पार्टी ने कुल 124 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। राज्य में कुल 200 सीट हैं जिनके लिए 25 नवंबर को मतदान होना है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू करेगी सरकार

- कल्याणकारी योजनाओं के पूर्ण क्रियान्वयन को लेकर 2.7 लाख पंचायतों में दिवाली बाद शुरू होगा विशेष अभियान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए छह महीने का लक्ष्य रखा है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार लाभार्थियों तक पहुंचने और योजनाओं से उन्हें जोड़ने के लिए देश की सभी 2.7 लाख पंचायतों में व्यापक अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू करेगी। सूत्रों ने कहा कि यह कवायद अगले महीने दिवाली के बाद शुरू होगी और कई हफ्तों तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से तैयार किए गए रथ देश भर में लाभार्थियों तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि हाल में मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री ने अपने सहयोगियों को कड़ी मेहनत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया कि जिन योग्य लाभार्थियों को अभी भी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन तक तेजी से पहुंचा जाए। शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने कल्याणकारी योजनाओं के पूर्ण क्रियान्वयन में तेजी लाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। एक सूत्र ने कहा कि उन्होंने (प्रधानमंत्री) कहा कि वह चाहते हैं कि सरकार की सभी योजनाओं का अगले छह महीनों में पूर्ण क्रियान्वयन हो। मोदी ने कई बार कल्याणकारी योजनाओं के पूर्ण क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि ऐसा दृष्टिकोण किसी भी भेदभाव को दूर करता है और प्रत्येक योग्य नागरिक के लिए कल्याणकारी पहल सुनिश्चित होती है। यह अभियान ऐसे वक्त शुरू किया जा रहा है जब भाजपा मोदी के नेतृत्व में 2014 और 2019 के आम चुनावों में बड़ी जीत के बाद लगातार तीसरे कार्यकाल की तलाश में अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए तैयार हो रही है।

### इन योजनाओं पर रहेगा फोकस

यह अभियान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान, फसल बीमा योजना, पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनऔषधि योजना और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अलावा कौशल विकास योजनाओं और हाल में शुरू की गई विश्वकर्मा योजना का पूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा।

## सरकार ने दशकों से लंबित फैसले लेकर कम किया अगली पीढ़ी का बोझ : मोदी

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2014 के बाद दशकों से लंबित कई फैसले लेकर अगली पीढ़ी का बोझ कम करने का काम किया। श्री मोदी मध्यप्रदेश के ग्वालियर में सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में 'शॉर्टकट' भले तात्कालिक लाभ पहुंचा दे, पर लांग टर्म सोच ही अंत में लाभ पहुंचाती है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि 2014 में जब देश ने उन्हें प्रधानमंत्री का दायित्व दिया तो उनके सामने दो विकल्प थे। या तो सिर्फ तात्कालिक लाभ के लिए काम करें या लांग टर्म एप्रोच को अपनाएं। सरकार ने 10 साल की अवधि में कई अभूतपूर्व फैसले किए और लंबित फैसलों से मुक्त किया। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 60 साल से कश्मीर में धारा 370 को हटाने की मांग थी। उसे सरकार ने हटाया। पिछले 40 साल से पूर्व फौजियों को वन रैंक वन पेंशन देने की मांग थी, उसे भी किया गया। 40 साल से जीएसटी की मांग थी, ये भी किया। दशकों से मुस्लिम महिलाएं तीन तलाक के खिलाफ कानून की मांग कर रहीं थीं, वो भी मौजूदा सरकार ने बनाया। कुछ सप्ताह पहले लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के आरक्षण का कानून बनाया।



सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना दिवस समारोह में बच्चों को सम्मानित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## चार साल बाद पाक लौटे नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ चार साल बाद लंदन से शनिवार दोपहर को अपने देश लौट आए। रीफ के स्वागत के लिए इस्लामाबाद एयरपोर्ट पर पूर्व विधि मंत्री आजम तरार समेत पार्टी के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। नवाज ऐसे समय में पाकिस्तान लौटे हैं जब देश में आम चुनाव की घोषणा कर दी गई है।

## फिल्म गेम चेंजर में काम करेंगी कियारा आडवाणी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी तेलगु फिल्म गेम चेंजर में काम करती नजर आयेंगी। एस. शंकर के निर्देशन में बन रही फिल्म गेम चेंजर में कियारा आडवाणी ,राम चरण के अपोजिट नजर आयेंगी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में कियारा एक्शन करती नजर आयेंगी। कियारा का कहना है कि वह लगातार कुछ नया करने की कोशिश कर रही हैं। वह उन जॉनर की फिल्में कर रही हैं, जिसमें उन्होंने पहले हाथ नहीं आजमाया। 'गेम चेंजर' का निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले दिल राजू द्वारा किया गया है।



हनुमानगढ़ी मंदिर में शनिवार को हनुमंत लला की पूजा करते यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ।

## राजनाथ सिंह ने शुरू किया परियोजना उद्भव

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को परियोजना उद्भव शुरू किया, जिसका उद्देश्य सेना को भविष्य के लिए तैयार करने पर ध्यान देने के साथ ही भारत के प्राचीन रणनीतिक कौशल को समकालीन सैन्य क्षेत्र में एकीकृत करके सेना में स्वदेशी विमर्श को बढ़ावा देना है। सिंह ने दिल्ली में सैन्य विरासत महोत्सव के पहले संस्करण का उद्घाटन भी किया, जिसका आयोजन भारत की समृद्ध सैन्य संस्कृति और विरासत, विशेष रूप से देश की सुरक्षा में सशस्त्र बलों की अद्वितीय बहादुरी को प्रदर्शित करने के लिए किया गया है। परियोजना उद्भव के बारे में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इसे एक रणनीतिक शब्दावली और वैचारिक ढांचा बनाने के लिए तैयार किया गया है, जो भारत की दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत में गहराई से अंतर्निहित है।



Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX ZOOM CASIO PAISTE Fender Gibson ESP DigiTech KORG M-AUDIO Roland Epiphone GRANADA Cort Gibson TAMA stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

# विंध्यवासिनी के कालरात्रि स्वरूप के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

## आस्था की बही रसधार, मां के जयकारे से गूंजा विंध्यधाम

**मीरजापुर।** शारदीय नवरात्र के सप्तमी पर शनिवार को विश्व प्रसिद्ध मां विंध्यवासनी धाम जयकारे से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने मां विंध्यवासिनी के कालरात्रि स्वरूप का दर्शन-पूजन किया और त्रिकोण परिक्रमा भी की। गंगा घाटों पर स्नान-ध्यान के बाद श्रद्धालुओं का कारवां विंध्यवासिनी मंदिर की ओर कूच कर रहा था। भोर तक गर्भगृह की ओर जाने वाले मार्ग पर लंबी कतारें लग गईं। मंगला आरती के बाद जैसे ही मंदिर का कपाट खुला, मां विध्यवासिनी की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु उमड़े पड़े। कुछ ही देर में गर्भगृह भक्तों से पट गया। मंदिर के दोनों प्रवेश द्वार एवं झांकी पर दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की लंबी लाइन लग गई। भक्त नारियल-चुनरी प्रसाद लेकर मंदिर की तरफ जयकारे के साथ बढ़ते रहे और मां की आराधना में





लीन दिखे। मध्य रात्रि के बाद गंगा स्नान कर भक्त सीधे मां के दरबार में मत्था टेकने पहुंच गए। इन सभी ने न सिर्फ माता विंध्यवासिनी के मंदिर में माथा टेका बल्कि यहां त्रिकोण परिक्रमा भी की। आसमान से निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। वहीं गंगा घाटों पर भी एसडीआरएफ की टीम लगाई गई है।

**श्रद्धा के उद्घोष से गंगा की लहरों में जोश :** श्रद्धालुओं ने मां विंध्यवासिनी के जयकारों से इतना उद्घोष किया कि गंगा की लहरों में भी जोश आ गया। दर्शन-पूजन के पूर्व श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। सप्तमी की पूर्व संध्या से ही आस्थाधाम में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जोर पकड़ता जा रहा था। भोर तक समूचा मेला क्षेत्र भक्तों से पट गया।

**पत्थरों को जोड़कर भक्त बना रहे घरौंदा :** मान्यता है कि विंध्य पर्वत के त्रिकोण पथ पर पत्थरों को जोड़कर घरौंदा बनाने से अपना आशियाना होने का सपना साकार होता है। जितने तल का मकान बनाया जाता है, उतने तल का मकान बनवाने का सपना भक्त का माता रानी पूरा करती हैं। ऐसे में इन दिनों लोग पत्थरों को जोड़-जोड़कर घरौंदा बना रहे हैं।

**महानिशा पर बड़ी संख्या में जुटे तंत्र साधक :** नवरात्र के सप्तमी तिथि पर महानिशा की रात तंत्र साधना के लिए विंध्यधाम के विभिन्न स्थलों पर तांत्रिकों का जमावड़ा रहा। विंध्यधाम में वाममार्गी और दक्षिणमार्गी दोनों साधकों ने अपनी-अपनी साधना विधि से तंत्र साधना की।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# रावण से सीखने योग्य बात जिसने राम को प्रभावित किया

**सुधांशु कुमार**

**रावण** महापंडित था। वेद, ज्योतिष, तंत्र और योग का ज्ञाता था। वह युद्ध और मायावी कला में भी पारंगत था। रावण में कई बुराइयां थी तो अच्छाइयां भी थी। हालांकि रावण से बहुत कुछ सीखा भी जा सकता है।

भगवान श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा कि इस संसार में नीति, राजनीति और शक्ति का महान पंडित रावण अब विदा हो रहा है, तुम उसके पास जाओ और उससे जीवन की कुछ ऐसी शिक्षा ले लो जो और कोई नहीं दे सकता। त्लक्ष्मण को अपने चरणों में बैठा देख महापंडित रावण ने लक्ष्मण को तीन बातें बताईं, जो कि जीवन में सफलता की कुंजी है।

**1.शुभस्य शीघ्रम-** पहली बात जो लक्ष्मण को रावण ने बताई वह यह थी कि शुभ कार्य जितनी जल्दी हो, कर डालना चाहिए और अशुभ को जितना टाल सकते हो, टाल देना चाहिए अर्थात शुभस्य शीघ्रम। मैं प्रभु श्रीराम को पहचान नहीं सका और उनकी शरण में आने में देर कर दी। इसी कारण मेरी यह हालत हुई। यह में पहले ही पहचान लेता तो मेरी यह गत नहीं होती।

**2.शत्रु को कभी छोटा मत समझो-** रावण ने लक्ष्मण को दूसरी शिक्षा यह दी कि अपने प्रतिद्वंद्वी, अपने शत्रु को कभी भी अपने से छोटा नहीं समझना चाहिए। मैं यह भूल कर गया। मैंने जिन्हें साधारण वानर और भालू समझा, उन्होंने मेरी पूरी सेना को नष्ट कर दिया।

**3. कोई तुच्छ नहीं होता-** महापंडित रावण ने लक्ष्मण को तीसरी सीख यह दी कि मैंने जब ब्रह्माजी से अमरता का वरदान मांगा था तब मनुष्य और वानर के अतिरिक्त कोई भी मेरा वध न कर सके ऐसा वर मांगा था, क्योंकि मैं मनुष्य और वानर को तुच्छ समझता था। यह मेरी गलती हुई।

इसके अलावा रावण से और भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है:-

**4.शक्ति का पूजक था रावण-**

रावण मानता था कि शक्ति ही सबकुछ होती है जिसके दम पर धन, सेहत, ज्ञान और संसार की सभी वस्तुओं को प्राप्ति किया जा सकता है। रावण हर समय अपनी शक्ति को ही बढ़ाता रहता था। उसका मानना था कि शक्ति योग्यता से जन्मती है। हालांकि रावण को अपनी शक्ति पर बहुत घमंड था। उसका घमंड शिवजी ने तोड़ दिया था। तब उनने शिवजी की स्तुति की थी।

शक्तियां दो तरह की होती हैं- एक दिव्य और दूसरी मायावी। रावण मायावी शक्तियों का स्वामी था। रावण एक त्रिकालदर्शी था। उसे मालूम हुआ कि प्रभु ने राम के रूप में अवतार लिया है और वे पृथ्वी को राक्षसविहीन करना चाहते हैं, तब रावण ने राम से बैर लेने की सोची।

**5.खोजी बुद्धि थी रावण की-**

रावण हर समय खोज और अविष्कार को ही महत्व देता था। वह नए नए अस्त्र, शस्त्र और यंत्र बनवाता रहता था। कहते हैं कि वह स्वर्ग तक सीढ़ियां बनवान चाहता था। वह स्वर्ण में से सुगंध निकले इसके लिए भी प्रयास करता था। रावण की पत्नी मंदोदरी ने ही शतरंज का अविष्कार किया था। रावण की वेधशाला थी जहां



तरह तरह के आविष्कार होते थे। खुद रावण ने उसकी वेधशाला में दिव्य-रथ का निर्माण किया था। कुंभकर्ण अपनी पत्नी वज्रज्वाला के साथ अपनी प्रयोगशाला में तरह-तरह के अस्त्र-शस्त्र और यंत्र बनाने में ही लगे रहते थे जिसके चलते उनको खाने-पीने की सुध ही नहीं रहती थी। कुंभकर्ण की यंत्र मानव कला को ग्रेट इंडियन' पुस्तक में विजार्ड आर्ट' का दर्जा दिया गया है। इस कला में रावण की पत्नी धान्यमालिनी भी पारंगत थी।

**6.तपस्वी था रावण-**

रावण तपस्वी था। यह अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए तप करता रहता था। उसने तप के बल पर ही ब्रह्मा से वरदान मांगा था और उसने तप के ही बल पर सभी ग्रहों के देवों को बंधक बना लिया था। हनुमानजी ने ही शनिदेव को रावण के बंधन से मुक्त कराया था। उल्लेखनीय है कि तप का प्रथम रूप है संकल्प और व्रत। जो व्यक्ति संकल्प और व्रत साथ लेता है वह हर क्षेत्र में सफल हो जाता है। संकल्प और व्रत के अभ्यास से ही तपस्वी बना जा सकता है।

**7.शिव का परम भक्त रावण-**

रावण का मानना था कि कोई एक ही ईष्ट होना चाहिए। देवों के देव महादेव सर्वोच्च है। वह शिवजी का परमभक्त था। जब रामेश्वरम में प्रभु श्रीराम के द्वारा शिवलिंग की स्थापना की जा रही थी तब किसी विद्वान पंडित की आवश्यकता थी। बहुत खोज करने के बाद पता चला कि रावण से बड़ा पंडित और विद्वान दूसरा कोई नहीं। ऐसे में उसके पास आमंत्रण भेजा गया। चूंकि रावण शिवभक्त था इसलिए उसने अपने शत्रुओं का भी आमंत्रण स्वीकार कर लिया था। हालांकि इस संबंध में और भी कथाएं प्रचलित हैं।

**8.आयुर्वेद का जानकार था रावण-**

रावण कवि, संगीतज्ञ, वेदज्ञ होने के साथ साथ ही वह आयुर्वेद का जानकार भी था। रावण को रसायनों का भी अच्छा खासा ज्ञान था। माना जाता है कि रसायन शास्त्र के इस ज्ञान के बल पर उसने कई अचूक शक्तियां हासिल थीं और उसने इन शक्तियों के बल पर अनेक चमत्कारिक कार्य संपन्न कराए। हर व्यक्ति को जड़ी-बूटी और आयुर्वेद का ज्ञान रखना चाहिए क्योंकि जीवन में इसकी उपयोगिता बहुत होती है।

**9.लगन का पक्का था रावण-**

रावण जब किसी भी कार्य को अपने हाथ में लेता था तो वह उसे पूरी निष्ठा, लगन और जोश के साथ सम्पन्न कर देने तक उसका पीछा नहीं छोड़ता था। यही कारण था कि वह अनेक तरह की विद्याओं का ज्ञाता और मायावी बन गया था। वह अपनी इस ताकत के बल पर ही संपूर्ण धरती पर राज करने का सोचने लगा था। उसने कई युद्ध लड़े, अभियान चलाए और निर्माण कार्य किए। यदि व्यक्ति में किसी कार्य को करने के प्रति लगन नहीं है तो वह कोई भी कार्य जीवन में कभी भी पूर्ण नहीं कर पाएगा। इसलिए रावण से जुनूनी होना सीखना चाहिए।

**10.शास्त्र रचयिता था रावण-**

रावण बहुत बड़ा शिवभक्त था। उसने ही शिव की स्तुति में तांडव स्तोत्र लिखा था। रावण ने ही अंक प्रकाश, इंद्रजाल, कुमारतंत्र, प्राकृत कामधेनु, प्राकृत लंकेश्वर, ऋग्वेद भाष्य, रावणीयम, नाड़ी परीक्षा आदि पुस्तकों की रचना की थी। रावण में पुस्तक पढ़ने और पुस्तक लिखने की रुचि थी। प्रत्येक व्यक्ति पुस्तकें पढ़ने की रुचि होना चाहिए। पुस्तकें हमारी अच्छी शिक्षक और मार्गदर्शक होती है। यह हमारी बुद्धि को तेज बनाती हैं।

# राम-लक्ष्मण और रावण संवाद से कारपोरेट जगत भी सीख सकता है

**नागेन्द्र सिंह**

**रामायण** से मुख्य कॉर्पोरेट और महत्वपूर्ण सीख (राम, लक्ष्मण और रावण वातार्लाप)

ऐसा कहा जाता है कि मानव अस्तित्व और इस संसार में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसका रामायण या महाभारत में स्थान न हो। ये श्रद्धेय महाकाव्य आलोचनात्मक शिक्षा के महान स्त्रोत हैं क्योंकि प्रमुख पात्रों के जीवन और गतिविधियों से कई सबक सीखे जा सकते हैं।

जब लंका का राजा रावण अपनी मृत्यु के करीब था, तो राम ने लक्ष्मण से रावण से कुछ प्रशासन पर मार्गदर्शन लेने के लिए आपके पास भेजा है, हे राजा, कृपया मुझे उत्तर दें

लक्ष्मण वापस राम के पास जाते हैं।

लक्ष्मण : कोई फायदा नहीं भाई; वह मेरी बात नहीं सुनता और जवाब देने को तैयार नहीं है।

रामः लक्ष्मण, क्या तुमने उससे आदरपूर्वक बात की? जब आप रावण से बात कर रहे थे तो आप कहाँ खड़े थे?

लक्ष्मणः मैं उसके सिर के पास खड़ा था।

रामः यह तुम्हारी सबसे बड़ी गलती है लक्ष्मण, तुम्हें उनके पैरों के पास ऐसे खड़ा होना चाहिए था (घमंड, अभिमान) और घृणित (घृणा) दुष्कर्म (दुष्कर्म) के मूल कारण हैं।

नाक कटने के बाद जब शूर्पणखा रोती हुई मेरे पास आई तो मेरे मन में पहला विचार सीता का अपहरण कर बदला लेने का आया। मैंने एक बार भी नहीं सोचा कि मैं गलत कर रहा हूँ और जितनी जल्दी हो सके सीता का हरण कर लिया। कुकर्मों की यही प्रकृति है, वे बार-बार आपसे बात करते हैं और काम को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग करते हैं।

लेकिन, बुद्धिमान व्यक्ति वह है जो क्रोध (क्रोध), घमंड (घमंड, अभिमान) और घृणित (घृणा)



(राजनीति शास्त्र) सीखने के लिए कहा।

रामः लक्ष्मण, क्या रावण मर गया?

लक्ष्मणः वह हिल नहीं रहा है, मुझे लगता है कि वह मर गया है लेकिन आप राक्षसों पर भरोसा नहीं कर सकते।

रामः रावण पिछले जन्म में एक महान भक्त था लेकिन श्राप के कारण उसका जन्म एक राक्षस के रूप में हुआ। वह एक विद्वान ब्राह्मण और भगवान शिव के महान भक्त हैं। कृपया उस पर आरोप न लगाएं. हालाँकि, हम एक शाही परिवार में पैदा हुए हैं, लेकिन हमें अपने पूर्वजों से राजनीति, प्रशासन और राज्य कौशल सीखने का अवसर नहीं मिला है। हम पिछले 14 वर्षों से बंदरों और भालुओं के साथ घूम रहे हैं।

जैसे ही हम अयोध्या लौटेंगे, वे राजा का उत्तरदायित्व मुझे सौंप देंगे। लेकिन मैं राजा की जिम्मेदारी से पूरी तरह वाकिफ नहीं हूं। मैं अभी भी नहीं जानता कि एक राजा के लिए क्या वांछित है और जैसे एक छात्र गुरु (शिक्षक) के पैरों के पास बैठता है।

लक्ष्मणः लेकिन भाई ये मेरे गुरु नहीं हैं.

रामः ज्ञान और विद्वान ब्राह्मण का अनादर मत करो। ज्ञान धर्म, जाति और वंश से परे है। ज्ञान शुद्ध है. चलो हम दोनों उसके पास चलते हैं.

राम नम्रता और श्रद्धा से हथेलियाँ जोड़कर (प्रणाम) रावण के पैरों के पास खड़े हो गए

रावणः मैं तुम्हें क्या मार्गदर्शन दे सकता हूं, मेरा ज्ञान और बुद्धि माया के अधीन है और मैं यह जानने में सक्षम नहीं हूं कि क्या सही है और क्या गलत है। हे रघुवंश के राजा, मैं तुम्हें क्या सिखा सकता हूँ?

रामः हे राजन, आप मुझसे बड़े हैं और अनुभवी हैं। आप एक महान राजा एवं शासक रहे हैं।

मैं जानना चाहूंगा कि प्रशासन और राजनीति में क्या सही है और क्या गलत। आपके अनुभव से मैं एक अच्छा राजा कैसे बनूँ और अन्य संबंधित ज्ञान? मैं इन विषयों पर आपके विचार और राय के प्रभाव में आकर कोई भी दुष्कर्म करने से खुद को रोक लेता है।

सही और गलत के बारे में मैं यही जानता हूं।'

हे राम, कृपया इस ज्ञान का उपयोग करें और कृपया मेरे पापों को क्षमा करें।

उपरोक्त प्रत्येक पंक्ति हमें हमारे दैनिक कार्य संचालन कौशल के लिए कुछ न कुछ बहुत महत्वपूर्ण सिखाती है। जिस तरह से राम शांत और संयमित हैं, जिस तरह से उन्होंने रावण को संबोधित किया और उनका समग्र व्यक्तित्व एक आदर्श राजा का है। लक्ष्मण को राम की बात मानकर उनमें बदलाव लाने की सीख मिली। किसी से भी मिली अच्छी बातें और ज्ञान हमेशा फायदेमंद होता है क्योंकि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती।

कुछ प्रमुख सीख जो हम इन वातार्लापों से प्राप्त कर सकते हैं

शुभ एवं शुभ कार्य में देरी न करें. उन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें (शुभस्य शिघ्रं)

बुरे कार्यों को जितना हो सके



क्या नहीं, क्या सही है और क्या गलत है। ये मुझे कौन सिखाएगा, मुझे भविष्य की थोड़ी चिंता है.

रावण लंका पर शासन कर रहा था और उसने राजसत्ता और प्रशासन की कला में महारत हासिल कर ली थी। उनकी प्रजा (नागरिक) उन्हें एक राजा के रूप में सम्मान देती है। राक्षस मूल के होने के कारण उसने कई बुरे कर्म (दुष्कर्म) किए हैं, लेकिन उसकी राय जानना और राजनीति और प्रशासन पर सलाह लेना हमारे लिए फायदेमंद होगा। वेदों में बताया गया है कि अगर कोई कीमती धातु (अमूल्य रत्न) कूड़े में पड़ी हो तो उसे उठा लेना बहुत ही सही होता है।

लक्ष्मण रावण के पास आकर उसके सिर के पास खड़े हो जाते हैं।

लक्ष्मणः हे लंका के महान राजा, श्री राम ने मुझे ज्ञान प्राप्त करने, सीखने और राजनीति और जानना चाहूँगा।

रावणः हे रघु राजा, मैं मरने के करीब हूं और कुछ भी कहना मुश्किल है, लेकिन मैं जो भी कह रहा हूं उसे कृपया सुनें।

हे रघु राजा और लक्ष्मण, दया (करुणा), प्रेम (प्रेम) और परोपकार (दान) के साथ किया गया कोई भी कार्य अनिवार्य रूप से अच्छा होता है। हम जो सत्कर्म (अच्छा काम) करना चाहते हैं उसमें हमेशा देरी करते हैं। सत्कर्म में कभी भी देरी नहीं करनी चाहिए क्योंकि जब आप इसे बाद के चरण में पूरा करने का प्रयास करेंगे तो लगातार देरी अधिक समस्याएं और बाधाएं लाएगी।

दुष्कर्म (दुष्कर्म) के बारे में मैं आपको बहुत सी बातें बता सकता हूं, मैंने इस जीवन में बहुत सारे दुष्कर्म किए हैं और यहां देखिए, मेरे सभी बेटे और पोते युद्ध के मैदान में मृत पड़े हैं।

क्रोध (गुस्सा), घमण्ड टालें और विलंबित करें।

यह हमेशा महत्वपूर्ण नहीं है कि आप क्या कहते हैं, महत्वपूर्ण यह है कि आप इसे कैसे कहते हैं।

सदैव वही करें जो किसी के राज्य के लिए अच्छा हो।

अहंकार के वशीभूत होकर सत्य के मार्ग से न हटें क्योंकि अहंकार अंधकार और विनाश का प्रतीक है।

किसी वरिष्ठ/विद्वान पेशेवर द्वारा पूछे जाने पर रणनीतियों में बदलाव लाना चाहिए।

किसी को अपनी शैक्षिक डिग्री के बाद कभी भी सीखना बंद नहीं करना चाहिए, बल्कि हर दिन सीखना और बढ़ना चाहिए।

कृपया ध्यान दें, वाल्मिकी रामायण के अनुसार, रावण ने अपनी मृत्यु के दौरान न तो राम से बात की और न ही लक्ष्मण से। ये कहानियाँ रामायण के अन्य क्षेत्रीय संस्करणों से ली गई हैं।

# नवरात्रि के सात्विक भोजन जुड़ा होता है आपकी चेतना

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

सात्विक भोजन जुड़ा होता है आपकी चेतना से, जानिए आध्यात्मिक जीवन में सात्विक आहार क्यों महत्वपूर्ण है

अध्यात्म में योगियों को सात्विक भोजन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि उन्हें अपने कठिन यात्रा में अनुशासन, शरीर की ऊर्जा एवं स्वास्थ्य और शुद्धता का बहुत खयाल रखना होता है और यह सब केवल सात्विक भोजन से ही हासिल हो सकता है। अगर उन्होंने तामसिक एवं राजसिक भोजन का चुनाव किया, तो उनके शरीर में आलस, बैचैनी, क्रोध, उग्रता, मोटापा एवं अन्य दोष घर कर लेगा। तो, चलिए विस्तार से जानते हैं सात्विक भोजन के महत्व के बारे में...

सात्विक भोजन न केवल मन को शुद्ध, स्पष्ट, स्थिर और शांत रखता है बल्कि वह हमारी चेतना का भी हिस्सा बन जाता है

**वेदों के अनुसार सात्विक भोजन का महत्व**

अध्यात्म में माना गया है कि सात्विक भोजन न केवल मन को शुद्ध, स्पष्ट, स्थिर और शांत रखता है बल्कि वह हमारी चेतना का भी हिस्सा बन जाता है। इसलिए, कहा गया है कि आप जैसा भोजन ग्रहण करोगे, वैसे ही बन जाओगे क्योंकि भोजन की प्रकृति आपकी प्रवृत्ति, भावना, मानसिकता और आध्यात्मिक स्तर को भी प्रभावित करती है। यही कारण है कि शास्त्रों ने भोजन को तीन प्रकारों में बांटा है - सात्विक, तामसिक और राजसिक। आपके स्वास्थ्य के हित के लिए आपको तामसिक और राजसिक भोजन से बचने की सलाह दी गई है क्योंकि इस प्रकार के भोजन क्रोध, तनाव, आलस और नीरसता को जन्म देते हैं।

**आध्यात्मिक यात्रा की राह में रुकावट पैदा करता है तामसिक भोजन**

ग्रहण के दौरान भोजन किया जाना चाहिये या नहीं? सद्गुरु से जानें क्या वाकई इस दौरान निगेटिव एनर्जी हावी होती है

वेदों के अनुसार, भोजन आपको पोषण के साथ-साथ प्राण-ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। सनातन धर्म में कहा गया है कि भोजन से शरीर की 'पूर्णब्राह्मण' कोशिका को पोषण मिलता है। भोजन का रस आपको रोगमुक्त रखने में मदद करता है। इसलिए, खाना जैविक और मौसमी होना चाहिए ताकि भोजन ताजा और पोषणयुक्त रहे, उसमें किसी प्रकार की मिलावट या वह लंबे समय तक संरक्षित किया हुआ ना हो। यह भी आवश्यक है कि आपके द्वारा ग्रहण किया गया भोजन शुद्ध, पवित्र, ऊजार्वान, स्वास्थ्यवर्धक, सद्भावना और कल्याण की भावना से परिपूर्ण होना चाहिए। सात्विक भोजन की यही विशेषताएं हैं। गीता के अनुसार, सात्विक आहार प्रकृति में हल्का, आसानी से पचने वाला, तासीर में ठंडा और दिमाग को शांत रखने वाला होता है। इसलिए, इस प्रकार के भोजन को ग्रहण करने से आपमें जीवन काल, सद्गुण, शक्ति, कल्याण, सकारात्मक विचारों, खुशी और संतुष्टि को बढ़ावा मिलता है। सात्विक भोजन स्वादिष्ट, पोषण से युक्त, दोषों से मुक्त और पेट को प्रसन्न करने वाला होता है।

**सात्विक आहार में किस प्रकार के भोजन हैं शामिल**

सात्विक आहार में शुद्ध शाकाहारी, मौसमी और पौष्टिक आहार को रखा गया है। इसमें ताजे फल, हरी सब्जियाँ, साबुत अनाज, दाल, अंकुरित अनाज, ड्राई फ्रूट्स, सीड्स, शहद, दूध और डेयरी उत्पाद शामिल होते हैं। किसी भी तरह का मासाला, तैलयुक्त पदार्थ या पेक्ड फूड इसमें शामिल नहीं होता। मांस, प्याज, लहसन और शराब जैसी चीजें भी शामिल नहीं होती। ज्यादातार सात्विक भोजन कच्चा भी खाया जा सकता है और कुछ पकाकर। कहा जाता है कि सात्विक भोजन को प्रेम, कृतज्ञता और जागरूकता के साथ पकाया और खाया जाना चाहिए।

# रामायण के सात काण्ड - मानव की उन्नति के सात सोपान



**सुधीर शर्मा**

रामायण के सात काण्ड - मानव की उन्नति के सात सोपान

1 **बालकाण्ड** बालक प्रभु को प्रिय है क्योकि उसमेँ छल ,कपट , नही होता ।

विद्या , धन एवं प्रतिष्ठा बढने पर भी जो अपना ह्रदय निर्दोष निर्विकारी बनाये रखता है , उसी को भगवान प्राप्त होते है। बालक जैसा निर्दोष निर्विकारी दृष्टि रखने पर ही राम के स्वरुप को पहचान सकते है। जीवन मेँ सरलता का आगमन संयम एवं ब्रह्मचर्य से होता है। बालक की भाँति अपने मान अपमान को भूलने से जीवन मेँ सरलता आती है ।बालक के समान निमोर्ही एवं निर्विकारी बनने पर शरीर अयोध्या बनेगा । जहाँ युद्ध, वैर ,ईर्ष्या नहीँ है , वही अयोध्या है।

2. **अयोध्याकाण्ड** यह काण्ड मनुष्य को निर्विकार बनाता है जब जीव भक्ति रुपी सरयू नदी के तट पर हमेशा निवास करता है, तभी मनुष्य निर्विकारी बनता है। भक्ति अर्थात प्रेम , अयोध्याकाण्ड प्रेम प्रदान करता है । राम का भरत प्रेम , राम का सौतेली माता से प्रेम आदि ,सब इसी काण्ड मेँ है ।राम की निर्विकारिता इसी मेँ दिखाई देती है । अयोध्याकाण्ड का पाठ करने से परिवार मेँ प्रेम बढता है । उसके घर मेँ लडाई झगडे नहीँ होते । उसका घर अयोध्या बनता है । कलह का मूल कारण धन एवं प्रतिष्ठा है । अयोध्याकाण्ड का फल निर्वैरता है ।सबसे पहले अपने घर की ही सभी प्राणियोँ मेँ भगवद् भाव रखना चाहिए।

3. **अरण्यकाण्ड** यह निर्वासन प्रदान करता है ।इसका मनन करने से वासना नष्ट होगी । बिना अरण्यवास (जंगल) के जीवन मेँ दिव्यता नहीँ आती रामचन्द्र राजा होकर भी सीता के साथ वनवास किया । वनवास मनुष्य हृदय को कोमल बनाता है । तप द्वारा ही कामरुपी रावण का बध होगा । इसमेँ सूपर्णखा (मोह ) एवं शबरी (भक्ति) दोनो ही है। भगवान राम सन्देश देते हैँ कि मोह को त्यागकर भक्ति को अपनाओ ।

4. **किष्किन्धाकाण्ड** जब मनुष्य निर्विकार एवं निर्वैर होगा तभी जीव की ईश्वर से मैत्री होगी । इसमे सुग्रीव और राम अर्थात जीव और ईश्वर की मैत्री का वर्णन है। जब जीव सुग्रीव की भाँति हनुमान अर्थात ब्रह्मचर्य का आश्रय लेगा तभी उसे राम मिलेँगे । जिसका कण्ठ सुन्दर है वही सुग्रीव है। कण्ठ की शोभा आभूषण से नही बल्कि राम नाम का जप करने से है। जिसका कण्ठ सुन्दर है , उसी की मित्रता राम से होती है किन्तु उसे हनुमान यानी ब्रह्मचर्य की सहायता लेनी पडेगी ।

5. **सुन्दरकाण्ड** जब जीव की मैत्री राम से हो जाती है तो वह सुन्दर हो जाता है । इस काण्ड मेँ हनुमान को सीता के दर्शन होते है। सीताजी पराभक्ति है , जिसका जीवन सुन्दर होता है उसे ही पराभक्ति के दर्शन होते है ।संसार समुद्र पार करने वाले को पराभक्ति सीता के दर्शन होते हैḁ ब्रह्मचर्य एवं रामनाम का आश्रय लेने वाला संसार सागर को पार करता है । संसार सागर को पार करते समय मार्ग मेँ सुरसा बाधा डालने आ जाती है , अच्छे रस ही सुरसा है , नये नये रस की वासना रखने वाली जीभ ही सुरसा है। संसार सागर पार करने की कामना रखने वाले को जीभ को वश मे रखना होगा । जहाँ पराभक्ति सीता है वहाँ शोक नही रहता , जहाँ सीता है वहाँ अशोकवन है।

6. **लंकाकाण्ड** जीवन भक्तिपूर्ण होने पर राक्षसो का संहार होता है काम क्रोधादि ही राक्षस हैँ । जो इन्हेँ मार सकता है , वही काल को भी मार सकता है जिसे काम मारता है उसे काल भी मारता है , लंका शब्द के अक्षरो को इधर उधर करने पर होगा कालं । काल सभी को मारता है ḁ किन्तु हनुमान जी काल को भी मार देते हैँ । क्योँकि वे ब्रह्मचर्य का पालन करते हैँ पराभक्ति का दर्शन करते है ।

7. **उत्तरकाण्ड** इस काण्ड मेँ काकभुसुण्डि एवं गरुड संवाद को बार बार पढना चाहिए । इसमेँ सब कुछ है । जब तक राक्षस , काल का विनाश नहीँ होगा तब तक उत्तरकाण्ड मे प्रवेश नही मिलेगा । इसमेँ भक्ति की कथा है । भक्त कौन है ? जो भगवान से एक क्षण भी अलग नही हो सकता वही भक्त है । पूर्वार्ध मे जो काम रुपी रावण को मारता है उसी का उत्तरकाण्ड सुन्दर बनता है , वृद्धावस्था मे राज्य करता है । जब जीवन के पूर्वार्ध मे युवावस्था मे काम को मारने का प्रयत्न होगा तभी उत्तरार्ध - उत्तरकाण्ड सुधर पायेगा । अतः जीवन को सुधारने का प्रयत्न युवावस्था से ही करना चाहिए।